# हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

## आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता।

### 13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने उन चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

# नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

**कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी**



नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय शृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## खेल डायरी

### एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं



**दुबई, एजेंसी।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत: मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

### रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

### मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

### न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।

# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

## जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर



- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट शृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट शृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।

### शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

# भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

**रांची, एजेंसी**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट शृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई शृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

### गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा 10% जुर्माना

**बेंगलुरु, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

# तुर्की महिला कप: उप विजेता बनीं भारतीय टीम

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी**



भारतीय महिला फुटबॉल टीम का दक्षिण एशिया क्षेत्र से बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतने का सपना मंगलवार को टूट गया जब तुर्की महिला कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में कोसोवो ने इंजरी टाइम में गोल दागकर उसे हरा दिया। कोसोवा ने एर्लेटा मेमेटी (90+2) के गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की।

कोसोवो ने 4 देशों के इस टूर्नामेंट में अपने तीनों मुकाबले जीते और 3 मैच में 9 अंक के साथ टीम शीर्ष पर रही। कोसोवो का यह लगातार दूसरा खिताब है। फीफा रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद भारत 3 मैच में 6 अंक के साथ उप विजेता रहा। टूर्नामेंट में तीसरी बार हिस्सा ले रही भारतीय महिला फुटबॉल टीम का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की मनीषा कल्याण को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर चुना गया। कोसोवो ने पिछला मुकाबला नवंबर 2022 (स्लोवेनिया के खिलाफ 1-3 की हार) में गंवाया था और भारत के खिलाफ ड्रॉ से ही उसका खिताब पक्का हो जाता लेकिन टीम ने जीत दर्ज की। भारत ने हांगकांग के खिलाफ मैच के दौरान कार्तिका अंगमुथु की जगह संगीता बासफोर को मैदान में उतारा। भारत ने शुरुआत में ध्यान कोसोवो को रोकने पर दिया। पहले हाफ में भारत की सौम्या गोगुलोथ को मौका मिला। प्यारी शाशा ने गेंद को इंदुमति कथिरेसन की ओर बढ़ाया जिन्होंने डिफेंस को छकाते हुए गेंद सौम्या की ओर बढ़ाई। सौम्या को 6 यार्ड के बॉक्स में सिर्फ जेल्जा मेहमेती को पछाड़ना था लेकिन उनका शॉट सीधे गोलकीपर के हाथ में चला गया। कोसोवो के डिफेंस पर दबाव का भारत को फायदा मिला। प्यारी ने 38वें मिनट में अच्छा मूव बनाया लेकिन डोनजेता हालिलाज ने उसे नाकाम कर दिया। मनीषा ने इसके बाद फ्री किक पर लेकन मेहमेती ने गेंद को गोल में जाने से रोक दिया।




# वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर




फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

## अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

# यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल



फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9.6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3.25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26.15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8.70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2.3 करोड़ कमा सकी. लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।

# चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म



अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

## ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत



अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं. उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


# रामत्व का होगा प्रसार, बनाएंगे सबल समाज : बागड़ा

**संबोधन**

**विहिप के नवनिर्वाचित महामंत्री बोले- देशभर में एक लाख स्थानों पर कार्य का करेंगे विस्तार**

अयोध्या कार्यालय


पत्रकारों से बातचीत करते विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा व मौजूद अन्य।

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक मंगलवार को कार सेवक पुरम् में संपन्न हो गई। बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए षष्ठी पूर्ति वर्ष में संगठन के विस्तार की योजनाएं भी बनाई गईं।

विश्व हिंदू परिषद के नव निर्वाचित महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में देश-विदेश से पधारे प्रतिनिधियों ने अनेक विषयों पर चर्चा के साथ यह संकल्प लिया कि भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब हम संगठन, समाज और विदेशस्त हिंदुओं में रामत्व के प्रसार के साथ संस्कारित व सबल समाज की पुनर्स्थापना करेंगे।उन्होंने बताया इसके लिए विहिप के इस षष्ठीपूर्ति वर्ष के अंत तक देश भर में लगभग एक लाख स्थानों तक अपने कार्य का विस्तार करेगी। विहिप के महामंत्री ने कहा कि सेवा कार्यों का विस्तार, गौ रक्षा व गौ संवर्धन के साथ धर्मांतरण को रोकने व घर वापसी के कार्य को और गति देने के बारे में भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

विदेशों में बसे हिंदुओं के साथ संपर्क व समन्वय को और अधिक मज़बूत बना कर उनकी समस्याओं के यथोचित समाधान के लिए भी अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपनी कार्य योजना बताई। महामंत्री बागड़ा ने बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड सरकार का अभिनंदन करते हुए प्रन्यासी मंडल ने आशा व्यक्त की शेष राज्य भी एक सशक्त समान नागरिक संहिता लाएंगे। जिससे देशवासियों के बीच भेदभाव समाप्त हो कर सभी बच्चों व महिलाओं को समान अधिकार मिल सकें। धर्मांतरण रोकने के लिए कुछ राज्यों ने कठोर कानून बनाए हैं किंतु अन्य राज्य भी इस बारे में आगे बढ़े, इस बात पर भी प्रन्यासी मंडल ने चिंतन किया। उन्होंने बताया नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम जारी होते ही कार्यकर्ता पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धर्म आधारित उत्पीड़न का शिकार हिंदू जैन, सिख, बौद्ध बंधु भगिनियों की नागरिकता के संदर्भ में भी शीघ्रता के साथ कार्रवाई करें, ऐसा भी निवेदन हुआ।

### आलोक बने विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वर्तमान कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार निर्वाचित हुए। महामंत्री के रूप में वर्तमान संयुक्त महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा चुने गए। साथ ही विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री के रूप में वर्तमान महामंत्री मिलिंद परांडे और सह संगठन महामंत्री के रूप में विनायक राव देशपांडे की नियुक्ति को भी सदन ने स्वीकृति प्रदान की। प्रेसवार्ता में विहिप के नवनिर्वाचित अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

# अब विकास कार्य पकड़ेंगे रफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अधिनियम की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब अयोध्या के विकास कार्य और तेजी से होंगे। इस राज्य स्तरीय परिषद के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। इसके उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री होंगे। इसके कार्यपालक उपाध्यक्ष सरकार नियुक्त करेगी।

मंडल स्तर पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में नियोजन समिति होगी। इसमें मुख्य कार्यपालक सचिव के रूप में आईएएस अधिकारी संतोष कुमार शर्मा को तैनात किया जा चुका है। संतोष शर्मा के पास अयोध्या नगर निगम के नगर आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी है। समिति में एसएसपी, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त, मुख्य कार्यपालक अधिकारी छावनी परिषद, मुख्य नगर नियोजक, मुख्य अभियन्ता विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, उपनिदेशक राजकीय संग्रहालय के अलावा पर्यावरण विधि, सांस्कृतिक और इतिहास के जानकार, साहित्यकार व कलाकार, प्रख्यात विधिवेता, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता आदि रखे जाएंगे।उपनिदेशक सूचना डॉ.मुरलीधर सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव पर्यटन द्वारा पर्यटन की विकास परियोजनाओं के पर्यवेक्षण व अनुश्रवण का कार्य परिषद को दिया गया है। अयोध्या मंडल के अन्य जनपदों के पर्यवेक्षण अनुश्रवण कार्य उपनिदेशक पर्यटन द्वारा किया जाएगा। जनपद में स्थानीय स्तर पर संस्कृति व धर्मार्थ कार्य विभाग के समस्त परियोजनाओं का पर्यवेक्षण कार्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

**श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अधिनियम की अधिसूचना जारी, सीएम होंगे अध्यक्ष, नगर आयुक्त मुख्य कार्यपालक सचिव**

### इसलिए किया गया गठन

इस अधिनियम के अनुसार अयोध्या के महत्व को देखते हुये समस्त प्रकार की सांस्कृतिक, पारिस्थितिकीय व स्थापत्य संबंधी विरासत की सौंदर्यपरक गुणवत्ता को परिरक्षित करने, विकसित करने व अनुरक्षित करने, अयोध्या के किसी विभाग/स्थानीय निकाय/प्राधिकरण को अयोध्या क्षेत्र के विरासतीय संसाधनों को प्रभावित करने वाली या सम्भावित रूप से प्रभावित करने वाली किसी योजना, परियोजना या किसी विकासगत प्रस्ताव के संबंध में परामर्श व मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है।

**एक नजर**

### मेडिकल कॉलेज के नए भवन में भी आईसीयू

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के नए भवन के पांचवें तल पर भी आईसीयू की सुविधा शुरू कर दी गई है। अभी 12 बेड का वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा 5वें तल पर ही तीनों मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर भी शुरू कर दिए गए हैं। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि नए भवन में तीन ओपीडी पहले से ही चल रही थी।

### दुष्कर्मी को 10 साल की सजा, 1.20 लाख जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** एएनएम के दुष्कर्मी को कोर्ट ने 10 साल के कारावास से दंडित किया है। उस पर एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज यशपाल की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि उत्तराखंड निवासी एक युवती रौनाही थाना क्षेत्र के एक सीएचसी में एएनएम के पद पर तैनात थी। 27 अगस्त 2019 की रात बड़ागांव निवासी युवक इमरान उसके आवास पहुंचा और दुष्कर्म किया। घटना के समय से ही इमरान जेल में है।

### गंभीर चोट पहुंचाने में दो लोगों को 3 साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में कोर्ट ने दो लोगों को दोषी पाते हुए तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 6000 जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट कुलदीप सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। शहर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि घटना 13 मार्च 2013 की है। खंडासा थाना क्षेत्र के बलदेव तिवारी का पुरवा गांव में दरवाजा खोलकर अभियुक्त वादिनी की जमीन को कब्जा करना चाहते थे। वादिनी की बहू नेहा, पुत्री रेखा पोती लवली को मारापीटा था। इसकी रिपोर्ट शीतला प्रसाद व संतोष के खिलाफ हमला करने की धारा लिखाई गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले को गंभीर चोट पहुंचाने की धारा में परिवर्तित करते हुए सजा दी।

# एलएलबी परीक्षा में 70 नकलची पकड़े

## सर्वाधिक बाराबंकी के सिटी-लॉ कॉलेज में मिले, पहले दिन 719 ने छोड़ा एग्जाम

अयोध्या कार्यालय


परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी विषय की सेमेस्टर परीक्षा मंगलवार को दो पालियों में शुरू हुई। पहले दिन सचलदल की सघन तलाशी में 70 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए। सबसे ज्यादा बाराबंकी में पकड़े गए। इन छात्रों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई।

प्रथम पाली की परीक्षा में सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी में सचलदल की सघन तलाशी अभियान में 26 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़े गए। वहीं द्वितीय पाली की एलएलबी परीक्षा में अवध लॉ कालेज में 12, टीआरसी कॉलेज में 25, बीएनकेबी कॉलेज में पांच व टीएन पीजी कॉलेज में दो परीक्षार्थी नकल करते धरे गए। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय की एलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में शुरू हो गई है। इस परीक्षा में 29544 परीक्षार्थियों में से 719 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए सचलदल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण एवं सघन तलाशी कराई जा रही है।

### 2200 छात्रों ने दी 12वीं केमिस्ट्री की परीक्षा

**अयोध्या , अमृत विचार :** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा के तहत जिले में मंगलवार को 12 वीं कक्षा की केमिस्ट्री विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। सीबीएसई के जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले के लगभग 2200 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। नकल विहीन सीबीएसई की परीक्षा में गुरुवार को 12 वीं कक्षा की जियोग्राफी विषय की परीक्षा होगी। उन्होने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिले के 56 विद्यालयों के 10 वीं व 12 वीं के लगभग सात हजार विद्यार्थी इस वर्ष परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा के लिए बोर्ड की ओर से दिए गए दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

## 18 ग्राम सभाएं होंगी क्षयरोग मुक्त, 24 मार्च को होगी घोषणा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले की 18 ग्राम सभाएं क्षय रोग मुक्त होने जा रही हैं। सीएमओ द्वारा गठित की गई तीन सदस्यीय तीनों टीमों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि इसी संबंध में बुधवार को लखनऊ में बैठक भी होने जा रही है। 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के दिन ग्राम सभाओं के क्षय रोग से मुक्त होने की घोषणा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा बीमारी को अलविदा कहने वालों को प्रमाण पत्र वितरित कराया जाएगा। शामिल ग्राम सभाओं में मयाबाजार की ईसापुर, हैरिंग्टनगंज की रनापुर, अमानीगंज की कुदुर्खा कला, तारुन की बारा, बालापुर, बेलापुर, मैहर कबीरपुर, मिझौली किशनदासपुर, सफीपुर, ककराही, रामपुर अहिरौली, पुरुषोत्तमदासपुर आदि है।

# निधि की नृत्य प्रस्तुति ने मोह लिया दर्शकों का मन


रामकथा पार्क में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम कथा पार्क में सोमवार संध्या का आगाज लखनऊ के गुलशन चौधरी और कलाकारों के राम भजन से हुआ। मानस की चौपाइयां राम सिया राम जय जय राम गाकर सभी को विभोर कर दिया। अगली प्रस्तुति अनेश रावत के दल राम स्तुति पर कथक नृत्य से हुई। कलाकारों ने राम रावण युद्ध के प्रसंग को लंका कांड की चौपाइयों के साथ जब प्रस्तुत किया। उत्तराखंड के कलाकारों ने आशुतोष नौटियाल के निर्देशन में बधाई नृत्य प्रस्तुत किया। मोहिनी द्विवेदी और उनके साथी कलाकारों ने राम भजन प्रस्तुत करके श्रोताओं को अपने साथ नृत्य करने पर विवश कर दिया। मोहिनी द्विवेदी ने पारंपरिक सोहर प्रस्तुत किए। लखनऊ की निधि श्रीवास्तव के दल के कलाकारों ने शास्त्रीय और लोक नृत्यों के अनूठे प्रयोग से गणेश वंदना और शिव स्तुति की। अंतिम प्रस्तुति उज्जैन से आए लोकगुंजन दल की रही।

# लोक गायिका नीता गुप्ता के भजनों से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध


भजन प्रस्तुत करतीं भजन गायिका।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** सांस्कृतिक विभाग की ओर से चल रहे सांस्कृतिक उत्सव में मंगलवार को लोक गायिका नीता गुप्ता ने राम भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर वन गमन और फिर पुनः अयोध्या वापसी तक के बारह भजनों जन्म लिए चारों भईया अवधपुर बाजे बधाइयां, दशरथ दरबार आंगन मलनिया नाचे, आज प्रभु श्रीराम सीता का शुभ विवाह है ,आए गए रघुनंदन सजवा दो द्वार द्वार से उन्होंने मोह लिया। प्रयागराज की मोहिनी श्रीवास्तव की लोक गायन चला सखी देखा आई अजोधिया की नगरी.. राजा दशरथ जी के घरवा जन्मे ललनवा.. की प्रस्तुति दी। बहराइच के जसवीर ने रघुनंदन राघव राजा राम हरे सिया राम हरे सिया राम हरे..से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अयोध्या की साधना की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। असम की मानस कलिता कीर्तन, हरियाणा के राम अवतार बीन जोगी लोक गायन की प्रस्तुति भी भावपूर्ण रही। उत्तराखंड की चंचल रावत चपेली के घसियारी नृत्य की प्रस्तुति सभी को मनमोहक लगी।

## हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन को उमड़े श्रद्धालु


**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला का आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन-पूजन किया। अमृत विचार


दर्शन-पूजन के बाद मंदिर परिसर में डॉ. इंद्रेश कुमार व अन्य।

### एनआरसी से खुश है देश का मुस्लिम समाज : डॉ. इंद्रेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** एनआरसी से देश का मुस्लिम समाज बहुत खुश है। यह कानून सर्व समाज के विकास के लिए है। देश का मुसलमान अब किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है, बल्कि वे अब राष्ट्र का विकास करने वालों के साथ खड़ा रहेगा। यह बातें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अवध प्रांत प्रभारी डॉ. इंद्रेश कुमार ने मंगलवार को कहीं। वे मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ यहां रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे थे। राम मंदिर में दर्शन-पूजन से पूर्व उन्होंने राष्ट्रीय सद्भावना मंच और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के शाह मलंग प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में कहा कि आज देश का मुसलमान राममय हो चुका है। इस दौरान साध्वी कल्पना, चांदनी शाह बानो, डॉ. ताहिर शाह, प्रो. मोहम्मद अहमद, मुस्लिम धर्मगुरु सोनू बाबा वारसी अमरोही, जायदा बेगम शाह आदि मौजूद रहे।

**व्यवस्था** 128 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन से जांच के होंगे अलग-अलग रेट

# मेडिकल कॉलेज में अब सीटी स्कैन का देना होगा शुल्क

अयोध्या कार्यालय


मेडिकल कालेज में लगी 128 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन।

अमृत विचार : दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में हाल ही में स्थापित हुई अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन से जांच कराने के लिए मरीजों को जेब ढीली करनी पड़ेगी। 128 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन से जांच के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ेगा। मशीन का अभी संचालन न होने से शुल्क निर्धारित नहीं हो सका है, लेकिन बताया जा रहा है कि न्यूनतम चार्ज 500 रुपये से कम नहीं होगा।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन की मांग पर यूपी मेडिकल सप्लाई कॉर्पोरेशनकी तरफ से करीब चार करोड़ रुपये की 128 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन स्थापित कराई गई है। इसके साथ ही जनरेटर भी लगाया गया है जो बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद भी जांच जारी रखेगा। दावा किया गया है कि ऐसी सीटी स्कैन मशीन मंडल ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी नहीं है। मेडिकल कॉलेज में अभी 16 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन से रोजाना 40 से 50 जांचें निशुल्क होती हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल में भी लगी 32 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन से जांचें निशुल्क हैं, लेकिन अब मेडिकल कॉलेज में लगी नई सीटी स्कैन मशीन से जांच कराने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। मशीने से जांच करने वाले एक इंजीनियर ने बताया कि अमूमन एंजियो और कार्डियक के केस में 128 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन का सहारा लेना पड़ता है। बाकी के सभी केस 32 स्लाइड की मशीन में भी हो जाते हैं।

### दो माह बीतने को लेकिन अभी नहीं चली

पुराने भवन के भूतल में लगी सीटी स्कैन मशीन को एक बड़े आधुनिक कक्ष में लगाया गया है। मशीन को लगे दो माह से अधिक होने को है, लेकिन अभी तक इसका संचालन नहीं हो सका है। मरीजों को उम्मीद थी कि इसके संचालन से गंभीर मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

> 128 स्लाइड की सीटी स्कैन मशीन से जांच का चार्ज पड़ेगा। अगर शासन ने निशुल्क कर दिया तो अच्छी बात है। एआरबी से अनुमति मिलते ही मशीन का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। -**डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार**, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज।

# विकास का पैमाना होती हैं सड़कें : लल्लू

अयोध्या कार्यालय


परियोजनाओं का शिलान्यास करते सांसद लल्लू सिंह व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार :** पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में मंगलवार को आयोजित समारोह में सांसद लल्लू सिंह ने लगभग पांच करोड़ की लागत से निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। परियोजना में 30 से अधिक सड़कें, दो स्मारक व अन्य निर्माण शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। आवागमन की सुविधा होने से क्षेत्र में व्यापार की संभावनाएं बढ़ती है। सरकार के सर्वांगीण, सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है। इससे कोई व्यक्ति, वर्ग और को भूभाग छूट न पाए। इस अवसर पर नगर निगम के उपसभापति जय नारायण सिंह, संतोष सिंह, बृजेन्द्र सिंह, रणधीर सिंह, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला, लक्ष्मी सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कराएगा निर्माण कार्य

परियोजनाओं में चार करोड़ 10 लाख की लागत से नगर निगम, सोहावल, हैरिग्टनगंज व अमानीगंज ब्लॉक की 6-6सड़कें, मिल्कीपुर ब्लॉक में दो, मसौधा में 8 व पूराबाजार ब्लॉक की 7 सड़कों का निर्माण होना है। पूराबाजार में 33.75 लाख की लागत से गांधी स्मारक का निर्माण होना है। इसके अलावा भी कई योजनाएं हैं। सभी निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने किया बंदर की तेरहवीं का आयोजन

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पुराय में मंगलवार को ग्रामीणों द्वारा पूरे रीति रिवाज के अनुसार एक बंदर की तेरहवीं का आयोजन किया। बंदर की मृत्यु 14 फरवरी को हो गई थी। ग्रामीणों ने गांव के राम जानकी मंदिर परिसर में बंदर को समाधि दी। समाधि स्थल पर सुंदरकांड पाठ, हवन व भंडारा किया। किसान यूनियन प्रदेश सचिव दिनेश दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, विजय तिवारी, संजय शुक्ला, राजेश तिवारी, आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को एनीमिया के बारे में किया जागरूक



छात्रावास में जांच करते टीम के सदस्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव महिला छात्रावास में मंगलवार को विश्वविद्यालय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। विश्वविद्यालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चैधरी ने छात्राओं में एनीमिया के लक्षण का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें 50 से अधिक छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच कराई। छात्रावास वार्डन डॉ. महिमा चौरसिया भी मौजूद रहीं।

### बच्ची ने मामी को फोनकर बताया-मर गई मां

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक दहेज हत्या का मामला प्रकाश में आया है। वारदात की जानकारी बच्ची के अपनी मामी को फोन करने पर हुई। मायके वाले मौके पर पहुंचे तो विवाहिता दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकी मिली। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम बैसिंह निवासी रामनेवल तिवारी का कहना है कि उन्होंने बेटी रेखा तिवारी का विवाह 21 मई 2017 को सुमित शुक्ला पुत्र स्व. बद्री प्रसाद शुक्ला निवासी मोहल्ला शोलापुरी कोतवाली नगर के साथ किया था। विवाह के बाद से ही सुमित शुक्ला, सास निर्मला शुक्ला, ननद रेनू, मौसी इंदिरा (इंदू) व मौसा सुरेंद्र (मदन) आदि लोग दो लाख रुपये नहीं लाने पर जान से मार डालने की धमकी दे प्रताड़ित करते थे। नातिन अन्ना ने बहू उर्मिला को सोमवार रात कॉल कर बताया कि मम्मी मर गई। बेटी के शोलापुरी स्थित आवास पहुंचे तो देखा कि वह अपने कमरे में दुपट्टे से लटकी है। बेटी को षड्यंत्र कर मार डाला गया। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय का कहना है कि दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

# लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा कराएं

**बैठक**

- विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा में मंडलायुक्त ने दिए निर्देश, कसे अफसरों के पेच

अयोध्या कार्यालय



आयुक्त सभागार में मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त गौरव दयाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिन-जिन परियोजनाओं में मंडल की रैकिंग पिछड़ रही है, संबंधित अधिकारी उन पर फोकस करें। लंबित परियोजनाओं की निगरानी करते हुए जल्द से जल्द उन्हें पूर्ण कराएं। उक्त निर्देश मंडलायुक्त गौरव दयाल ने मंगलवार को दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा करते हुए अफसरों के पेंच कसे। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयुक्त सभागार में हुई बैठक के दौरान गौरव दयाल ने कहा कि क्योंकि यह वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है बजट आदि संबंधित समस्याएं नहीं होनी चाहिए।

मंडलायुक्त ने मंडल के जिलाधिकारियों से कहा कि मंडल के सभी तहसीलों में राजस्व वादों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए। सभी संबंधित तहसीलों में स्थानीय बार एसोसिएशन से समन्वय बनाते हुए महीने में अधिक से अधिक दिन तक कोर्ट चले। पुराने लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने उद्यान विभाग से पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन, पर्यटन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। स्थलीय निरीक्षण के लिए जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों की फिनिसिंग बेहतर ढंग से की जाए। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मानकों को पूर्ण करते हुए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता अस्पतालों में सुनिश्चित की जाएं। मंडल में लोनिवि के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी सड़कें और रास्ते पानी सप्लाई के पाइप के लिए खोदी जाएं, उन्हें ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही विभिन्न प्रकार की शिकायती संदर्भों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी बाराबंकी सतेन्द्र कुमार, सुल्तानपुर कृत्तिका ज्योत्सना, अम्बेडकर नगर अविनाश सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन अजयकांत सैनी, सीडीओ ऋषिराज, सीडीओ बाराबंकी ए सुथन, सीडीओ अंबेडकर नगर अनुराग जैन, सीडीओ सुल्तानपुर अंकुर कौशिक, सीडीओ अमेठी सूरज पटेल व संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद चंद्र जैन, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, एसएसपी अयोध्या राजकरन नैय्यर सहित मंडल के सभी एसएसपी उपस्थित रहे।

### इन योजनाओं की भी की समीक्षा

पंडित दीनदयाल स्ट्रीट लाइट योजना, विद्युत आपूर्ति ग्रामों का ऊर्जाकरण, कृषि विभाग, कृषि रक्षा रसायन, जल निगम, चिकित्सा व स्वास्थ्य की प्रगति, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, नई सड़कों का निर्माण, राज्यमार्गों का अनुरक्षण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, सौभाग्य योजना आदि विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# प्रॉपर्टी डीलर की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अयोध्या - रायबरेली मार्ग पर रखा शव

अयोध्या कार्यालय



सड़क पर शव रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते परिजन। अमृत विचार



हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में युवा प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हुई हत्या से भड़के ग्रामीणों और परिजनों ने मंगलवार सुबह मऊ शिवाला के पास शव रखकर अयोध्या - रायबरेली हाईवे जाम कर दिया। वो हत्या आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस-प्रशासन विरोधी नारेबाजी भी की गई। पुलिस ने मान-मनौव्वल कर 12 घंटे में गिरफ्तारी का आश्वासन देकर किसी तरह जाम खुलवाया। हत्याकांड को लेकर सोमवार से ही पनप रहा आक्रोश मंगलवार को हाइवे पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन हाईवे पर उतर आए। इसमें आसपास के लोग भी शामिल हो गए। करीब एक घंटे तक सड़क पर शव रख लोग प्रदर्शन और नारेबाजी करते रहे। जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर यातायात भी बाधित रहा।

> परिजनों की तहरीर पर कैंट थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से विवेचना की जा रही है। दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं जिनसे पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।
>
> **-मधुबन सिंह,** एसपी सिटी

### रविवार रात की गई थी गोली मारकर हत्या

अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मक्खापुर गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे पूराकलंदर थाना क्षेत्र ग्राम टोनिया, मऊयदुवंशपुर निवासी विशाल यादव (25) की रविवार मध्य रात्रि कैंट थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के पिता रामबली यादव की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया और दो संदिग्धों को हिरासत में भी ले लिया है। अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर लोग नाराज हैं। बताया गया कि पुलिस की ओर से 12 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के आश्वासन दिया है।

### 36 घंटे बाद भी गिरफ्तारी न होने से भड़का आक्रोश

मृतक के पिता की ओर से नामजद तहरीर दिए जाने के बाद 36 घंटे बाद गिरफ्तारी न होने पर लोग भड़क गए। लोगों और परिजनों का कहना है कि जब नाम दे दिए गए हैं तो पुलिस गिरफ्तारी क्यों नहीं कर रही है। आरोप है कि समय लंबा दिया गया तो आरोपित भाग भी सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक विशाल यादव बहुत सीधा और व्यवहार कुशल भी था।

# बराबरी पर छूटी 2. 40 लाख की कुश्ती

बड़ागांव, अयोध्या



पहलवानों का हाथ मिलवा कर कुश्ती की शुरुआत कराते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** एआईटी इंटर कॉलेज सोहावल के मैदान में मंगलवार से राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे बड़ी कुश्ती 2 लाख 40 हजार रुपये की रही। प्रतियोगिता में कई प्रदेशों के नामी पहलवान जोर आजमाइश के लिए यहां पहुंचे हैं। दिल्ली, हरियाणा, नंदनी नगर की महिला पहलवान भी प्रतियोगिता में शामिल हो रहीं हैं।

पहले दिन मोहम्मद जीशान अंबेडकरनगर व विक्रम यादव फिरोजाबाद के बीच 76 हजार और फरदील खान चिर्रा जगनपुर, सोनू पहलवान हरियाणा 51 हजार की बड़ी कुश्ती हुई। दंगल का आयोजन पूर्व पहलवान अदिल खान की ओर से किया गया है। शुभारंभ वरिष्ठ बसपा नेता समाजसेवी जावेद खान ने किया। इसके बाद थापा पहलवान काठमांडू, रिजवान गनी पहलवान जम्मू-कश्मीर की कुश्ती से पूरा मैदान तालियों गूंज उठा। इसके बाद 2 लाख 40 हजार की कुश्ती रामेश्वर यादव पहलवान भारत केशरी व जितेंद्र चौहान पहलवान पूर्वांचल केसरी में हुई। यह कुश्ती बराबर पर छूटी। फरहील खान, तारिक खान, एहरार खान, जयंत, एजाज खान आलम आदि मौजूद रहे।

### प्रदेशीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता छह से

**अयोध्या, अमृत विचार:** उप्र खेल निदेशालय के निर्देशन व क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता यहां डाभासेमर स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में छह मार्च से आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि छह दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 11 मार्च को होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों की सबजूनियर बालिका हॉकी टीमें प्रतिभाग करेंगीं।

## सार-संक्षेप

### किशोरियों की कहानी बयां करती दो पुस्तकों का विमोचन



विमोचन कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और किशोरियां। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** पानी संस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मंगलवार को किशोरियों की कहानी बयां करने वाली दो पुस्तकों हिलोर और स्पलैश का विमोचन मंगलवार को गोदवा बाग में हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था की वरिष्ठ कार्यकर्ता लीलावती, लेखिका रेखा और डॉ. प्राची के द्वारा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। संस्थान से जुड़ी सीमा और शिप्रा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया। रेखा और सलीला नायर ने किशोरियों की कहानी लिखने में अपने पूरे सफर को साझा किया। नन्दिनी के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. प्राची सिंह ने भी अपने विचार और भावनाओं को साझा किया। संचालन उदय तिवारी और निधि ने किया। परियोजना निदेशक जगदीश गिरी, विक्रम, विनीत, श्याम, सुधा, अंजलि, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

### वालीबॉल प्रतियोगिता में टीमों ने दिखाया दम



ब्लॉकस्तरीय प्रतियोगिता में पुरस्कृत विजेता और उप विजेता टीम। अमृत विचार

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** ब्लॉक के बसौढ़ी में नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला युवा अधिकारी सुधीर पाण्डेय के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई। वालीबॉल के पहले लीग में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से चार ने सेमीफाइनल खेला। फाइनल की विजेता टीम मस्तानसा स्पोर्ट क्लब और उपविजेता टीम हुनहुना स्पोर्ट क्लब को रामकिशोर अवस्थी ने सम्मानित किया। मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि इसके बाद जिला और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार यादव, कौशल यादव, सुरेश शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

### काकोरी के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते संस्थान के पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहीद उद्यान में मंगलवार को काकोरी के शहीदों के साथ चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पाण्डेय ने कहा कि भारत की आजादी के संघर्ष में शहीद चंद्रशेखर आजाद का योगदान अविस्मरणीय है। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष जफर इकबाल ने कहा कि संस्थान प्रत्येक बलिदानी के योगदान और उनके योगदान को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। संचालन संस्थान के सचिव विश्व प्रताप सिंह ने किया। कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान, जसवीर सिंह सेठी, विकास सोनकर, अंकित पाण्डेय, आदर्श सिंह, हर्ष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### हाईवे पर दो कारों में भिड़ंत, पांच घायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली मुख्यालय की कस्बा बाजार में मंगलवार दोपहर दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल अयोध्या घोसियाना निवासी आदिल, अरमान, शादाब, मेहरबान अहमद व अदनान को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां से दो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# राज्यसभा सांसद करेंगी प्रतियोगिता का उद्घाटन

अयोध्या कार्यालय



बुके देकर सांसद का स्वागत करतीं महिला मोर्चा की पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद महिला प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता को लेकर सांसद लल्लू सिंह ने मंगलवार को महानगर महिला मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आयोजक मंडल के सदस्य अनुप दुबे ने बताया कि एक मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह करेंगी। समापन बाल विकास एवं महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य करेंगी।

प्रतियोगिता मकबरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में किया जाएगा। एक से तीन मार्च के बीच आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी, खोखो, रस्साकशी, 100, 200, 400, 800 दौड़, 100 गुणा चार रिले, लांग जंप का आयोजन होगा। कबड्डी, खोखो, रस्साकशी के विनर को 15 हजार व रनर को 11 हजार रुपये दिए जाएंगे। लांग जंप व दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100 व तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये दिया जाएगा। बैठक में महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, अशोका द्विवेदी, बसंती सिंह, प्रतिमा शुक्ला, लक्ष्मी सिंह, यमुनोत्री केसरवानी, लक्ष्मी पांडेय, मंजू गुप्ता, नेहा तिवारी, नीलम जायसवाल, सीता सिंह सहित कई मौजूद रहीं।

# मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना जरूरी



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कार्यशाला में प्रतिभागी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में मंगलवार को सिफ्सा एवं एनएचएम के संयुक्त तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ. मुकेश पाठक ने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों ही प्रकार से संतुलित करता है। नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधित तथ्यों से जागरूक किया। डॉ. प्रज्ञा पांडेय ने तनाव व चिंता को मित्र व परिवार के साथ साझा करने की सलाह दी। संचालन डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पल्लव पांडेय द्वारा किया गया। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**कवायद** बड़े पशुओं में पीले व छोटे में बैंगनी कलर का लगाया जाएगा छल्ला, कोड से होगी पहचान

# सात लाख पशुओं की होगी जियो टैगिंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं से खेती और किसान को हो रहे नुकसान और सड़कों पर इनसे होने वाले हादसों को रोकने के लिए अब पशुओं की जियो टैगिंग कराई जाएगी।

जिले के करीब सात लाख पशुओं की जियो टैगिंग कराने का लक्ष्य पशुपालन विभाग ने रखा है। इसमें बड़े पशुओं में पीले और छोटे पशुओं को बैगनी कलर का छल्ला लगाया जाएगा। छल्ले पर कोड लिखा होगा, जिसमें पशुओं का पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। यदि कोई किसान पशुओं छुट्टा छोड़ता है तो छल्ले पर दर्ज कोड से उसकी पहचान भी कर ली जाएगी। पशु पालन विभाग पशुओं को अनुपयोगी साबित होने पर उन्हें बाहर छोड़ने, दुधारू पशुओं में तरह-तरह की होने वाली बीमारी को लेकर कवायद में जुटा है। पशुओं के इलाज के दौरान उन्हें पहले से कौन सी बीमारी थी इसका पता नहीं चल पाता था। जिसको देखते हुए पशुओं की जियो टैंगिग कराने की योजना तैयार की है।

### प्रत्येक पशु का होगा अलग अलग कोड

योजना के तहत हर पशुओं का अलग-अलग कोड रहेगा जो छल्ले पर दर्ज किया जाएगा। छल्ला पशुओं के कान में लगाया जाएगा। जिसमें बड़े पशुओं को बैंगनी और छोटे पशुओं को पीले कलर का छल्ला लगाया जाएगा। यह छल्ला ऐसे लगाया जाएगा ताकि कोई व्यक्ति उसे निकाल न सके। जब भी पशुपालन विभाग को पशु के बारे में पता करना होगा, छल्ले पर दर्ज कोड से पूरी जानकारी हासिल करने में मदद करेगा।

### घर - घर आंकड़ा जुटाएंगे कर्मचारी

पशु पालन विभाग के कर्मी पशु पालकों के घर जाकर पशुओं के बारे में पूरी जानकारी हासिल करेंगे। साथ ही पशुओं की फोटो भी लेंगे, उसके बाद उनकी जियो टैगिंग करेंगे जिससे अब पशुओं की पहचान करने में कोई मशक्कत नही करनी पड़ेगी। पशु कब पैदा हुआ, कब-कब उसे टीका लगा और कब वह बीमार रहा इसका पूरा रिकॉर्ड जियो टैगिंग में दर्ज किया जाएगा।



> करीब सात लाख पशुओं की जियो टैगिंग की जानी है। इसके तहत पशु के कान पर चिप युक्त छल्ला लगाया जाएगा। जिस पर कोड बना रहेगा। जब भी जरूरत होगी तो कोड के माध्यम से पशु के बारे में पूरी जानकारी ली जा सकेगी। शासन से छल्ला उपलब्ध होते ही जियो टैगिंग का कार्य शुरू हो जाएगा।
>
> **-जगदीश सिंह,** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

### आयुक्त बार एसोसिएशन का चुनाव 11 को

**अयोध्या, अमृत विचार:** आयुक्त न्यायालय बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव छह मार्च को होगा। आयुक्त बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष यशवीर सिंह ने बताया कि बार एसोसिएशन चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक मार्च को आयुक्त बार एसोसिएशन का बजट पेश होगा। छह मार्च को वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन, नाम वापसी व आपत्ति होगी। 11 मार्च को चुनाव होगा और उसी दिन मतगणना के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा होगी। चुनाव को लेकर अभी से तैयारियां तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशी वोट खींचने में जुट गए हैं।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण : एडीएम

## अपर जिलाधिकारी ने किया सीएम डैशबोर्ड की राजस्व के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की राजस्व समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वाणिज्य कर, स्टांप देय, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, धान क्रय, गन्ना मूल्य भुगतान, खनन, नगर पालिका और राजस्व कार्यों की समीक्षा किया।

जनवरी माह में जिन विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाई गई। उन विभागों को अपर जिलाधिकारी ने कड़ा निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लाया जाए। अन्यथा की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान धारा 24, 33, 34, 67, 80 और अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा किया। अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाए। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनमानस के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने कोर्ट पर नियमित रूप से सुनवाई किया जाए। जिससे लम्बित मुकदमों का ज्यादा से ज्यादा यथा शीघ्र निस्तारण हो सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित किया कि आइजीआरएस के मामले को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए और पोर्टल पर ससमय फीडिंग भी कराई जाए।



बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता व साथ में डीएसटीओ अनुपम सिंह।

### अधिकारी बैठक में करें जनता दर्शन

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक प्रत्येक दिन जनता दर्शन की सुनवाई किया जाए। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहें।

# जहांगीरगंज राजवाहा समेत 43 नहरों की टेल में पहुंचा पानी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जहांगीर गंज राजवाहा जनपद का सबसे बड़ा राजवाहा नहर है। इसकी कुल क्षमता 610 क्यूसेक है। जहांगीरगंज राजवाहा नहर चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर के किमी. 16.00 से निकलने वाली नहर 62.760 किमी. लंबाई और उससे निकलने वाली नहरें राजवाहा हंसवार की कुल लंबाई किमी. 13.200, राजवाहा कटार गढ़ कुल लंबाई किमी. 26.00, राजवाहा शंकरपुर लंबाई किमी. 8.800, राजवाहा शिवतारा लंबाई किमी. 12.100, राजवाहा मगनपुर लंबाई किमी.11.200 समेत राजवाहा जहांगीरगंज लंबाई किमी. 62.760 सहित जो जनपद का सबसे बड़ा राजवाहा माना जाता है। इससे जुड़ी 43 नहरों समेत जहांगीरगंज राजवाहा नहर टेल फीड कर पानी पहुंचाया गया है। जहांगीरगंज राजवाहा नहर के टेल भाग में पानी पहुंचाया गया। जिससे उक्त समस्त नहरों से जुड़े कृषक बंधु के खेतों की सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जहांगीरगंज राजवाहा नहर प्रणाली से जुड़े कृषक बंधु सिंचाई कर रहे हैं। रबी फसल 1431 के लिए वांछित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे नहर के आस पास जुड़े कृषक बंधु के खेतों में फसल लहलहा रही है

## एक नजर

### एएसपी ने फरियादियों की सुनीं जन समस्याएं

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक श्याम देव (पूर्वी) ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया। उन्होंने जन समस्याओं को सुनकर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान एएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। उन्होंने साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर पुलिस ने तीन लोगों को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्य, हेड कांस्टेबल मोहम्मद रईस और उमाकांत ने नगर के उर्दू बाजार कच्चा पुल नदी के पास से बदरे आलम उर्फ नन्हें निवासी काजीपुरा, महबूब आलम निवासी काजीपुरा और कमरुद्दीन निवासी रन्नु का पूरा कोतवाली जलालपुर को तीन अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

### तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** दलित युवक का मजाक उड़ाना व मारपीट करना तीन लोगों को महंगा पड़ गया। मालीपुर पुलिस ने दलित अभिषेक कुमार के साथ गाली-गलौज और मारपीट के मामलें में अभय सिंह निवासी गुवावा जमालपुर, सचिन यादव निवासी बीबीपुर व राजन निवासी धवरूवा के खिलाफ अनुसूचित जाति और जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। रामपुर दुबे गांव निवासी अभिषेक ने रविवार को बाल कटवाने के लिए धवरूवा बाजार गया हुआ था। इस दौरान तीनों आरोपी उस का मजाक उड़ाने लगे और विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए लात घूसों से पिटायी कर दी। एसओ मालीपुर प्रियंका पांडेय ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### अकबरपुर डिपो को मिलेंगी छह नई बसें

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर डिपो को जल्द ही 6 नई बसें मिलने वाली हैं। इन बसों के मिलने से अकबरपुर डिपो के बेड़े में 71 बस हो जाएगी। जिससे यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। इन बसों को बेड़े में शामिल हो जाने के बाद वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ तक की यात्रा करने में यात्रियों को आसानी होगी। अकबरपुर डिपो के बेड़े में मौजूदा समय में 65 बस है। एआरएम अकबरपुर ने बताया की जल्द ही 6 नई बसें अकबरपुर डिपो को मिलेगी। जिसमें यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सोमवार को समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश यादव देवा के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत सपा नेता ने कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान का भरोसा दिलाया है। सपा नेता दिनेश यादव देवा को सपा लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके उपरांत सोमवार को प्रथम जनपद आगमन पर सपा नेता प्रदुम्न यादव बबलू, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजबहादुर यादव, सपा नेता रामसुरेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आलापुर : बरात में आए बोलेरो ने दो लोगों को कुचला, गई जान

## राजेसुल्तानपुर के धारुपुर धुसवा गांव में द्वार पूजा के पूर्व रोड लाइट उठाते समय हुआ हादसा

- तीन अन्य लोग घायल, घटना से मृतकों के घरों पर मचा कोहराम

आलापुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राजेसुल्तानपुर के धारुपुर धुसवा गांव में द्वारचार के पूर्व रोड लाइट उठा रहे एक किशोर और एक युवक को बरात में आए बोलेरो कार ने रौंद दिया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में एक नवयुवक ने तो दूसरे किशोर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। बोलेरो की चपेट में आने से तीन अन्य लोग भी घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मृतकों के घरों पर कोहराम मच गया। शादी की खुशियां क्षण भर में मातम में बदल गई।

थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर के धारुपुर धुसवा गांव निवासी अनिल चतुर्वेदी के घर पर सोमवार को लड़की की शादी थी। शाम को लगभग साढ़े आठ बजे द्वारचार की तैयारियां हो रही थी। बरात में रोडलाइट और रथ भी आया था। बताया जाता है कि बगल के गांव लालमनपुर निवासी अमित निषाद पुत्र जोखन उम्र लगभग 16 वर्ष और अमित वर्मा पुत्र शेषनाथ उम्र लगभग 19 साल बरात में रोडलाइट सिर पर उठाए थे। इसी दौरान बरात आयी एक बोलेरो ने अनियंत्रित गति से किनारे खड़े रोडलाइट मजदूरों को टक्कर मार दिया। जोरदार आवाज के साथ बोलेरो मजदूरों को रौंद दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। बोलेरो ने अमित निषाद और अमित वर्मा को अपनी चपेट में लेते हुए दोनों को लगभग पचास मीटर तक घसीटा, जिससे दोनों की टांगे कट गई। बोलेरो की चपेट में आने से शनि निषाद समेत दो तीन अन्य लोगों को भी चोटे आयीं हैं। घटना के बाद चालक बोलेरो छोड़कर फरार हो गया।



अमित निषाद (फाइल फोटो)



अमित वर्मा (फाइल फोटो)



रोते बिलखते अमित वर्मा के परिजन। अमृत विचार

### बोलेरो में मिलीं शराब की बोतलें

बोलेरो में शराब की बोतलें मिलीं हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नशे की हालत में चालक ने बोलेरो को मजदूरों पर चढ़ा दिया। घटना के बाद बारात में चीख-पुकार मच गई। बुरी तरह घायल अमित निषाद और अमित वर्मा को परिजन और ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए आजमगढ़ जनपद ले जाया गया। जहां पर अमित निषाद ने रास्ते में महराजगंज के पास दम तोड़ दिया। वहीं, अमित वर्मा ने रात में ही अस्पताल में ही इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल आजमगढ़ में किया गया।

### थानाध्यक्ष बोले

थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि बोलेरो को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक अमित वर्मा के पिता शेषनाथ की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में चार युवकों पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** परीक्षा देकर घर जा रही छात्रा से दिनदहाड़े छेड़खानी मारपीट करने वाले चार युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। किशोरी छात्रा का बयान और मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया की जा रही है। घटना थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्रकरण बीते सोमवार का है। छात्रा परीक्षा देकर साइकिल से घर जा रही थी। घर से पहले सुनसान सड़क पर पहले से घात लगाए चार युवक खड़े थे। जैसे ही वह इन युवकों के समीप पहुंची एक ने उसका दुपट्टा खींच लिया। छात्रा सड़क पर गिर पड़ी तो सभी युवकों ने छेड़खानी शुरू कर दिया। छात्रा के विरोध पर उसे अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। दिनदहाड़े हुई इस घटना से छात्रा भयभीत हो गई। आरोपी युवक कुछ राहगीरों को आता देख भाग खड़े हुए। घर पहुंच छात्रा ने परिजनों को आप बीती बताई। थाना पहुंच छात्रा ने पुलिस को चार युवकों के खिलाफ तहरीर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को शाम तक हिरासत में ले लिया। छात्रा की तहरीर पर छेड़खानी करने वाले ताहापुर गांव निवासी विनीत, जगतूपुर निवासी अनमोल, रजत और कल्लू के खिलाफ पास्को, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सड़क गड्ढे में तब्दील, राहगीर परेशान

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बरियावन पट्टी मुख्य मार्ग पर सुलतानगढ़ बाजार के समीप तमसा नदी पर बने हुए पुल के उत्तरी छोर पर सड़क के बीचों-बीच बना हुआ गड्ढा कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। विगत एक पखवाड़े से सड़क के बीच में यह गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है। स्थानीय संतराम मौर्य, संतोष, बसंत लाल, अशोक प्रजापति आदि ने बताया कि इस मार्ग पर हमेशा आने-जाने वालों की भीड़ रहती है। रात्रि के समय बस्ती से चलकर शाहगंज, जौनपुर की तरफ जाने वाले बड़े वाहन भी इस रास्ते से गुजरते हैं। जिसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उक्त लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस गड्ढे को शीघ्र भरने की मांग की है। जिससे किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके।



तमसा नदी पर बने हुए पुल के उत्तरी छोर पर सड़क के बीचों-बीच बना हुआ गड्ढा।

### पीड़िता की शिकायत पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बहन की शिकायत पर पुलिस ने मौसेरे भाई के खिलाफ आईटी एक्ट आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। मामला जलालपुर कोतवाली के एक गांव का है। आजमगढ़ जनपद के कप्तानगंज थाना के खलीफतपुर निवासी सरवन कुमार की मौसी की शादी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई है। रिश्ते की वजह से सरवन कुमार यहां अक्सर आता जाता रहता था। इसी दौरान मौसेरे भाई ने अपनी मौसेरी बहन का कुछ अश्लील फोटो खींच लिया। जब मौसेरी बहन का विवाह तय हुआ तो मौसेरे भाई ने पहले खींचे गए अश्लील फोटो को उसके होने वाले ससुरालीजनों के मोबाइल पर भेज दिया। जिसकी वजह से उसकी शादी टूट गई। दोनों परिवारों के बीच हुई पंचायत में मौसेरी लड़के ने अपनी गलती स्वीकार कर ऐसी हरकत दोबारा नहीं करने को कहा। इस बीच सप्ताह भर पहले इसी अश्लील फोटो को मौसेरे भाई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया था। जिससे मौसी का परिवार शर्मसार हो गया था। पीड़िता कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने मौसेरी बहन की तहरीर पर आजमगढ़ जनपद के कप्तानगंज थाना के खलीफपुर निवासी सरवन कुमार के खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जलालपुर तहसील में दर-दर की ठोकरे खा रहे फरियादी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** वादकारिओं को समय से न्याय न मिलना तहसील अधिकारियों पर कई तरह के सवाल पैदा करते है कि इन अधिकारियों में या तो दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी है या फिर कार्य करने के तौर तरीके नहीं है। जिससे न्याय पाने में वादकारिओं के कई पुश्ते बीत जाती हैं, मगर उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है। यह हाल है जलालपुर तहसील का। तहसील में प्रतिदिन सैकड़ों लोग न्याय पाने के लिए चक्कर लगाते हैं लेकिन न्याय मिलना आसान नहीं होता है। न्याय पाने के लिए लोगों को तमाम रुपये खर्च करने पड़ते हैं। अधिकारियों से लेकर अधिवक्ताओं, नेताओं व थाने के चक्कर लगाता है, फिर भी न्याय नहीं मिलता है। इसी कड़ी में नगर के जमालपुर चौराहे पर स्थित निशा सोनकर का है जो अपने ही जमीन पर और अपने पुराने जर्जर मकान को गिराकर दूसरा मकान बनवाना चाहती है, लेकिन अपने मकान को दबंगों के दबंगई के सामने नहीं बना पा रही है, जबकि सभी अधिकारी से लेकर पुलिस पब्लिक सब जान रही है लेकिन पीड़िता को न्याय नहीं मिल पा रहा है और अधिकारियों का चक्कर लगा रही है। इसी तरीके से कटघर मूसा निवासी सलमान अपने मिले आवासीय पट्टे पर निर्माण नही कर पा रहा है। जब भी निर्माण करना चाहता है तो उसे विपक्षी निर्माण करने से रोक देते है। ऐसे एक दो नहीं हजारों की संख्या में मामले हैं, जिनको न्याय नहीं मिल पा रहा है, दिनभर थाना कचहरी का चक्कर लगाते रहते है।

### ओवरलोड ट्रकें जाम का बन रही कारण, लोग परेशान

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** गन्ने से लदी हुई ओवरलोड ट्रकें जाम का कारण बन रही हैं। अकबरपुर-बसखारी मुख्य मार्ग पर स्थित बरियावन बाजार में अक्सर शाम के समय जाम की समस्या से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। जहां एक तरफ बाजार के अंदर सड़क के चैड़ीकरण का काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ ओवरलोड ट्रैकों के कारण आधे बाजार से लेकर चैराहे तक भीषण जाम से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारी संतोष गुप्ता, राजेश, सत्य प्रकाश आदि ने बताया कि चैराहे पर अस्थाई रूप से पुलिस व्यवस्था होने पर ही इस समस्या से कुछ हद तक छुटकारा मिल सकता है।



अकबरपुर-बसखारी मुख्य मार्ग पर से गुजरतीं गन्ने से लदी ओवरलोड ट्रक।

# तहजीब की जुबान है उर्दू : असलम खान



परीक्षार्थी को डिप्लोमा सार्टिफिकेट देते हुए शिक्षक मोहम्मद असलम खान।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में एमएचएन स्कूल सुल्तानपुर कबीरपुर के स्टडी सेंटर में एक वर्षीय उर्दू डिप्लोमा कोर्स के सर्टिफिकेट का वितरण समारोह पूर्वक किया गया। समारोह की अध्यक्षता जमाल अख्तर खान और संचालन मंसूर अहमद ने किया।

कार्यक्रम में सितारे उर्दू अवॉर्ड से सम्मानित मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू तहजीब की जुबान है, जिसने हिंदुस्तान की गंगा जमुनी तहजीब को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। उसके खूबसूरत अल्फाज दिल से निकल कर दिल की गहराइयों तक पहुंच जाते हैं। जमाल अख्तर खान ने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि उर्दू भाषा को सीखने वालों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने कहा कि भाषाएं हमारे बीच की दूरियों को कम करती हैं। साथ ही एक दूसरे को समझने का माध्यम बनती हैं। इस मौके पर 50 परीक्षार्थियों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स सार्टिफिकेट मुख्य अतिथि मोहम्मद असलम खान ने वितरित किया। इस मौके पर माधुरी देवी, गायत्री, अलाउद्दीन, रिजवान अहमद, तरन्नुम जहां, संतोष कुमारी, शिवांगी और अन्य मौजूद थे।

# सरकार देगी किसानों को सोलर पंप

- पीएम किसान योजना के तहत किसानों से 28 फरवरी से मांगा गया है आवेदन
- किसानों को सब्सिडी के साथ 2 एचपी से 10 एचपी का दिया जाएगा सोलर पंप

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप दिया जाएगा। सोलर पम्प के लिए किसानों को आगामी 28 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। किसानों को दो एचपी से 10 एचपी तक के सोलर पंप दिया जाएगा। किसानों को सोलर पंप पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ पा सकेंगे।

उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि किसानों के हित में संचालित प्रधानमंत्री किसान उर्जा, सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम योजना पर साइड से अनुदान पर सोलर पम्प दिए जाएंगे। इसके लिए किसानों को 28 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों को 3 एचपी के सोलर पम्प, 5 एचपी के सोलर पंप, 7.5 एचपी के सोलर पम्प,10 एचपी के सोलर पंप दिए अनुदान के साथ दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन जनरेट के उपरान्त टोकन मनी के रूप में पांच हजार रुपए ऑनलाइन जमा करना होगा। कृषकों को चालान के माध्यम से अवशेष कृषक अंश की धनराशि एक सप्ताह के अंदर ऑनलाइन टोकन जनरेट कर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में और ऑनलाइन जमा करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर कृषक का चयन स्वतरू निरस्त हो जाएगा और टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जाएगी।




कृषि भवन अंबेडकरनगर।

## महिलाओं को पंपलेट बांटकर उनके हक की दी जानकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना बेवाना से महिला कांस्टेबल रुमा द्वारा रामपुर सकरवारी में और थाना जलालपुर से महिला हेड कांस्टेबल संगीता द्वारा स्थान जमालपुर चौराहा पर व थाना सम्मनपुर से हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह, महिला कांस्टेबल रीना चैहान द्वारा और थाना महरुआ से महिला कांस्टेबल रूबी मौर्या, हेड कांस्टेबल दीपक सिंह, उप निरीक्षक सूर्यमणि शुक्ला द्वारा स्थान महरुआ बैंक में और थाना कोतवाली टांडा से महिला कांस्टेबल जागृति पांडेय, महिला होमगार्ड गायत्री देवी द्वारा हनुमानगढ़ी में महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

**मौका** बसखारी ब्लॉक के हाजी अब्दुल्ला महिला पीजी कॉलेज में रोजगार मेले का किया गया आयोजन

# रोजगार मेले में 126 अभ्यर्थियों में से 82 का हुआ चयन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के हाजी अब्दुल्ला महिला पीजी कॉलेज परिसर सुल्तानपुर कबीरपुर विकास खंड बसखारी में कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा रफत एजाज और कौशल विकास मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। जनपद के कैम्पस हाजी अब्दुल्ला महिला पीजी कॉलेज सुल्तानपुर कबीरपुर विकास खंड बसखारी में इस रोजगार मेले का आयोजन कराया गया है। जिसमें 126 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और उसमें से 82 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिला कौशल प्रबंधक द्वारा सभी से अनुरोध किया गया कि जनपद में इसी प्रकार से हर एक विकास खण्डों में रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है और उस रोजगार मेले में जो प्रशिक्षित लाभार्थी है वो अधिक से अधिक प्रतिभाग करे, ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।



रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ मौजूद अभ्यर्थी।

### बेरोजगारों को उपलब्ध कराया जा रहा है रोजगार

जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन ने उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पुरुषों के लिए 15 से 35 आयुवर्ग और महिलाओं के लिए 15 से 45 आयुवर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन परिवार के युवाओं को निशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हे आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना और आर्थिक दृष्टि से स्वालम्बी बना कर कुशल श्रम शक्ति में सम्मिलित करना है। प्रदेश सरकार द्वारा भी शिक्षित बेरोजगार युवकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराना है।

### ग्राम प्रधान ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

**मालीपुर, अंबेडकरनगर।** मालीपुर ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान माया देवी ने मालीपुर चौराहे पर स्थित गैगहट के निकट शौचालय का निर्माण कराए जाने के लिए जलालपुर तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी अविनाश सिंह को दिया था। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया था। अधिशाषी अभियंता ने अपनी जांच आख्या में पिंक शौचालय के लिए प्रस्तावित स्थान को मालीपुर-जलालपुर-रामगढ़ रोड के एक किमी. पर स्थित बताया है। अधिशासी अभियंता द्वारा प्रस्तावित स्थान को गलत जगह पर दर्शाकर डीएम को भ्रामक रिपोर्ट दी गई है। शौचालय का निर्माण अधर में पड़ गया है। ग्राम प्रधान माया देवी ने डीएम अविनाश सिंह से अधिशासी अभियंता द्वारा भ्रामक रिपोर्ट देने के आरोप में कार्यवाही किए जाने की मांग किया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कप्तान सोनकर अंकित है जो सही है। लेकिन मेरे पासपोर्ट (एल 9714780) में मेरा नाम त्रुटिवश सिर्फ कप्तान अंकित है जो गलत है। मेरा सही व पूरा नाम कप्तान सोनकर होना चाहिए, जो सही है। कप्तान व कप्तान सोनकर एक ही व्यक्ति का नाम है। **कप्तान सोनकर पुत्र धनीराम सोनकर निवासी ग्राम भुडकुड़ा पोस्ट रूपईडीह थाना इटियाथोक जिला गोंडा।**

**सूचना**

मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर 134 डीएमयू वास्तव में कहीं खो गया है। **गनेशराम यादव पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बधुईया थाना सैफई जनपद इटावा**

**सूचना**

सूचित हो मैं मो0 फैज़ पुत्र सैय्यद मो0 हसीब निवासी BN/198 माल गोदाम रोड मुनीराबाद, बाराबंकी ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर सैय्यद मो0 फैज़ रख लिया है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 634 जोड़ियों की हुई शादी, 58 का पढ़ाया निकाह

## समाज कल्याण विभाग ने आयोजित किया सामूहिक विवाह समारोह

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को समाज कल्याण विभाग की तरफ से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहर के एक निजी मैरिज लान में आयोजित समारोह में 634 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए, जबकि अल्पसंख्यक समुदाय के 58 जोड़ियों का निकाह पढ़ाया गया। इस समारोह में कुल 692 निर्धन कन्याओं की शादी करायी गयी। सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा, पीडी चंद्रशेखर, जिला कृषि अधिकारी जगदीश यादव, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष सोनी व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने नव दंपतियों को आशिर्वाद देकर उन्हे सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामना दी।

शहर के सद्भावना चौकी के समीप स्थित एक निजी मैरिज लॉन में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 900 निर्धन कन्याओं का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया था। इसके लिए जिले के सभी 16 ब्लाकों


सामूहिक विवाह समारोह में शामिल दंपति। अमृत विचार

के आवेदकों को बुलाया गया था इस लक्ष्य के सापेक्ष समारोह में कुल 692 निर्धन कन्याओं की शादी करायी गयी। इसमें 634 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए और एक दूजे का साथ निभाने की कसम खायी।

वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के 58 जोडियों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह पढ़ाया गया। सामूहिक विवाह योजना में शामिल होने वाले नव दंपतियों को सरकार की तरफ से 10 हजार रूपये का सामान जिसमे डिनर सेट, साड़ी, पैन्ट - शर्ट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर व चांदी की पायल बिछिया उपहार के रूप में दिया गया।


विवाह समारोह में सेल्फी लेती महिला। अमृत विचार

## एक नजर

### पीएम किसान निधि वितरण का आज होगा प्रसारण

**मसकनवा, गोंडा :** पीएम किसान सम्मान निधि वितरण समारोह का आयोजन ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को किया जायेगा। बीडीओ ओम प्रकाश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त के वितरण के उपलक्ष्य में समारोह का सीधा प्रसारण विकासखंड छपिया के परिसर में सुबह 10 :00 बजे किया जायेगा। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित जन प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में मोतियाबिन्द के 42 मरीज मिलें

**परसपुर, गोंडा।** कम्पोजिट विद्यालय डेहरास में मंगलवार को नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजन जिला अंधता निवारण समिति द्वारा आयोजित किया गया। जीवन दीप चिकित्सालय के डाक्टर पी .के .श्रीवास्तव एवं उनके सहयोगी डाक्टर विनोद कुमार सिंह द्वारा 105 मरीजों के आंख का परीक्षण किया गया। जिसमें 45 मरीजों के आंख में मोतियाबिंद की शिकायत पायी गई। बाकी मरीजों को नि :शुल्क चश्मा, दवा देकर शुगर एवं ब्लडप्रेशर की जांच कर उनको घर भेज दिया गया। विद्यालय के अध्यापक अमरजीत सिंह एवं सुशील जायसवाल द्वारा मरीजों के लिए कुर्सी एवं बैठने की व्यवस्था की कराई गयी। मरीजों को जलपान एवं फल की ब्यवस्था प्रधान प्रतिनिधि डेहरास अभिषेक सिंह द्वारा किया गया तथा मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की गयी।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**गोंडा :** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के धानेपुर- दतौली मार्ग पर मंगलवार को सड़क हादसे में एक बाइक सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दत्त नगर के मजरा बूढ़ी बगिया का रहने वाला 18 वर्षीय किशोर प्रदीप वर्मा पुत्र रमेश वर्मा आनंद नगर कस्बे में मैकेनिक का काम सीखता है। बताया जाता है कि वह रामनगर बाजार से कुछ सामान लाने के लिए बाइक से गया हुआ था। वापस लौटते समय भौकहवा के निकट संचालित एक निजी कॉलेज के सामने पहुंचा था। तभी दुर्घटना का शिकार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक ट्रक के नीचे आ गई। जिससे वह चकनाचूर हो गई। इस दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिससे दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची धानेपुर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया। बताया जाता है कि हालात की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक प्र घायल हुआ है। उसका उपचार चल रहा है।

# समय से कार्य पूरा न होने पर कार्यदायी संस्था पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाती है अतः कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा करें। देर से निर्माण पूरा करने पर शासकीय धन की क्षति होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो निर्माण कार्य मामूली सी कमी होने के कारण शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहे है। उन सभी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जो कमी है उसे तत्काल पूरा कर कर सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर किया जाए।


निर्माण कार्य की समीक्षा करती डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

बैठक में मुख्य एक्सईएइएन सीडी 02, ग्रामीण अभिन्यंत्रण विभाग, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित क्वालिटी मैनेजर का वेतन रोका

गोंडा कार्यालय

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**

- जिलाधिकारी ने सीएचसी अधीक्षक इटियाथोक को चेतावनी जारी करने के निर्देश
- खराब प्रगति होने पर जेई का वेतन रोकने के निर्देश

**अमृत विचार।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षक सीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति होने पर जेई का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही सीएचसी अधीक्षक इटियाथोक को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में अनुपस्थित रहने पर क्वालिटी मैनेजर डॉक्टर सुशील का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं।

जिला अस्पताल एवं सीएचसी केन्द्रों में मैनपावर संस्था के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की सप्लाई करने के लिए एक माह का समय दिया गया था परन्तु बार-बार कहने के बाद भी उपरोक्त संस्था द्वारा समय से मैनपावर की तैनाती न करने के कारण जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि मैनपावर संस्था मयंक एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली, सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसीएमओ डॉक्टर आदित्य वर्मा, सीएमएस महिला अस्पताल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉक्टर आरपी सिंह, डीपीएम अमरनाथ, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ई- मशीन में नेटवर्किंग समस्या राशन कार्ड धारक लगा रहे दौड़

गोंडा कार्यालय

**परेशानी**

- सर्वर में गड़बड़ी की बात कह कर लाभार्थियों को दौड़ाते हैं कोटेदार



**अमृत विचार।** खाद्यान्न वितरण में नेटवर्क बड़ी समस्या बन रहा है। लाभार्थी कोटे की दुकान पर पहुँचते हैं, जब अंगूठा लगाते हैं तो कोटेदार सर्वर ना होने की बात कह कर वापस कर दे रहे हैं।

नेटवर्क ना होने से खाद्यान्न वितरण में काफी समस्या आ रही है। जिले में 1393 कोटेदार प्रत्येक माह खाद्यान्न का वितरण करते हैं। खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता व कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से मशीन के माध्यम से वितरित किया जाता है, लेकिन इस समय खाद्यान्न वितरण के दौरान सर्वर की बड़ी समस्या देखी जा रही है। विकासखंड पंडरी कृपाल के बनिया गांव में राशन लेने गए राम रूप ने बताया कि खेती किसानी का भी समय चल रहा है। किसी तरीके से टाइम निकाल कर जब वह कोटे की दुकान पर पहुंचे और मशीन पर अंगूठा लगाए तो कोटेदार ने बताया कि नेटवर्क नहीं है। अंगूठा नहीं लग पा रहा है, उनको वापस घर आना पड़ा।

उन्होंने बताया कि 2 दिन से हुए कोटेदार के घर का चक्कर लगा रहे हैं तीसरे दिन किसी तरीके से खाद्यान्न मिल सका है। वहीं झंझरी ब्लॉक के गरीबी पुरवा के लाभार्थी तेज ने बताया कि जब भी कोटेदार के घर जाओ तो अक्सर कोटेदार द्वारा नेटवर्क ना होने की बात कह कर वापस कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह तमाशा हर महीने होता है। काम धंधा छोड़कर 5-6 बार कोटे की दुकान पर जाओ तब जाकर खाद्यान्न मिल पा रहा है। ई-पास मशीन में नेटवर्क की समस्या को लेकर कई बार कोटेदारों ने भी पूर्ति विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी लेकिन कोई इसका ठोस निराकरण नहीं मिल पाया है।

जनपद में करीब छः लाख अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरित किया जाता है, लेकिन सर्वर की समस्या हर बार हो रही है। जिस कंपनी की मशीन से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। कंपनी के इंजीनियर तो जिला मुख्यालय पर रहते हैं। लेकिन कोटेदारों की शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। कभी-कभी सर्वर न होने के सजा कोटेदारों को भी मिलती है, कुछ दुकानदारों से राशन कार्ड धारक लड़ाई झगड़ा भी करने लगते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि कभी-कभी नेटवर्क की समस्या आती है।

सर्वर न होने की बात पूर्व के माह में कोटेदारों द्वारा बताई गई थी। लेकिन इस बार अभी कोई शिकायत नहीं आई है। वितरण हो रहा है यदि ऐसा है तो जांच कर कर कंपनी के इंजीनियर से नेटवर्किंग व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में वितरण किया जा रहा है।

# पुल की टूटी रेलिंग सही करने की मांग

**गोंडा।** नहर विभाग के पुल की रेलिंग टूटी हुई है जिससे आने जाने वालों को दुर्घटनाग्रस्त हो जाने का खतरा है। ग्रामीणों ने नहर विभाग से ईट की बनी रेलिंग को सही करने की मांग की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत केवलपुर तीर मोहनी पुल से धालोनी बाजार को जाने वाली नहर की पटरी पर बनी सड़क राम छवि पुरवा के पास नहर विभाग द्वारा बनाए गए पुल की ईंट की रेलिंग टूटी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार इसे सही करने की मांग की लेकिन जिम्मेदार उसे पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों में सूर्य नारायण, विनय, अजय, संकटा मिश्रा, अभिषेक आदि लोगों ने कहा है कि यदि पुल की रेलिंग को सही नहीं कराया गया तो लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## सार-संक्षेप

### भारत रत्न नानाजी को दी गई श्रद्धांजलि


राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नाना जी देशमुख को श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

**गोंडा :** भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर स्थानीय दीनदयाल शोध संस्थान गांधी पार्क स्थित सभागार में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक जयदीप ढोढ़ियाल ने कहा कि भारत रत्न नाना जी ने स्वावलंबन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कार के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। गोरखपुर में पहले सरस्वती विद्या मंदिर की स्थापना की थी जिसकी आज देश भर में 30000 से ज्यादा शाखाएं हैं। जिसमें बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षित बनाने का कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य हनुमंत लाल पांडे ने कहा कि नाना जी ने दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना युवाओं को स्वावलंबी, स्वस्थ व संस्कारवान बनाने के लिए किया था। संस्थान द्वारा देश भर में युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कई प्रकार के प्रशिक्षण चलकर हुनरमंद बनाने के पश्चात स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नाना जी द्वारा चित्रकूट में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ गांव ,ग्रामीण के उत्थान के लिए क्रांतिकारी कार्य किया गया ।मैं अपने लिए नहीं अपनों के लिए हूं अपने वे हैं जो पीड़ित और उपेक्षित हैं, नाना जी के इस आदर्श को जमीनी आयाम देने के लिए संस्थान के कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत हैं।

### आगे चल रही ट्रक से भिड़ी दूसरी ट्रक, चालक की मौत

**नवाबगंज, गोंडा :** अयोध्या गोरखपुर नेशनल हाईव पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर अपने आगे चल रही ट्रक से भिड़ गई। हादसे में ट्रक की केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अयोध्या ले जाने के दौरान उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। सरयू घाट चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि उन्नाव जिले के रामपुर खालसा क्षेत्र के बुटवल गांव का रहने वाला चालक सुनील यादव ( 49 ) पुत्र जटा शंकर यादव मंगलवार को गोरखपुर से वापस उन्नाव जा रहा था। नेशनल हाईवे पर स्थित लोलपुर ओवरब्रिज के लगभग 200 मीटर आगे ट्रक अनियंत्रित होकर उसके आगे चल रही ट्रक में पीछे से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को इलाज के लिए अयोध्या राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पर मौजूद डाक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया ।अयोध्या पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई। परिजनों को सूचना दे दी गई है। दूसरा ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से वाहन लेकर भाग लिया।

### एएनएम के कार्यों की हुई समीक्षा

**गोंडा :** वजीरगंज सीएचसी के सभागार में अधीक्षक डा. आशुतोष शुक्ल ने एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक करते हुए एनएम को निर्देशित किया की नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, ई-कवच पोर्टल पर फीड कर अपडेट तैयार रखें। फीडिंग समय से न होने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीसीपीएम महेन्द्र कुमार, बीपीएम मंजू, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राम अभिलाष शुक्ल, एएनएम ममता, संजू मौर्य, सन्नो देवी, रजनी शुक्ल, सुनीता सिंह, नंदनी सिंह,नीलमसहित एएनएम मौजूद रही।

# गणित की परीक्षा दे रहे 2 मुन्ना भाई गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** हाईस्कूल गणित की परीक्षा दे रहे 2 मुन्ना भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी दूसरे छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। शंका होने पर सचल दल ने दोनों को दबोच लिया। मामले में केंद्र व्यवस्थापक ने दोनों आरोपियों को खिलाफ देहात कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा में नकल रोकने के लिए प्रशासन लगातार कोशिश कर रहा है तो परीक्षा में सेंधमारी करने वाले जालसाज भी प्रशासन को पीछे पीछे हैं। मंगलवार को हाईस्कूल की गणित का का पेपर था। माध्यमिक शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन ने नकल मुक्त परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी बावजूद इसके खोरहंसा के एजाज हुसैन इंटर कॉलेज में नकल माफिया सेंध लगाने में कामयाब रहे। दो मुन्ना भाई दूसरे छात्रों के स्थान पर परीक्षा देने केंद्र को भीतर पहुंच गए। परीक्षा के दौरान जब सचल दल को शंका हुई तो उनकी छानबीन शुरू की गयी। एजाज हुसैन इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि सुबह की पाली में गणित की परीक्षा थी ।परीक्षा में विजय कुमार गुप्ता नाम को परीक्षार्थी को शामिल होना था लेकिन उसके स्थान पर सोनू कश्यप निवासी कोयली जंगल चेतपुर परीक्षा देने पहुंच गया लेकिन जांच पड़ताल के दौरान उसकी पोल खुल गयी। इसी तरह परीक्षार्थी संतराम साहू के स्थान पर आंतरिक सचल दल ने सत्येंद्र शुक्ला निवासी कोयली जंगल चेतपुर को परीक्षा देते दबोच लिया और दोनों को पुलिस को हवाले कर दिया गया। केंद्र व्यवस्थापक ने दोनों आरोपियों के खिलाफ देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। देहात कोतवाल अरुण कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।


परीक्षा केंद्र में जाने के लिए लाइन में खड़े बच्चे

### 2853 परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित की परीक्षा

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को हाई स्कूल के गणित विषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा में 30049 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 2853 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को 143 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित व दूसरी पाली में इंटर की गृह विज्ञान की परीक्षा करायी गयी। हाई स्कूल में संस्थागत छात्र के तौर पर 32754 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन 29935 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 2819 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं आए। इसी तरह व्यक्तिगत छात्र के रूप में पंजीकृत 148 परीक्षार्थियों में से सिर्फ 114 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 34 परीक्षार्थी गणित की परीक्षा से गैरहाजिर रहे। इसी तरह इंटर के गृह विज्ञान की परीक्षा से 277 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# चीनी मिल के एजीएम ने गन्ने की बुवाई कर किया प्रोत्साहित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** बलरामपुर चीनी मिल के अधिकारियों ने कम लागत में गन्ने की अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए क्षेत्र भ्रमण कर किसानों को उन्नतशील, प्रतिरोधक क्षमता से भरपूर प्रजाति सीओ15023 की बुवाई कर किसानों को प्रेरित किया।

बलरामपुर चीनी मिल के एजीएम दिनेश शर्मा ने क्षेत्र क्रय केंद्र गनवारिया अ के ग्राम पंचायत पुरैनिया में पहुंचकर किसान जमुना प्रसाद पांडे को सीओ 15030 प्रजाति के बुवाई की। उन्होंने कहा कि भविष्य में सीओ 150 23 की प्रजाति सफल होगी क्योंकि इस प्रजाति में प्रतिरोधक क्षमता अधिक है तथा सुखना व अन्य रोगों से ग्रसित नहीं है। बलरामपुर चीनी मिल के अंतर्गत लगभग सोलह सौ हेक्टेयर क्षेत्रफल में सीओ 15023 प्रजाति गन्ने की बुवाई पूरी कर ली गई हैं। एजीएम ने कहा कि गन्ने के प्रमुख रोग फफूंद, विषाणु, परजीवी, माइकोप्लाजमा, और पोषक तत्वों की कमीं आदि से होते हैं। यह गन्ने की एक गौण बीमारी है जो वायुजनित फफूंद फ्यूजेरियम ऑक्सिस्पोरम से प्रसारित होती है। इस रोग के लक्षण मुख्य रूप से जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर वर्षा काल में गन्ने की फसल पर दिखाई देते हैं। इस अवसर पर गन्ना पर्यवेक्षक राजेश्वरी शुक्ला, सरबस नाथ पांडेय, शालू शुक्ला, निरंकार पांडेय, अंजनी पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन** किसानों की समस्याओं के निस्तारण पर दिया जाएगा बल, पीएम जन औषधि केंद्र का मिला लाइसेंस

# किसानों को सस्ते में दवा उपलब्ध कराएगी गन्ना सहकारी समिति

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार।** सहकारी गन्ना समिति में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। बैठक में 2024-25 का वार्षिक बजट पेश किया गया। बैठक में किसानों को किराए पर कृषि मशीनरी देने की बात किसानों से साझा की गई।


सहकारी गन्ना समिति की आम सभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी अमृत विचार

- बैठक में 2024-25 का वार्षिक बजट पेश
- वर्तमान समय मे किसानों के खेत में खड़े गन्ने का कराया जा रहा संयुक्त सर्वे

मंगलवार को मनकापुर सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में समिति की सामान्य निकाय बैठक आयोजित की गई। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम कुमार व सचिव विक्रम बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। सर्वप्रथम गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसके बाद पहले प्रस्ताव में समिति का वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट रखा गया। जिसमें 4 करोड़ 87लाख की अनुमानित आय तथा तीन करोड़ 84 लाख का अनुमानित व्यय दर्शाते हुए बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

सचिव विक्रम बहादुर सिंह ने बताया कि किसानों को किराए पर ट्रैक्टर 835 रुपये प्रति घंटे की दर पर व अन्य कृषि यंत्र भी कम किराये पर उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे किसान सुलभता से गन्ने की फसल तैयार कर सकते हैं। वर्तमान समय मे किसानों के खेत में खड़े गन्ने का संयुक्त सर्वे कराया जा रहा है जो 85 प्रतिशत तक लागू कर उसी हिसाब से अतिरिक्त पर्ची निर्गत की जाएगी। जिसके लिए किसान को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि किसानों को उचित दर पर दवा भी उपलब्ध हो इसके लिए परिसर में प्रधानमंत्री जन औषिधि केंद्र का लाइसेंस मिल गया है जिसे अप्रैल माह से चालू किया जायेग। बाकी किसानों के लिए नैनो डीएपी व नैनो यूरिया समिति में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बैठक में डेलिगेट सुरेश सिंह, राजबहादुर पांडेय, संतोष कुमार, पतिराम वर्मा, हृदयराम वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अभिभावकों के सहयोग से स्कूल में बनाया विज्ञान पार्क

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार।** बच्चों में विज्ञान की समझ को विकसित करने और विज्ञान की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए मनकापुर शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल दलीप पुरवा में कार्यरत शिक्षक मनीष वर्मा ने स्कूल में विज्ञान पार्क की स्थापना की है।

इस पार्क मे उन्होने कई मॉडल स्थापित कर रखा है जिसके जरिए वह बच्चों को विज्ञान की पढाई कराते हैं। इस पार्क की स्थापना के लिए उन्होंने किसी तरह की सरकारी सहायता नहीं ली है बल्कि उत्कृष्ट सेवा के लिये मिले पुरस्कार की धनराशि व अभिभावकों के सहयोग से यह संभव कर दिखाया है। इस दृष्टि से साइंस पार्क बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मनीष ने बताया कि वह अपने स्कूल में विज्ञान पार्क विकसित करना चाहते थे। इसके लिए उन्होने खुद को मिले पुरस्कार की धनराशि इस पार्क को विकास में लगा दी। धनराशि कम पड़ी तो अभिभावकों से भी सहयोग लिया और विज्ञान पार्क की स्थापना की। इस पार्क में कई वैज्ञानिक मॉडल स्थापित किए गए हैं। इनमें जीएसएलवी मार्क III, डीएनए मॉडल, साउंड बार, कलर डिस्क, सिंपल मशीन लीवर और पौधे आधारित वैज्ञानिक प्रदर्शनियों के लिए बोनसाई बरगद का पेड़ आदि प्रमुख है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु. इं.-नि.-छपरा-01-2024, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत माँझी-बकुलहा स्टेशनों के मध्य स्थित महत्त्वपूर्ण पुल सं. 16 के लिये मानसून रिजर्व के प्रतिपूर्ति हेतु बोल्डर की आपूर्ति का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 1,39,96,000/-, बयाना राशि (रू.): ₹ 2,20,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 02 (दो माह)

**नोटः** ◆ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 06-03-2024 ◆ उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 20-03-2024 को 15:00 बजे तक। ◆ उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 20-03-2024 को 15:30 बजे। ◆ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ◆ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

◆ श्री विवेक नन्दन, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/बलिया, मो. 9794844280

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./छपरा**

मुजाधि/डब्लू-554

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# 1665 मतदान केंद्र होंगे, 2726 बूथों पर लगाई जाएंगी ईवीएम

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** अधिसूचना अभी लागू नहीं हुई है लेकिन चुनावी कसरत तेज हो गई है। सभी मतदान केंद्रों पर सुविधाएं परखी जा रही हैं। सभी बूथों पर लगाए जाने के लिए ईवीएम व वीवी पैट की भी जांच की जा रही है। मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवी पैट की गुणवत्ता, संचालन व बैटरी आदि की जांच कराई। दो लोकसभा के सात विधानसभा क्षेत्रों में 2726 बूथों पर ईवीएम लगाई जाएगी। इसके अलावा दस प्रतिशत एक्स्ट्रा ईवीएम की जरूरत को बनाकर रखा जाएगा।

गोंडा लोकसभा में जिले की चार विधानसभा शामिल हैं। इसमें गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर व गौरा विधानसभा क्षेत्र हैं। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जिले की तीन विधानसभा तरबगंज, कटरा बाजार व करनैलगंज शामिल हैं। इन सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में 1575 मतदान केंद्र तथा शहरी क्षेत्र में 90 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। यानी कुल 1665 मतदान केंद्रों पर 2726 बूथ तैयार होंगे। इनमें 2466 गामीण इलाकों में तथा 260 शहरी क्षेत्र में बूथ होंगे। कुल 2726 बूथों पर इतने ही ईवीएम की जरूरत होगी। बूथों पर यदि किसी कारण से कोई मशीन काम न करे तो उसके लिए प्रशासन दस प्रतिशत ईवीएम की आपूर्ति सुनिश्चित करती है। ऐसे में 272 ईवीएम अलग से रखी जाएंगी।


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ ईवीएम की जांच करती डीएम। अमृत विचार

**10 प्रतिशत एक्स्ट्रा ईवीएम की होगी जरूरत**

**चुनाव की तैयारी**

- जिला– गोंडा
- लोकसभा–गोंडा
- लोकसभा–कैसरगंज आंशिक
- जिले की आबादी–4377740
- कुल मतदाता–2489196
- पुरुष–1330059
- महिला–1159029
- थर्ड जेंडर–102

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने भाजपा के प्रतिनिधि अनुपम मिश्रा, सपा, कांग्रेस व बसपा के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व कुछ स्थानों पर लगने वाले बीबी पैड की जांच की। जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की जांच की गई। इसके संचालन तथा गुणवत्ता को परखा गया।

2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद ये मशीनें सुरक्षित तहसील के स्ट्रांग रूम में रखी गई थीं। पूरी पड़ताल के बाद यह तय हो पाएगा कि कितनी खराब हैं। कितने की बैटरी ठीक है या खराब। इसके अलावा केबिल व अन्य लगे उपकरणों की जांच की जाएगी।

## एक नजर

### किसान मेले का आयोजन आज

**गोंडा :** राजकीय कृषि बीज भंडार पंडरी कृपाल पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर मेले का आयोजन बुधवार को किया जा रहा है। जिसमें किसानों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जाएगी।

### परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जाना हकीकत

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ बाबा पृथ्वीनाथ बालिका इंटर कॉलेज फत्तेगढ़, शिव कात्यानी बाल विद्या मंदिर भवनियापुर उपाध्याय तथा श्री गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज खरगूपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों से बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं व उनकी अनुपस्थिति, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश व बैठने की व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल करते हुए परीक्षाओं को नकल विहीन व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के लिए किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया।

### मैरिज हाल में बाराती युवक की पिटाई, केस

**परसपुर, गोंडा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेलई पार के रहने वाले राहुल सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में नामजद तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि सोमवार को परसपुर कस्बा के बेलसर मार्ग पर एक मैरिज हाल में वह बारात गया था। रात में ग्यारह बजे विपक्षी राज रस्तोगी बाराबंकी, आयुष व पवन रस्तोगी कानपुर अनायास उससे अभद्रता करने लगे। जानमाल की धमकी देते हुए लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। इस बाबत थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर नामजद तीन लोगों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है।

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**परसपुर, गोंडा।** महाकवि तुलसीदास पीजी कालेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व सेविकाओं ने कार्यक्रमाधिकारी डॉ सीमा तिवारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रमधिकारी ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागियों ने महाविद्यालय प्रांगण से परसपुर थाने तक मतदाता जन जागरूकता रैली निकाल कर जन जन को आधी रोटी खाएंगे, वोट डालने जाएंगे। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारों से जागरूक किया। तत्पश्चात एक गोष्टी आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वीना सिंह ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके गैर नामांकित छात्र–छात्राओं को मतदाता सूची से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर टीवी पांडेय, रुचि सिंह, रंजू सिंह, बिंदू सिंह, ओम नरायन सिंह आदि रहे।

### स्कूल डोमाकल्पी में चोरी

**गोंडा :** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पंचायत डोमाकल्पी में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने विद्यालय भवन का ताला तोड़कर वहां रखे हजारों रुपए के सामान चोरी कर लिए। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शालिनी सिंह ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत की है, उनके अनुसार जब वह विद्यालय पहुंची तो विद्यालय के कमरों का ताला टूटा पाया गया। जब उसकी सघन पड़ताल की गई तो वहां से गेहूं, चावल, तेल, रेडियो, बिजली का मोटर, बल्ब, खेल के समान, गमले व अन्य कई सामान गायब मिले। प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग की है।

# करनैलगंज मंडी में सवा दो करोड़ घोटाले की जांच

## व्यापारी दबाये बैठे लाखों रूपये दुकानों का किराया, 15 व्यापारियों को आवंटित की गई थीं सी श्रेणी की दुकानें

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार।** कोढ़ में खाज जैसी स्थिति से गल्ला एवं फल सब्जी मंडी की सेहत दिनों दिन खराब होती जा रही है। जहां मंडी अभी एक तरफ 2.25 करोड़ के घोटाले से उभर नहीं पाई है वहीं दूसरी तरफ 15 व्यापारी 50 लाख से अधिक रुपये दुकान की किस्त दबाये हुए हैं। 20 व्यापारी चार लाख से अधिक का किराया नहीं दे रहे हैं।

गल्ला मंडी में गल्ला ए श्रेणी की 10 व बी श्रेणी की 03 दुकान हैं। वहीं सी श्रेणी सब्जी की 40 व गल्ला की 03 दुकानें हैं। सन 2020 में 15 व्यापारियों को सी श्रेणी की दुकानें आवंटित की गई थीं। इस दौरान कुछ ने आधा रुपया जमा किया कुछ ने सभी की क़िस्त बनवा ली। अब तीन साल से ऊपर हो रहे हैं एक रुपये मंडी को नहीं मिले हैं वहीं अधिकारी भी मौन हैं। उधर मंडी में गंदगी व अव्यवस्था की भरमार है। जबकि मंडी में ठेके पर सफाई की व्यवस्था है। यहाँ न पानी पीने की व्यवस्था सही है और न ही ढंग की सड़क है। मंडी के अंदर बेसहारा गाय-सांड़ का भी डेरा रहता है। बिजली को लेकर भी व्यापारी व मंडी के बीच ठनी रहती है, क्योंकि मंडी की बिजली का उपभोग व्यापारी कर रहे है और बिल का भुगतान मंडी अकेले वहन करती है। जिसको लेकर तात्कालिक एसडीएम ने अधिशासी अभियंता को पत्र भी लिखा था।



मंडी स्थल करनैलगंज। अमृत विचार

**ये हैं मंडी के बड़े बकायेदार**

| | |
|---|---|
| जमील एंड कम्पनी– | 416900 |
| इम्तियाज एंड कम्पनी– | 379500 |
| चौधरी प्रताप सिंह– | 384500 |
| अब्दुल कादिर एंड कम्पनी– | 398250 |
| शुक्ला ट्रेडर्स– | 476000 |
| बाला जी एंड कंपनी– | 243000 |
| एजाज एंड कंपनी – | 291300 |

**मंडी की व्यवस्था जांच कर की जाएगी कार्रवाई**

मंडी सचिव मुकेश जायसवाल का कहना है कि बकायेदारों पर नोटिस की कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम/मंडी सभापति विशाल कुमार का कहना है कि मंडी की व्यवस्था की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**उधारी के हैं अधिकारी व कर्मचारी**

मंडी की व्यवस्था उधारी के अधिकारी कर्मचारियों पर ही टिकी है। जिससे व्यापारियों का कोई सुनने वाला नहीं है। व्यापारी अपनी समस्या किसको बताएं। मंडी सचिव मुकेश जायसवाल गोंडा के ही जिम्मे करनैलगंज भी है। वहीं लेखाकार सतीश श्रीवास्तव बाराबंकी, गोंडा व करनैलगंज तीन मंडी की व्यवस्था देख रहे हैं। यहाँ मंडी निरीक्षक कोई नही है उनका कार्य मंडी सहायक अभय श्रीवास्तव व अजीत गुप्ता से लिया जा रहा है। चपरासी, माली व चौकीदार के पद भी खाली हैं।

**दो साल से चल रही जांच, कार्रवाई शून्य**

मंडी में आडिट के दौरान 2 .25 करोड़ रुपये मंडी शुल्क की चोरी पकड़ी गई थी। नौ जुलाई 2018 से दस जून 2020 के मध्य अभिलेखों में हेराफेरी करके बिना शुल्क जमा किये गेट पास जारी कर चोरी की गई थी। मामला खुलने पर 15 मार्च को मंडी सहायक अमरनाथ व चपरासी रामदीन को निलंबित कर दिया था। उसके बाद 23 अप्रैल 2022 को 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ, जिनमें सात व्यापारी व पांच मंडी के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं, तब से जांच ही चल रही है, जबकि जांच अधिकारी कई बदल चुके हैं। कार्रवाई के नाम पर शून्य है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी ठोकर, पिता की मौत, बेटा घायल

गोंडा कार्यालय


मृतक छोटे (फाइल फोटो)

▸▸ तरबगंज थाना क्षेत्र के चौबे पेट्रोल पंप के समीप हुआ हादसा

**अमृत विचार।** तरबगंज थाना क्षेत्र के चौबे पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की देर रात बाइक सवार बाप बेटे को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी और फरार हो गया। इस हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि बाइक चला रहा उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक के दूसरे बेटे ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच में जुटी है।

तरबगंज थाना क्षेत्र के खडौरा रामशंकर पुरवा के रहने वाले विश्राम के मुताबिक उसके पिता छोटे (70) व भाई धर्मेंद्र सोमवार को बाइक से रामपुर टेगरहा गए थे। देर रात दोनों वापस घर लौट रहे थे। वह चौबे पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी और फरार हो गया। इस हादसे में उसके पिता छोटे की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भाई धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

धर्मेंद्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तरबगंज के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि विश्राम की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# 5 हजार की घूस लेते पकड़ा गया सीएमओ का बाबू

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात एक लिपिक को एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बिशुनपुर बैरिया गांव के रहने वाले खुशीराम सोनकर वन विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। वह ह्रदय रोग से पीड़ित हैं। बीच में उनका कूल्हा भी खराब हो गया था। इलाज के बाद उन्होंने विभाग में 1.78 लाख रुपये की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया था। खुशीराम के बेटे रघुराज सोनकर ने बताया कि प्रतिपूर्ति की फाइल को पास करने के एवज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी का बाबू धर्मेश कुमार राय 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।


पुलिस की गिरफ्त में धर्मेश कुमार राय

▸▸ **चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल पास करने के बदले मांग रहा था 10 हजार की रिश्वत**

▸▸ **एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार, केस दर्ज**

रघुराज का कहना है कि वह पिछले 12 फरवरी से फाइल पास कराने के लिये चक्कर लगा रहे थे लेकिन धर्मेश उन्हे टरका रहा था। परेशान होकर उन्होने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया और मंगलवार को रघुराज को पांच हजार रुपये के साथ बाबू के पास भेजा गया। जैसे ही धर्मेश ने पांच हजार की रिश्वत ली एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे नगर कोतवाली लाया गया।

धनंजय सिंह ने बताया कि आरोपी धर्मेश कुमार राय आजमगढ़ जिले के ग्राम ढढ़नी थाना नसीरुद्दीनपुर का रहने वाला है और सीएमओ कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक 11 मार्च को, तय होगा बजट

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आगामी 11 मार्च को ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख बबिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि इस बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि, मनरेगा, पंचम राज वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग योजना के क्षेत्र पंचायत कार्य योजना एवं ग्राम पंचायतो की कार्य योजना के अनुमोदन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना आदि विभिन्न विषयों पर आपसी विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए इस निर्धारित तिथि से सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों व सभी जनप्रतिनिधियों को अवगत करा दिया गया है।

# साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** मंगलवार कोक ग्राम भुलईडीह विकास खंड रुपईडीह में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया।

इंडियन बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र के तत्वावधान में भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ के सहायक महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्र ने सहभागिता की। अनिल कुमार मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आम लोगों में वित्तीय जागरूकता लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहा है।

लोगों को अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा भविष्य की आवश्यकता के लिए बचत करना चाहिए। अपनी बचत निवेश को सोच समझकर अच्छा लाभ देने वाले मद में करना चाहिए। बैंकों से कर्ज सोच समझकर अति आवश्यक कार्य के लिए ही लेना चाहिए। डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देना चाहिए। किसी को भी अपना ओ टी पी, पिन, पासवर्ड आदि नहीं देना चाहिए। मोबाइल फोन के चार्जिंग में भी सावधानी रखें क्योंकि इससे भी आप का डाटा गलत लोगों तक पहुंच सकता है जिसमें आप सभी को क्षति हो सकती है। इंडियन बैंक गोंडा के वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता जय राम सुमन ने कहा कि बैंक से लिए गए कर्ज की नियमित अदायगी अवश्य करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जनपद परामर्शदाता दीपक कुमार त्रिपाठी, ब्लाक परामर्शदाता अंकित कुमार शुक्ल, अंकुर सिंह ने भी सहयोग किया।


भुलईडीह गांव में आयोजित साक्षरता शिविर में उपस्थित ग्रामीण। अमृत विचार

# शटर तोड़ सर्राफा की दुकान से जेवर और नकदी चोरी

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार।** शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने जेवर और नकदी चुरा लिया। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। पूरा मामला ग्राम पंचायत भवनियापुर उपाध्याय चौराहे की है जहाँ अजय कुमार सोनी की ज्वेलर्स की दुकान है। इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भवानियापुर उपाध्याय चौराहे पर उनकी सराफा की दुकान खोल रखी है।

देर रात दुकान बंद करके अपने घर चला आया था। अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद दुकान के भीतर काउंटर में रखे सोने का झाला, सोने की कील, चांदी, 4000 नगद सहित अन्य सामान चुरा ले गए।

सुबह आसपास के लोगों ने फोन से जानकारी दी तब दुकान आने पर घटना की जानकारी हुई। चोरी की घटना की तहरीर इटियाथोक थाने पर दी गई है।

# गल्ला मंडी के पंप का मोटर जला, पानी आपूर्ति ठप

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** गल्ला मंडी में लगा पंप का मोटर खराब हो गया है। जिससे पूरे मंडी परिसर में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। कर्मचारियों के आवास के साथ साथ शौचालय में पानी की दिक्कत के चलते किसानों व व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बहराइच रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के पंप का मोटर 2 दिन पहले खराब हो गया है। जिससे वहां पानी की समस्या हो गई है। प्रतिदिन मंडी में सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी उपज बेचने आ रहे हैं, साथ ही कई लाइसेंस धारक व्यापारियों की दुकान है। मोटर जल जाने की वजह से पूरे मंडी परिसर में पानी की सप्लाई बंद हो गई है।

पीने के पानी से लेकर शौचालय तक की समस्या बनी हुई है। कई किसानों ने पानी की समस्या को लेकर मंडी प्रशासन को अवगत भी कराया। लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। मंडी की ओर से एक टैंकर पानी नगर पालिका से मंगाया गया है जो मंडी के गेट के समीप रखा गया है। जहां पर टैंकर खड़ा है वहां से व्यापारियों की दुकान काफी दूर है। इसलिए वहां पर किसानों को पानी पीने में असुविधा हो रही है। कई किसानों ने बताया कि पानी की कमी के चलते दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

मंडी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मंडी के सचिव को मोटर जलने के समस्या से अवगत कराया गया है। पंप को चलाने का प्रबंध किया जा रहा है। पंप बनवाने के लिए मंडी सभापति से अनुमति मांगी गई है जल्द ही पंप को सही कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल नगर पालिका के टैंकर को मंगाया गया है जिससे पानी की आपूर्ति हो रही है।

## सार-संक्षेप

### स्कूल का ताला तोड़कर बर्तन, राशन व अभिलेख उठा ले गए चोर

**गोंडा कार्यालय :** मुजेहना के कंपोजिट स्कूल मंगा जोत बनकसिया में सोमवार की रात अज्ञात चोर स्कूल का ताला तोड़कर बर्तन, राशन व विद्यालयी अभिलेख उठा ले गए। शिक्षक सुबह स्कूल पहुंचे तो ताला टूटा मिला। स्कूल की प्रधानाध्यापक ने मोतीगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। शिक्षकों के मुताबिक विद्यालय में चोरी की यह तीसरी वारदात है। घटना को लेकर शिक्षकों में दहशत है। मुजेहना शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल मंगा जोत बनकसिया की प्रधानाध्यापक रेखा शुक्ला के मुताबिक सोमवार को छुट्टी को बाद वह स्कूल में ताला लगाकर गयी थी। मंगलवार की सुबह स्कूल पहुंची तो विद्यालय के किचन व ऑफिस का ताला टूटा पड़ा था। किचन में रखा दो गैस सिलेंडर, भोजन पकाने का डेग, दो बोरी गेहूँ, एक साउन्ड सिस्टम, खेल सामग्री अज्ञात चोर उठा ले गए। इसके अलावा स्टाफ की शिक्षक डायरी, अनुश्रवण पंजिका, चेक इश्यू पंजिका आदि अभिलेख भी चोर लेते गए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में चोरी की यह तीसरी घटना है। इस घटना से शिक्षकों में दहशत है। उन्होंने इसकी तहरीर मोतीगंज थाने पर दी है।


स्कूल के दरवाजे का टूटा कुंडा

▸▸ **मुजेहना के कंपोजिट स्कूल बनकसिया में तीसरी बार हुई चोरी**

### पोषण पर हुआ मीना मंच कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में खुशी जताते बच्चे। अमृत विचार

**रूपईडीह, गोंडा :** विकासखंड रुपईडीह के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कंपोजिट विद्यालय पिपरा चौबे में नई पहल एक्शनएड (यूनिसेफ) द्वारा आयोजित बाल मैत्रिक विद्यालय एव पोषण पर मीना मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 50 बच्चों ने प्रतिभा किया कार्यक्रम में एक्शनएड रुपईडीह के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वली मोहम्मद जी ने बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, मीना मंच का गठन, उसके दायित्व, उद्देश्य, विद्यालय में बच्चों के ठहराव, सुरक्षा आदि मुद्दों पर बच्चों का क्षमता वर्धन किया तथा सामाजिक योजनाओं से जोड़ने के प्रति लोगों को जागरूक किया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, मीना मंच सुगमकर्ता के रूप में आशा जी ने सहयोग किया।

### चार साल से वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा। चार साल पहले हुई मारपीट की घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के भैंसहा गाँव निवासी रामपाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वांछित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

**आयोजन** चित्र कला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, यूनिसेफ ऐक्शन एड की टीम ने बच्चों को किया सम्मानित

# सोनबरसा के 50 बच्चों को किया सम्मानित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंगलवार का दिन कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के बच्चों के लिए खास रहा। यहां के बच्चों को यूनिसेफ ऐक्शन एड की टीम ने स्कूल के पचास बच्चों को ज्योमेट्री बाक्स, कापी, पेन, पेंसिल आदि पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया।

यूनिसेफ की ब्लाक समन्वयक नूरजहां शाह द्वारा बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों को सम्मानित करने से पहले चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल है तो कल है, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ, पर्यावरण, विज्ञान एक वरदान आदि विषय पर पोस्टर का निर्माण कर उसका प्रस्तुतीकरण किया। चार्ट पेपर पेन पेंसिल कलर आदि की व्यवस्था यूनिसेफ ऐक्शन एड के सौजन्य से किया गया।

सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में बाल संसद व मीना मंच के बच्चों के अतिरिक्त अन्य प्रतिभाशाली बच्चों जिनमें अमन कुमार, सुषमा, काजल, रिया, मुनिया तिवारी, सानिया तिवारी, खुशनाज, साकिरा बानो, अंशिका, मनीषा, मनीष, शिवम्, युवराज, किट्टू यादव, अर्चना, रुमा, शिवानी, अंजनी पासवान, संगीता, संतोष, प्रभात, ताज मोहम्मद, संजू, माधुरी, चांदनी, उन्नति, सुंदरी, वृजमोहन, आकृति आदि रहे। यूनिसेफ ऐक्शन एड की टीम के इस नेक कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षकों बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, चित्रावती मौर्य, पूनम यादव आदि ने जिला समन्वयक विजय कुमार शुक्ला व ब्लाक समन्वयक नूरजहां शाह का आभार व्यक्त किया।



पोस्टर के साथ सम्मानित बच्चे। अमृत विचार

# स्कूल में आयोजन कर शहीद चंद्रशेखर को दी श्रद्धांजलि


छात्रों को चंद्रशेखर आजाद के बारे में जानकारी देते छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय।

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंगलवार को छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के पुण्यतिथि पर जनता ग्रामीण विद्यालय मुरलीक पुरवा पारासराय इटियाथोक में संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्राओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चन्द्रशेखर आजाद ने 27 फरवरी 1931 को अल्लाहाबाद के चौक पर आत्मघाती हमला किया था। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के सैन्य दल पर अभियोग गठन के लिए अपनी ही सलाह से आत्महत्या कर ली। उनकी मृत्यु एक वीरतापूर्ण योगदान के रूप में जानी जाती है इस अवसर पर इस अवसर पर शुभम तिवारी, सतीश, रंजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में अच्छी शिक्षा की है अहम भूमिका

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार:** नगर के नवाबगंज रोड पर स्थित सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल के वार्षिक उत्सव पर समागम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अक्षयबर लाल गोंड़ तथा विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय व सीओ राहुल पांडेय रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के बच्चों द्वारा गणेश वंदना से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। जिसने सभी का मन मोह लिया विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सांसद अक्षयबर लाल गोंड, एसडीएम नानपारा अश्वनी पांडेय ,क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक यमुनाधर चौहान तथा एसएसबी बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत, कैलाश रमोला को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संबोधित करते हुए सांसद ने विद्यालय के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा देते हुए उनमें अच्छे संस्कार दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि इसको समाज सेवा के रूप में देखना चाहिए। विद्यालय राष्ट्र के निर्माण की सेवा व समाज की सहभागिता में अपनी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस राष्ट्र में नारी का सम्मान होता हो वह राष्ट्र हमेशा उन्नित के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता है। सांसद ने कहा कि आज के वातावरण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जहां शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है वहीं बच्चों में उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा ऐसे आयोजन बच्चों में नई शक्ति का संचार करते हैं। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय, ईओ नगर पालिका रंग बहादुर सिंह, विद्यालय के प्रबंधक आनंद पोद्दार,प्रतीक अग्रवाल, रामस्वरूप अग्रवाल सत्य प्रकाश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता , घनश्याम सिंह, प्रकाश वीर गुप्ता, आशीष पांडेय, नरेश चंद्र अग्रवाल राजेश भीमराजका, सुरेश चंद शाह ,अजीत भीमराजका, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

# कर्तव्यों के निर्वहन से मिलती है आत्म संतुष्टि

बहराइच

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन सभागार में विशेष किशोर पुलिस इकाई व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने की।

उन्होंने जिले के सभी थानों से आए बाल कल्याण अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का सफल निर्वहन करना भी एक तरह से ईश्वर की पूजा करने के समान है। इससे व्यक्ति को आत्म संतुष्टि की अनुभूति होती है। सीडब्ल्यूसी चेयरमैन ने कहा कि आज की जो परिस्थितियां हैं उसमें धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कोई भी आयोजन एवं तीज-त्यौहार बिना पुलिस व्यवस्था के संपन्न नहीं होते हैं। अर्थात पुलिस पर काफी उत्तरदायित्व दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं, परंतु अवयस्क बालक बालिकाओं के संबंध में पुलिस की भूमिका मानवीयता की श्रेणी में आती है। ऐसे में हमें बच्चों के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते समय यह महसूस करना चाहिए कि मानों हम अपने बच्चों के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस बैठक को पुलिस लाइन के सीओ कनौजिया, वन टॉप सेंटर अध्यक्ष रचना कटियार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसजेपीयू के निरीक्षक विवेक कुमार, प्रीति पांडे, संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्य, प्रबंधक वन स्टॉप सेंटर रचना कटिहार, श्रम परिवर्तन अधिकारी एवं विभिन्न थानों से आए बाल कल्याण अधिकारी पुलिस उप निरीक्षक एवं महिला आरक्षी तथा स्वयं सेवी संस्था के सदस्य गण उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष। अमृत विचार

## चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

**पयागपुर, बहराइच :** रामनगर खजुरी में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 मरीजो के आंखों का परीक्षण कर उन्हें दवा चश्मा वितरित किया गया। मंगलवार को राम नगर खजुरी चौराहे पर स्थित वेद प्रकाश त्रिपाठी के प्रतिष्ठान पर सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में सीनियर नेत्र चिकित्सक डॉ सौम्या भदौरिया, डॉ अभिषेक वर्मा,आयुषी कोमल,सौरभ फरीन, काउंसलर सरिता पाल,दीप्ति और शहनाज हुसैन द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया। जिन मरीजों को कम दिखना, मोतियाबिंद, रतौंधी, नाखूना आदि की समस्या थी उन मरीजों को बस द्वारा नि :शुल्क सीतापुर अस्पताल चलने की सलाह दी गयी। शिविर में कुल 250 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमे 120 मरीज मोतियाबिंद और नाखूना के मिले जिसमे से 60 मरीजों को टीम द्वारा मौके से ही बस द्वारा सीतापुर अस्पताल भेजा गया।

### एक नजर

## गुणवत्तापूर्ण कार्य न होने पर करें लिखित शिकायत

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत जरवल में विकास कार्यों में शिकायत मिलने पर अध्यक्ष ने कदम उठाए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि किसी ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जाता है तो लिखित शिकायत करें। विकास कार्यों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष तस्लीम बानो ने सभी सभासदों एवं जनता से अपील की है कि यदि कोई ठेकेदार गुणवत्ता पूर्वक कार्य न कर रहा हो तो इसकी लिखित शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष या अधिशासी अधिकारी को दे जिससे उसका सही निर्माण न करने की वजह से भुगतान को रोका जा सके। नगर पंचायत अध्यक्ष तस्लीम बानो ने कहा है कि जिसके जिसके वार्ड में जो कार्य ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे हैं, वह गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। यदि सही कार्य नहीं हो रहा है तो उसकी शिकायत लिखित तौर पर अधिशासी अधिकारी खुशबू यादव को दें ताकि गुणवत्ता पूर्वक कार्य न होने पर ठेकेदारों का भुगतान रोका जा सके तभी ठेकेदार गुणवत्ता पूर्वक कार्य करेंगे।

# एटीएस और साइबर थाना का आज होगा लोकार्पण

## सीएम पुलिस विभाग के आवासों का भी वर्चुअली करेंगे उद्घाटन

बहराइच

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को पुलिस लाइन में बने साइबर थाना और पुलिस आवास का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा भारत नेपाल सीमा पर बाबागंज में बने एटीएस थाने का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री की ओर से किया जाएगा।

शहर के पुलिस लाइन में साइबर थाने का निर्माण हुआ है। इसके अलावा पुलिस लाइन में ही पुलिस विभाग के 32 नए आवास बने हैं। इसका उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लखनऊ से वर्चुअल किया जायेगा। इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित साइबर थाने का अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ पयागपुर हीरा लाल कनौजिया ने निरीक्षण किया। साथ ही तैयारी व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर बाबागंज में बने एटीएस थाने का भी उद्घाटन मुख्यमंत्री की ओर से किया जाएगा। एसपी वृंदा शुक्ला की देखरेख में सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। मालूम हो कि एटीएस और साइबर थाना के खुलने से जिले के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।


पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री के वर्चुअली कार्यक्रम का निरीक्षण करते एएसपी ग्रामीण।

## प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज में आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बीईओ ने निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर से प्राप्त डाटा के आधार पर समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने ,निर्धारित समय अवधि में निपुण लक्ष्य हासिल करने,कक्षा एक दो व तीन में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका तथा कक्षा चार-पांच में भाषा-गणित निर्देशिका आधारित शिक्षण तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में नियमित उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एआरपी एवं संकुल शिक्षकों द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों की निपुण लक्ष्य प्रगति की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कायाकल्प के समस्त पैरामीटर्स को शीघ्र पूरा कराने हेतु ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से संपर्क आदि के निर्देश दिए। इस दौरान एआरपी सुनील कुमार, राकेश मौर्या,संकुल शिक्षक करूणा कृष्ण श्रीवास्तव, मोहम्मद शमीम,जितेन्द्र, सदभव श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, गीता देवी,पूजा मिश्रा, सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# एक वर्ष से मृतक आश्रित को नहीं मिल रही आर्थिक सहायता राशि

बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के बरदहा बाजार निवासी एक महिला की वर्ष भर पूर्व नहर में डूब कर मौत हो गई थी। नानपारा तहसील की ओर से आपदा विभाग को ऑफलाइन बिल भेज दिया गया जिसके चलते आपदा विभाग मृतक आश्रित को आर्थिक सहायता राशि नहीं दे पा रहा है। इसके लिए मृतक महिला का बेटा डीएम, तहसील और आपदा विभाग का चक्कर लगा रहा है।

नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदहा बाजार निवासी रामू पुत्र पेशकार ने मंगलवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र दिया। युवक का कहना है कि एक वर्ष पूर्व उसकी मां चंपा देवी का निधन नहर में डूबने से हो गई था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस द्वारा तहसील को भेज दी गई थी। लेकिन अभी तक आपदा विभाग की ओर से महिला के मौत पर आर्थिक सहायता राशि नहीं दी गई है। इसका मुख्य कारण है कि नानपारा तहसील की ओर से 4 अगस्त 2023 को चार लाख का जो बिल बनाकर आपदा कार्यालय को भेजा गया है, उसे ऑफलाइन भेज दिया गया है। जबकि आपदा विभाग तहसील से ऑनलाइन बिल मांग रहा है। ऑनलाइन बिल न आने के अभाव में मृतक महिला के बेटे को आर्थिक सहायता राशि नहीं मिल पा रही है। डीएम ने मामले की जांच के निर्देश एसडीएम को दिया है।


डीएम को शिकायती पत्र देना आया ग्रामीण।

### आईजीआरएस से हुई जानकारी

नानपारा तहसील के बरदाहा बाजार निवासी रामू पुत्र पेशकार ने बताया कि मां की मौत नहर में डूबने के बाद भी जब उसे आर्थिक सहायता राशि नहीं मिली तो उसने आइजीआरएस पर शिकायत की। आईजीआरएस में नानपारा तहसील की ओर से लेखपाल ने 4 अगस्त 2023 को सहायता राशि आपदा विभाग को भेजे जाने की बात कही जबकि आपदा विभाग ऑफलाइन बिल का हवाला देकर भुगतान नहीं कर रहा है। ऐसे में ग्रामीण डीएम, एसडीएम और आपदा विभाग के दफ्तर में चक्कर लगाकर परेशान हो गया है।

# इकौना तहसील का डीएम ने किया निरीक्षण

श्रावस्ती

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को तहसील इकौना का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने अभिलेखागार में जाकर राजस्व रिकार्डो के बस्तों को देखा तथा सभी रिकार्डो को और व्यवस्थित ढंग से रखने व साफ-सफाई का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, लेखपाल अनुभाग, रजिस्टार, कानूनगो अनुभाग, रिकार्ड रूम, संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया

जिलाधिकारी ने नजारत अनुभाग पहुंचकर स्थायी अग्रिम पंजिका, कैदियों/गवाहों के खुराक धन की प्राप्ति और शुल्क पंजिका, व्यक्तिगत धनराशि के रूप में लिया गया शुल्क/बिकी अभिदान पंजिका, राजकीय कोष पंजिका, न्यायालय सम्पत्ति बिक्री पंजिका, आय व व्यय पंजिका, शिकायत पंजिका, डाक टिकटों का लेखा एवं तामीला पंजिका, कर्मचारियों जीपीएफ बुक ,सेवा पुस्तिका आदि की जांच की। उन्होंने उपजिलाधिकारी को न्यायालय पर लम्बित वादों का निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि तहसील में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाए और उनका निराकरण भी समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों के लिए बेहतर सुविधा हेतु पेयजल, छाया एवं बैठने हेतु उचित प्रबन्ध किये जाएं, जिससे उन्हें कोई दिक्कत न होने पावे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बड़े बकायदारों की सूची अपडेट करके वसूली में तेजी लायें, और प्रतिदिन अपने निर्धारित समयानुसार न्यायालय में उपस्थित रहें।



## जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में 15 मार्च तक होंगे आवेदन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ अमरनाथ यति ने बताया कि समाज कल्याण/जनजाति विभाग से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में रिक्त स्थानों में प्रवेश प्रारम्भ किया जाना है। उन्होने बताया कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय भयापुरवा भिनगा में कुल स्वीकृत छात्राओं की संख्या 350 के सापेक्ष 250 छात्राओं का प्रवेश लिया गया है तथा 100 स्थान रिक्त है। जिसमें कक्षा-6 में 70, कक्षा-7 में 09, कक्षा-8 में 05, कक्षा-9 में 06, कक्षा-11 में 10 रिक्त स्थानों पर प्रवेश प्रक्रिया की जाएगी। वहीं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालक विद्यालय कटकुइयां सिरसिया में कुल स्वीकृत छात्रों की संख्या 175 के सापेक्ष 129 छात्रों का प्रवेश लिया गया है तथा 46 स्थान (जनजाति) रिक्त है। जिसमें कक्षा-6 में 35, कक्षा-8 में 01, कक्षा-9 में 01, कक्षा-11 में 09 रिक्त स्थानों पर प्रवेश प्रक्रिया कि जाएगी। उन्होने यह भी बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च है। परीक्षाणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची प्रकाशन तिथि 20 मार्च है। प्रवेश परीक्षा आयोजन की तिथि 27 मार्च एवं सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने की तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

# अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हमें देश हित में काम करना होगा




श्रावस्ती

**अमृत विचार:** एसएसबी की 62वीं वाहिनीं भिनगा के कमाण्डेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देश पर मंगलवार को सहायक कमांडेंट पंचानन महाजन की अध्यक्षता में 'ई' समवाय सोनपथरी के कार्यक्षेत्र के लालपुर कुशमहवा ग्राम पंचायत में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान सहायक कमांडेंट महाजन ने सर्वप्रथम ग्रामीणों एवं ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से उनकी समस्यायों के बारे में पूछा। इसपर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नेटवर्क की समस्या, सड़क व्यवस्था आदि बेहद बदहाल हैं। सहायक कमांडेंट ने ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि हम आपकी समस्या का निवारण जल्द से जल्द करवाने उच्च मुख्यालय को पत्र लिखकर अवगत कराएँगे । उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि भारत- नेपाल की सीमा खुली होने की वजह से सीमा क्षेत्र पर अराजक तत्व अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं। साथ ही मानव तस्करी मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हम सभी को देश हित में कार्य करना होगा तथा सीमावर्ती क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति, नेपाली- भारतीय दोहरी नागरिकता एवं नेपाली नागरिक आधार कार्ड रखता नजर आए तो तुरंत ही नजदीकी एस.एस.बी कैम्प पर इसकी सूचना दें। इसके आलावा स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति भारत अभियान, भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ के बारें में लोंगो को जागरूक किया गया।

## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**


1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




### वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू -73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |


### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04 .18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 07 .33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** – आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** – आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा,लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** – आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** – आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** – आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** – आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** – आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** – आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया – सुबह : 11.39
कीमत – रात : 07.07

SONY MAX
लगे रहो मुन्ना भाई – सुबह : 10.12
विश्वासघात – रात : 10.04

SONY PIX
लाइफ – सुबह : 10.48
जिओस्ट्रोम – रात : 09.00

ZEE CINEMA
हाईजेक – सुबह : 10.30
विजय द मास्टर – रात : 07.30

colors CINEPLEX
जुर्माना – दोपहर : 12.31
फिर हेरा फेरी – रात : 09.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर सुबह-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा-फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

# वरिष्ठ साहित्यकार को मिला नोबल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड

नेमोतीपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में शिक्षा साहित्य व पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों का चयन कर नेपाल सरकार ने उन्हें नोबल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड 2024 से नवाजा है। नेपाल सरकार की सहभागिता से नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहउद्देशीय फाउंडेशन की ओर से सम्पूर्ण विश्व से लगभग 50 लोगो को चुना गया जिसमे भारत के 14 राज्यों के लोग शामिल रहे।


नेपाल में जिले के साहित्यकार का हुआ सम्मान। अमृत विचार

जनपद के थाना मोतीपुर निवासी एम रशीद के साहित्य व पर्यावरण के प्रति कार्यों को देखते हुये नेपाल में उन्हें नोबुल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड 2024 दिया गया है। सोमवार को लुम्बिनी(नेपाल) के सांसद व नेपाल सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर कृषि मंत्रालय भंडारी लाल अहिर ने विश्व की चयनित प्रतिभाओ को मोमेंटो, बैग, शॉल, मेडल, प्रमाण पत्र, रुद्राक्ष की माला तथा नेपाली टोपी पहनाकर नोबल टैलेंट अवॉर्ड प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ साहित्यकार सनद रेग्मी ने की। मंगलवार को नेपाल देश से सम्मानित होने के बाद अपने निज निवास मिहींपुरवा पहुंचे एम रशीद ने कहा कि नेपाल में आयोजित अंतराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में पहुंच उस देश की ओर से सम्मानित होने पर खुद को गौरान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होने कहा कि नेपाल के युवा साहित्यकार अध्यक्ष आनंद गिरि 'मयालु' का कार्य प्रशंसनीय है, जिनकी अध्यक्षता में नेपाल सरकार से रजिस्टर्ड प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल ने देश विदेश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, हिंदी, अवधी तथा नेपाली भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के विकास, नेपाल भारत के बिच मैत्री सम्बंध विकास तथा साहित्यक पर्यटन विकास के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। नेपाल देश में नोबल टैलेंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मिलने पर क्षेत्र के कई साहित्यकारो, पत्रकारों एवं कस्बेवासियों ने एम रशीद के आवास पहुंच उन्हें बधाई दी।

## एक नजर

### जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कल

**बहराइच :** जिला स्तरीय पोषण समिति व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रगति की समीक्षा हेतु 29 फरवरी को अपराह्न 4:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी है। यह जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ समय बैठक में प्रतिभाग करना का कष्ट करें।

### परिवहन विभाग की मण्डलीय समीक्षा बैठक 11 मार्च को

**बहराइच :** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बसों के परमिट के नवीनीकरण, हस्तान्तरण, प्रतिस्थापना, नये परमिट के प्रकरणों पर विचार किए जाने के उद्देश्य से 11 मार्च को अपराह्न 3:30 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। बैठक में आवेदकगण स्वयं अथवा अपने अधिकृत एवं वैध प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

### सामूहिक विवाह आज

**बहराइच :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में 28 फरवरी को गेंदघर मैदान में वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 422 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया जाएगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को शासन की मंशानुसार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा नोडल अधिकारी नामित किये गये है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा के 23, हुजूरपुर के 07, जरवल 15, कैसरगंज 16, महसी 88, मिहींपुरवा 35, नवाबगंज व पयागपुर 08-08, फखरपुर 103, रिसिया 14, शिवपुर 33, तेजवापुर 36, विशेश्वरगंज 07 तथा नगरीय क्षेत्र के 10 कुल 422 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा।

### टोल फ्री नम्बर से भाजपा की दिलाई सदस्यता

**कैसरगज, बहराइच :** केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर संपर्क कर प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए जारी टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल कराया तथा नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत उक्त बूथ पर संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से जारी टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल कराते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए समर्थन का आग्रह किया। इस अभियान में सहयोगी भगवान दास सोनी, बूथ अध्यक्ष सतीश विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिए परिवहन विभाग को चाहिए 799 वाहन

## 2698 मतदेय स्थलों पर वाहनों से जाएंगी पोलिंग पार्टियां

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारी सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से शुरू कर दिया गया है। 2698 मतदेय स्थलों तक जाने के लिए विभाग को 799 वाहनों की जरूरत है जिसमें सिर्फ विभाग के पास 451 वाहन ही उपलब्ध है। ऐसे में राज्य सरकार से शेष वाहनों की मांग की गई है। उसके हिसाब से विभाग तैयारी करेगा।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले वाहनों की उपलब्धता पर कार्रवाई की जा रही है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए जिले के 6 तहसीलों में 2698 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इसके लिए विभाग को 799 वाहनों की जरूरत है। लेकिन विभाग के पास इस समय 451 वहां ही उपलब्ध है उन्होंने बताया कि 348 वाहनों के लिए सरकार को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की तिथि निर्धारित होने और अधिसूचना जारी होने तक सरकार की ओर से सभी वाहन उपलब्ध करा दिया जाएंगे लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एआरटीओ ने बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी दूसरे जनपदों से वहां आए थे इन वाहनों के द्वारा ही पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थलों तक रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होने के बाद सभी कार्य को अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

### बस यूनियन के साथ हुई बैठक

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में वाहनों को अधिग्रहीत करने के लिए प्राइवेट बस यूनियन के साथ बैठक हुई है, जिसमें 250 बसें यूनियन उपलब्ध कराएगा साथ ही 200 बसें स्कूलों से मांग की गई है। अन्य दूसरे जनपद से आएंगी।

### दूसरे जनपद से आई थी बस



लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना भी जारी नहीं हुई लेकिन जिलाधिकारी और निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वर्ष 2022 में हुए विधान सभा चुनाव में लखीमपुर जनपद से 200 और सीतापुर जनपद 116 वाहनों को जिले में भेजा गया था, जिससे चुनाव सोशल संपन्न हो गए थे। इस बार भी सरकार की ओर से वही प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

–राजीव कुमार ,एआरटीओ

### आशाओं - एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**तेजवापुर, बहराइच :** ब्लाक तेजवापुर के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमपुरवा में आगा खान फाउंडेशन व इंडसइंड बैंक के सहयोग से चलायें जा रहें मुख्य आकांक्षी जिला परियोजना कार्यक्रम के तहत आशा और एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजवापुर डॉ शिव प्रताप ने संबोधित करते हुए कहा हमारा यह प्रयास है की ज्यादा से ज्यादा संस्थागत प्रसव और नियमित टीकाकरण करना सरकार का लक्ष्य है, सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं ज्यादा से ज्यादा समुदाय तक पहुंचनी चाहिए। बीसीपीएम रोहित वर्मा के द्वारा बताया गया कि हर बच्चा अपने जन्म के साथ एक नई दुनिया में कदम रखता है वह कमजोर और असुरक्षित महसूस करता है। आगा खान फाउंडेशन के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हम अपने चायनित सभी ग्राम पंचायत में परियोजना द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधि कर रहे हैं जिसका उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस अवसर पर आगा खान फाउंडेशन के ब्लाक समन्वयक अजय सिंह, इरफान शाह, प्रदीप मिश्र एवं प्रखर श्रीवास्तव तथा क्लस्टर कोर्डिनेटर प्रभाकर मौर्य, निशा सिंह, अता इमाम एवं प्रमोद कुमार उपस्थित रहे ।

## सार-संक्षेप

### आरओ और एआरओ की परीक्षा निरस्त करे सरकार


परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते सपाई। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में मंगलवार को सभी ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंप कर समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को निरस्त किए जाने की मांग की। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष रविंद्र मौर्य टिंकू की अगुवाई में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाध्यक्ष का कहना है कि आरओ और एआरओ परीक्षा पेपर टेलीग्राम एवं व्हाट्सएप के माध्यम से लीक हुई है। जिससे इसमें शामिल हुए 60 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। ऐसे में सरकार समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी को दोबारा परीक्षा करवाएं। जिससे पढ़ाई करने वाले छात्रों का भविष्य संवर सके। इसके बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी को दिया। इस दौरान विनीत कुमार, कार्तिकेय प्रताप सिंह, दिनेश यादव, एके मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता में कैंडल आई प्रथम


पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्र। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के गेंदघर मैदान में विभिन्न विद्यालयों के बीच भाषण पोस्टर और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें अव्वल आने वाली छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया गया। शहर के गेंद घर मैदान में बहराइच महोत्सव के अवसर पर बच्चों में प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मारवाड़ी युवा मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बाल शिक्षा निकेतन, संत पथिक विद्यालय, पायनियर इंटर कालेज के छात्र और छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि पोस्टर में कैंडिल सोनी प्रथम, भाषण में मानसी पांडेय और स्लोगन में काजल पांडेय अव्वल आईं। इस दौरान भू रत्न श्रीवास्तव, संध्या गोयल, गोपीनाथ मिश्रा समेत टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

### भाजपा ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान


जन संपर्क अभियान चलाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के रंजीबोझा गांव में भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओ ने गांव में जाकर सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियो को मोदी सरकार की गारंटी के बारे में बताया। जिसमें किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, उज्जवला गैस कनेक्शन समेत सभी योजना से लाभान्वित लाभार्थी के घर पर मोदी सरकार की गारंटी का स्टीकर लगाया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित त्रिपाठी ने बताया कि लाभार्थी संपर्क अभियान के जरिए बीजेपी कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर-घर जायेंगे । लोकसभा चुनाव से पहले ये अभियान कई मायनों में महत्वपूर्ण है। लाभार्थी से संपर्क के दौरान भाजपा के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल करके उन्हें पार्टी से जोड़ा जाएगा। इस अभियान में पार्टी पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लेखा-जोखा लेकर लाभार्थी के घर पर जाएेगी। इस मौके पर अभिजीत सिंह,विवेक शुक्ला,बूथ नंबर तीन अध्यक्ष विजय कुमारी मौजूद रही।

### पुलिस लाइन में तैनात महिला फॉलोअर की हुई मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला हमजापुरा निवासी महिला फॉलोअर मंगलवार को दोपहर में घर में बेहोश मिली। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर आए यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के मोहल्ला हमजा पुर निवासी सुमन सिंह (42) पत्नी चंद्रिका प्रसाद पुलिस लाइन में महिला फॉलोअर के पद पर तैनात थी। मंगलवार दोपहर में वह घर में बेहोशी की हालत में मिली परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर आए यहां पर डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना कोतवाली नगर पुलिस को दी गई। कोतवाली नगर पुलिस ने महिला फालोवर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डॉक्टर के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मालूम हो कि महिला के पति सिपाही थे उनकी मौत के बाद उसकी पत्नी को शिक्षा के आधार पर फॉलोवर की नौकरी मिली थी।

### चंद्रशेखर आजाद का मनाया गया शहीद दिवस


सेनानी भवन में शहीद दिवस मनाते लोग।

**बहराइच, अमृत विचार :** सेनानी भवन सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद का 93वां शहीद दिवस मनाया गया। सेनानी उत्तराधिकारियों ने चन्द्रशेखर आज़ाद द्वारा देश की आजादी में किए गए योगदान पर चर्चा की। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि उनका असली नाम चन्द्रशेखर तिवारी था, लेकिन उन्हें आजाद का उपनाम मिला जिसका अर्थ होता है स्वतन्त्र। उन्होंने संकल्प लिया था वो न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी, अपने इसी संकल्प को पूरा करने के लिए अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में 27 फरवरी 1931 को पुलिस द्वारा घिर जाने पर स्वयं को गोली मारकर मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति दे दी। बहराइच विकास मंच के अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी ने कहा कि 24 वर्ष में चन्द्रशेखर आज़ाद के बलिदान ने देश में क्रांतिकारी माहौल बनाया और हजारों युवा देश की आजादी में अपने योगदान के लिए आगे आए। आज भी चन्द्रशेखर आज़ाद की पिस्तौल इलाहाबाद/प्रयागराज राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी हुई है, अन्त में सभी सेनानी उत्तराधिकारियों ने नम आंखों से आजाद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में अनिल कुमार उपाध्याय, शैलेन्द्र यादव, विनीत तिवारी,पवन सिंह, राकेश मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था में मृत मिले एरिया सेल्स मैनेजर

बहराइच

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नागरौर गांव के पास किराए के मकान में रह रहे अयोध्या निवासी एक एरिया सेल्स मैनेजर की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में किचन में शव मिला है। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्चरी में पोस्टमाट्र्म के लिए रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पुलिस मौत के सही कारणों की बात सामने आने की कह रही है।


जिला अस्पताल में जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

कोतवाली देहात पुलिस ने बताया कि अयोध्या जिले के कैंट थाना क्षेत्र के अंगूरी बाग कॉलोनी निवासी अंकुर सिब्बल (35) पुत्र धर्मपाल अपना क्लब कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर काम करते थे। यह कंपनी एफएमसीजी मार्केटिंग का कार्य करती है। सोमवार रात अंकुर कोतवाली देहात के नागरौर गांव में किराए के मकान में ऊपर कमरे में थे अचानक मकान मालिक को पता चला कि वह अचेत अवस्था में पड़े हैं। मकान मालिक ने कंपनी के लोगों को फोन किया। कंपनी के लोग मौके पर पहुंचे। उसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अंकुर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इमरजेंसी के डॉक्टर शिवम मिश्रा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ शिवम् मिश्रा ने बताया कि युवक मृतक अवस्था में हॉस्पिटल आया था। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# होटल में फंदे से लटकता मिला संचालक का शव

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के मुकेरिया गांव निवासी एक होटल संचालक का शव उसके होटल में फंदे से लटकता मिला। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकेरिया निवासी साबिर अली पुत्र झुर्रा गांव में ही होटल का संचालन करते थे। वह होटल बंद करके उसी में सो जाते थे। प्रतिदिन की तरह सोमवार रात को भी वह होटल में सो गए। सुबह काफी देर तक होटल से बाहर न निकलने पर परिवार के लोगों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। साबिर का शव फंदे से लटक रहा था। साबिर की मौत से परिवार के लोग रोने लगे। सभी ने सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने मृतक के शव को फंदे से उतारकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी और बेटे ने अज्ञात पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक शशि राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे के कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# पहले कुत्तों के झुंड ने दौड़ाया, फिर दूसरा बाइक सवारों से टकराया

**हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा हुआ घायल**

बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के गुरगुट्टा गांव से बाइक से शादी समूह में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया। कुछ दूरी पर रात में आगे जाने पर बाइक से एक कुत्ता भिड़ गया। जिसके चलते हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत गुरगुट्टा गांव निवासी रजा अली पुत्र शहादत अली अपने दोस्त गांव निवासी देशराज पुत्र राम आधार के साथ शादी में शामिल होने सोमवार रात को बाइक से जा रहा था। तभी कुत्तों के झुंड ने दौड़ा लिया। बाइक भगाने पर कुछ दूरी पर ही सामने से आ रहा दूसरा कुत्ता बाइक में भिड़ गया। जिससे दोनों घायल हो गए। राम गांव थाने के प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया। यहां पर डॉक्टर शिवम मिश्रा ने देश राज को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि युवक की रास्ते में ही मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# निपुण विद्यालयों के शिक्षकों का हुआ सम्मान

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर में आयोजित शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक में निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बैठक में एआरपी,संकुल सहितविभिन्न विद्यालयों के प्रभारी व प्रधान शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

बीआरसी परिसर में आयोजित समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने एनबीएमसी पोर्टल पर उपलब्ध डाटा आधारित समीक्षा,शिक्षक एवम छात्र उपस्थिति,निपुण लक्ष्य पर आंकलन,शिक्षकों द्वारा क्विज में प्रतिभाग करने,आपरेशन कायाकल्प,


बीआरसी केंद्र में आयोजित बैठक में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

डीबीटी,यूडायस,ईडब्ल्यूएस मासिक समेकन प्रपत्र भरने ,राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता के आयोजन ,मीना मंच तथा विद्यालय के 11 रजिस्टरों के डिजिटलाइजेशन संबंधी बिंदुओं पर समीक्षा कर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीइओ द्विवेदी ने दिसंबर माह में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किये गए निपुण विद्यालयों के आंकलन में निपुण पाए गए पयागपुर के 4 विद्यालयों के शिक्षकों क्रमशः शिवशंकर पुरवा से दीनानाथ दीक्षित, तिलखंवा से मार्तण्ड त्रिपाठी पहलवारा से रश्मि शर्मा, रवींद्र नगर से रवींद्र नाथ मिश्र व विशेश्वरगंज के पटना से सूर्यकांत मणि मिश्रा, टिकुइया से अलकेश आलम,हंसराम पुरवा से सरिता देवी, मेझरिया से पुनीत अग्रवाल,सर्वदी से दीपक यादव,रानियांपुर कला से अमित मिश्रा, पूरे शिवसहाय से अभिषेक सिंह,बंजरिया से देवी प्रसाद तिवारी,निबिहा से शबाना अनवर,गंगवल से अनिल पाण्डेय,गुलरिहा से विवेक विक्रम सिंह,और संतजगीर से चन्द्रपाल सिंह का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।उन्होंने बताया कि दिसम्बर माह तक एआरपी व शिक्षक संकुल के विद्यालयों को निपुण होना था शेष सभी विद्यालय वर्ष 2025 तक निपुण होने का लक्ष्य है।बीईओ ने अन्य शिक्षकों को नए सत्र में अपने विद्यालय को निपुण बनाने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

**आयोजन** पहली बार आयोजित बहराइच महोत्सव ने छोड़ी छाप, स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ सम्मान,स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और बालिका सुरक्षा को मिला बढ़ावा

# शहर को स्वच्छ बनाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए उठे कदम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** शहर के गेंद घर मैदान में जिलाधिकारी मोनिका रानी की देखरेख में पहली बार बहराइच महोत्सव का आयोजन हुआ। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित बहराइच महोत्सव में कई रंग देखने को मिले। बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य स्वच्छता को तो बढ़ावा मिला ही, लोगों को भोजन में मोटे खाद्यान्न के उपयोग पर भी बल दिया गया। मंगलवार को सदर विधायक ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया तो वहीं खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी अपना हुनर दिखाने के लिए सम्मान मिला।


गेंदघर मैदान में रैली निकलते छात्र



स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मान पत्र देने के बाद मौजूद विधायक और ईओ।

शहर के गेंद घर मैदान में बहराइच महोत्सव का आयोजन 25 फरवरी से हो रहा है। बहराइच महोत्सव पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को शहर में आयोजित बहराइच महोत्सव के मंच पर जिले भर की स्वास्थ्य कर्मचारियों को सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारियों के कंधे पर ही स्वस्थ जीवन का जिम्मा है। उनको सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना सौभाग्य की बात है। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि महोत्सव में आए लोगों को खाने में मोटे अनाज के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मंगलवार को एट राइट एवं खाद्य सुरक्षा जागरूकता के लिए वाक्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा ने वह स्थान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें छात्राओं ने प्रतिभा किया।

### खेल प्रतियोगिता में सम्मनित हुए विजेता व उपविजेता खिलाड़ी

बहराइच महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय बालक/बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, बालक वर्ग में कबड्डी व फुटबाल, फन गेम्स तथा दिव्यांग खेल प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरस्कार वितरण एवं समापन के मुख्य अतिथि पद्म सेन चौधरी सदस्य विधान परिषद तथा सामान्य खिलाड़ियों के प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के सुपुत्र निशंक त्रिपाठी द्वारा किया गया। तियोगिता में रोहित सिंह जीवन रक्षक, वीरेन्द्र पाल सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, कुशुमेन्द्र कुमार सिंह, सन्तोष कुमार सिंह, विनोद यादव, सतपाल यादव, सुभाषचन्द्र वर्मा, राकेश पासवान फुटबाल प्रशिक्षक, आरिफ हॉकी प्रशिक्षक, विनोद कुमार फुटबाल खेलो इण्डिया प्रशिक्षक, सानू, विजय शंकर, सुशील कुमार राय तथा दिव्यांग खेल हेतु जय वीर सिंह स्पेशल एजुकेटर, कौशल किशोर पाण्डेय स्पेशल एजुकेटर, चन्द्रभानू, अरविन्द कुमार वर्मा स्पेशल एजुकेटर, गिरजेश कुमार पाण्डेय स्पेशल एजुकेटर आदि निर्णायक के रूप में रहें।

# पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से किया हमला, मुकदमा दर्ज

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत बंभौरा निवासी महिला को जाते समय इसके पति ने गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे महिला घायल होकर जमीन पर गिर गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम बम्भौरा के मजरा बगरेपुरवा निवासी 30 वर्षीय गुड़िया पुत्री रामकुमार मंगलवार सुबह 11 .30 बजे जरवलरोड स्थित एचडीएफसी बैंक के निकट गली से निकल कर अपने घर जा रही थी। गली में सन्नाटा देख अचानक पीछे से पहुंचे युवती के पति ने धारदार हथियार से गले पर वार कर दिया। महिला की पुकार सुन मौके पर राहगीरों को देख युवक फरार हो गया। जानकारी मिलते ही आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने कार्यवाई की। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया घायल युवती की शादी 12 वर्ष पूर्व जिला अयोध्या थाना रामसनेहीघाट ग्राम विसईया निवासी रामाधार पुत्र रविनंदन के साथ हुई थी। पीडिता ने तहरीर मे लिखा है कि पति का चाल चलन ठीक न होने के करण अपने दो बच्चो के साथ अपने मायके मे रहकर मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर कर रही है। कुछ दिनों से साथ रह रहे पति पत्नी का विवाद चल रहा था। नशे का आदी पति अपनी पत्नी से आए दिन झगड़ा करता था। जिसके चलते हमला किया है।

### मुंह में डाल दिया था फेवी क्विक

थाने में महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व सोते समय अयोध्या ससुराल में ही उसके मुंह में फेवी क्विक डाल दिया था। जिससे काफी समस्या हुई थी।

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतया: निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निमाण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एल्व्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एल्व्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

प्रसंगवश

## जीवन में मिथक का सत्य

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

सोशल फोरम

## नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन' घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। -फेसबुक वॉल से

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र शृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

## बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के दिनों में बैंकिंग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

# चंद्रशेखर आजाद ने युवाओं में नई ऊर्जा का किया संचार

## बलिदान दिवस पर याद किए गए अमर शहीद, आयोजिए किए गए कई कार्यक्रम

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** बलिदान दिवस पर मंगलवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को याद किया गया। प्रभातफेरी निकाली गई, संगोष्ठी हुई और शहीद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। आजाद समाज सेवा समिति की ओर से ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया।

मंगलवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा व स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस बस स्टेशन के पास स्थित आजाद पार्क में स्थित आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। एसएफआई के जिला मंत्री ऋषभ यादव ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद बचपन से ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते रहे और आजीवन आजाद रहे। वह कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आए। नवजवानों को अपने साथ लेकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की जनवादी नवजवान सभा के जिला उपाध्यक्ष शशांक पांडेय ने कहा कि आजाद जी ने युवाओं में क्रांति के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया। उसे संगठन का रूप देते हुए हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की जिसे बाद में विस्तारित करते हुए हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का नाम दिया गया। इस दौरान बालकृष्ण मिश्र, पार्थ सारथी द्विवेदी, रोहित नाविक, विवेक विक्रम सिंह, मों जावेद, विनय यादव, ओम मिश्रा, सरदार खान, कृष्णा आजाद, शिवम, अंकित सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।


चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते एसएफआई के पदाधिकारी।

### 19 महादानियों ने किया रक्तदान


जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करता युवा। अमृत विचार

आजाद समाज सेवा समिति द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकालकर समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। बस स्टेशन स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में संस्था के 19 पदाधिकारियों द्वारा रक्तदान महादान किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके गोयल, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.आरके मिश्रा, ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉ.आरपी सिंह सर्जन ने किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव, संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह, योगेश सिंह आदि रहे।

# यूपी बोर्ड: दो पालियों में 2,064 विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित इंटर व्यवसायिक तथा दूसरी पाली में केवल इण्टर गृह विज्ञान व्यवसाय अध्ययन की परीक्षा हुई। दोनों पालियों को मिलाकर हाईस्कूल एवं इण्टर के 2064 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने 6 उड़ाकादलों के निकलने का दावा ने किया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा प्रभारी जितेंद्र कुमार दूबे ने बताया कि मंगलवार को पहली पाली में हाईस्कूल गणित विषय में कुल पंजीकृत 30165 छात्र-छात्राओं में से 28403 उपस्थित रहे। 1762 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा से किनारा किया। पहली पाली में ही इण्टरमीडिएट व्यावसायिक विषय में पंजीकृत 588 छात्र-छात्राओं में 572 उपस्थित रहे। 16 ने परीक्षा छोड़ी। पहली पाली में छह सचलदल नकल रोकने के लिए निकले, लेकिन खाली हाथ रहे। दूसरे पाली में केवल इण्टरमीडिएट गृहविज्ञान व्यवसाय अध्ययन में कुल पंजीकृत 8230 छात्र-छात्राओं में से 7934 उपस्थित रहे। 296 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा से किनारा किया। नकल रोकने के लिए दूसरी पाली में निकले चार उड़ाकादलों को कोई नकलची हाथ नहीं लगा।

## एक नजर

### जेई समेत पांच पर मुकदमे दर्ज कराने को दी अर्जी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर बलवा, मारपीट, चोरी और गाली-गलौज के आरोपों में केएनआई विद्युत उपकेंद्र के जेई रवि शंकर मौर्य समेत 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। कस्बा निवासी सुनील प्रकाश श्रीवास्तव का आरोप है कि जेई, एक लाइनमैन व 3 अन्य ने 3 जनवरी को घर में घुसकर मारपीट की। सीजेएम बटेश्वर कुमार ने कोतवाली नगर थाने से रिपोर्ट तलब कर 4 मार्च को सुनवाई नियत की है।

### दोहरे हत्याकांड में दो आरोपी और गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंडनगर पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। अखंडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर में 21 फरवरी को शाम करीब 6.30 बजे दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को जगदीश निवासी गोपालपुर और अशोक कुमार निवासी लोरपुर को गिरफ्तारी कर लिया।

### नकदी व गहनों के साथ किशोरी फरार

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी अपने घर से भैंस बेचकर रखे गए 50 हजार रुपये, जेवरात लेकर प्रेमी के साथ भाग गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### रक्तदान शिविर आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ बुधवार जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 9 बजे से रक्तदान- महादान शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी संघ के निजाम खान ने दी है।

# जलवायु परिवर्तन से होता है मौसम में बदलाव

**सेमिनार**

▸▸ राणा प्रताप महाविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से हुआ संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें अभिनव ओझा, आकाश यादव अनुभव ओझा, अभिनव सिंह, धनंजय नाविक, आस्था निषाद, अर्चिता सिंह, अनुभवी सिंह, रिया श्रीवास्तव आदि छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार एवं अन्य सहयोगी डॉ अभिषेक कुमार शुक्ला, डॉ शशांक शेखर सिंह, डॉ संतोष कुमार सिंह ने जलवायु परिवर्तन पर अपने विचार रखें। डॉ आलोक कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण ही मौसम में परिवर्तन, समय से वर्षा का न होना, वर्षा के स्थान में परिवर्तन, अत्यधिक तापमान, अत्यधिक ठंडक, फसल चक्र परिवर्तन आदि जलवायुयिक परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है।


भूगोल विभाग की ओर से आयोजित संगोष्ठी में शामिल छात्र-छात्राएं।

### क्विज़ कंप्टीशन में टीम बी को मिला प्रथम स्थाम

राणा प्रताप पीजी कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा क्विज़ कम्पटीशन का आयोजन किया गया। टीम ए का नाम बाबर रखा गया एवं टीम बी का नाम राणा सांगा रखा गया। टीम ए में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में खुशी, सोनी, संजना, काजल यादव, नेहा मिश्रा, अदिति शामिल थी। टीम बी में आंचल वर्मा, विवेक कुमार निषाद, कशिश आरती, प्रीति आदि शामिल थी। टीम बी को प्रथम स्थान एवं टीम ए को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। रक्षा अध्ययन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. हीरालाल यादव ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचार :** घर से बिना कुछ बताए निकले युवक का शव गांव के बगल बाग में आम के पेड़ में झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई।

मंगलवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे रामभद्र कुड़वार निवासी रवींद्र यादव उर्फ रोहित (25) पुत्र उमाशंकर यादव गांव के बगल बाग में आम के पेड़ की डाल में मफलर के सहारे झूलता मिला। सुबह जब युवक के बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार ने देखा तो बदहवास हो गया। घटना की सूचना बड़े भाई ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक संजय प्रसाद ने शव नीचे उतरवाकर कार्रवाई की। मृतक युवक तीन भाईयों धर्मेंद्र, जितेंद्र में सबसे छोटा था। मृतक की अभी शादी नहीं हुई थी। बताया जा रहा है कि रोहित नशे का आदी था। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां प्रेमा देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया की शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


युवक की मौत के बाद एकत्र परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

### ब्रांडेड कंपनी का नकली पेंट बेच रहा था दुकानदार, केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली पेंट बेचने की सूचना पर पहुंचे पुलिस के साथ पहुंचे कंपनी के अधिकारियो को नकली पेंट मिला। जिस पर नकली पेंट को सीज करते हुए पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एशियन पेंट के अधिकृत प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह को पता चला कि जिले में कंपनी के नाम से नकली पेंट बेचा जा रहा है। सूचना पर अधिकृत प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह पुलिस को साथ लेकर ऑर्बिट इंटरप्राइजेज सिरेमिक पाचोपीरन पहुंचे। दुकान मालिक माहिर रजा मिले, जांच के 8 बाल्टी पेंट नकली एशियन की मिली। अधिकृत प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह व अन्य लोगो ने तहरीर देते हुए बताया कि दुकानदार नकली पेंट बेच लोगो को भ्रमित कर रहा है। साथ ही कंपनी की छबि धूमिल कर नुक़सान पहुंचा रहा है। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# गुंगवाछ हत्याकांड में ट्रांसफर अर्जी खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले की सुनवाई ट्रांसफर करने की अर्जी सेशन जज जेपी पांडेय ने खारिज कर दी है।

संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या कर दी गई थी जबकि कई अन्य घायल हुए थे। चार लोगों की एक साथ हत्या होने से गांव में दहशत फैल गई थी। यह मामला अतिरिक्त सेशन जज अंकुर शर्मा की कोर्ट में विचाराधीन है जहां से वादी अमरजीत ने न्याय मिलने में संदेह के आधार पर मुकदमा ट्रांसफर करने की मांग की थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा कि न्यायालय पर सन्देह गलत है। सेशन कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद स्थानांतरण याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधीश अंकुर शर्मा की कोर्ट में सुनवाई 1 मार्च को नियत है। रामदुलारे यादव, अखिलेश, बृजेश व छोटू उर्फ अभिषेक, प्रधान आशा तिवारी, प्रधानपति रामशंकर तिवारी और प्रधान के पुत्र नितिन तिवारी पर चार्जशीट दाखिल हुई थी।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत खारिज



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र मुंशीगंज के हरिहरपुर निवासी मानसिंह पर तीन माह पूर्व तमंचे से फायर कर गंभीर चोट पहुंचाने के आरोपी विजेन्द्र सिंह की जमानत न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक 30 नवम्बर 2023 को वादी अभिषेक सिंह के चाचा मानसिंह व माता मोनी सिंह सब्जी खरीदने गये थे रास्ते में आरोपी विजेन्द्र सिंह व अभिषेक सिंह ने तमंचे से चाचा मानसिंह पर तमंचे से फायर कर सीने में गोली मार दी, जिन्हे गंभीर हालत में संजय गांधी चिकित्सालय ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया। आरोपी विजेन्द्र सिंह की जमानत पर हुई सुनवाई में मामले को गंभीर पाते हुए कोर्ट ने जमानत खारिज कर दी है।

### नगर कोतवाल के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पांडेय, उप-निरीक्षक गिरीश चंद्र अग्निहोत्री और दीवान अभिषेक मिश्रा पर मानवाधिकार के हनन और गाली-गलौज करने के आरोपों में दाखिल मानवाधिकार की विशेष कोर्ट में जबाव दाखिल करने के बाद मंगलवार को विशेष कोर्ट में आरोपी गैरहाजिर रहे। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 13 मार्च तारीख नियत की है। कोतवाली नगर क्षेत्र के पांचों पीरन निवासी रिजवान अहमद ने अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए तीनों के खिलाफ याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि 12 दिसंबर को गांव के नूर मोहम्मद और राजेश कुमार में हुए भूमि विवाद को सुलझाने गए रिजवान को आरोपी पुलिसकर्मियों ने कोतवाली में गाली-गलौज कर अपमानित कर सुविधा शुल्क की मांग की। विशेष अदालत के जज अभय श्रीवास्तव ने तीनो को अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई को 13 मार्च की तारीख नियत की है।

## सार-संक्षेप

### बीए अंतिम वर्ष में एक मेजर विषय में होगा प्रोजेक्ट कार्य


राणा प्रताप के अर्थशास्त्र विभाग के पाठ्यचर्चा कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने मंगलवार को पाठ्यचर्या परिचय सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें स्नातक छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उनके प्रश्न पत्रों से संबंधित जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के नये निर्देशों के अनुसार अब बीए अंतिम वर्ष में केवल एक मेजर विषय में ही प्रोजेक्ट कार्य किया जाना है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सुनील कुमार त्रिपाठी ने प्रोजेक्ट की प्रस्तावना निर्माण से जुड़े आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिनव मिश्र, अपर्णा कसौधन व शुभी सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे।

### डॉ. रजनीश अध्यक्ष तो डॉ. भारत बने सचिव



इंडियन डेंटल एसोसिएशन की कार्यकारिणी के घोषित पदाधिकारी।

सुलतानपुर, अमृत विचार : इंडियन डेंटल एसोसिएशन की बैठक एक निजी होटल में आयोजित की गई। डॉ.रजनीश मेहरोत्रा को अध्यक्ष, डॉ.भारत सिंह सचिव, डॉ. इंद्र सेन सिंह को संयुक्त सचिव, डॉ. एम. रजा को सहायक सचिव, डॉ. सुनील गुप्ता कोषाध्यक्ष पद पर चयनित हुए। पूर्व अध्यक्ष डा अनुराधा द्विवेदी व सचिव डॉ.पावन रिबेलो ने नई कार्यकारिणी को दायित्व सौंपा। कार्यक्रम में आने वाले सत्र की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में डॉ.मनोज सिंह, डॉ.अनुपम पांडेय, डॉ.अमित सिंह, डॉ. एएम रिबेलो, डॉ.रोहित शर्मा, डॉ.अवनीश मिश्र, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. मनीष यादव, डॉ.अभिनव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा अवनीश मिश्र व डा रवि जायसवाल ने किया।

### हर्षिता और हार्दिक को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** श्याम कुमारी बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज पेमापुर रूपिनपुर जयसिंहपुर की कक्षा 12 की छात्रा हर्षिता एवं छात्र हार्दिक साहू ने नई दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करके प्रदेश और कालेज का नाम रोशन किया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हर्षिता और हार्दिक को राजभवन में आमंत्रित करके उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने छात्र हार्दिक साहू और छात्रा हर्षिता को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।


राज्यपाल के साथ शूटिंग के खिलाड़ी।

### शुद्ध अंतःकरण ही अनंत सुख प्राप्ति का साधनः शास्त्री

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के धौरहरा गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। ऋषभ देव के चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य को ऋषभ देव जी जैसा आदर्श पिता होना चाहिए जिन्होंने अपने पुत्रों को समझाया कि इस मानव शरीर को पाकर दिव्य तप करना चाहिए, जिससे अंतरूकरण की शुद्धि हो तभी उसे अनंत सुख की प्राप्ति हो सकती है। भगवान को अर्पित भाव से किया गया कर्म ही दिव्य तप है। कथा श्रवण को कल्पवृक्ष से भी बढ़कर बताया। क्योंकि, कल्पवृक्ष मात्र तीन वस्तु अर्थ, धर्म और काम ही देता है। मुक्ति और भक्ति नहीं देता, लेकिन श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है। यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करता है। मुख्य जजमान पंडित श्याम बिहारी पांडेय ने व्यासपीठ की आरती, पूजन किया। इस मौके पर राम लवट दुबे, मयंक दुबे, योगेश चंद पांडेय, हेमचंद पांडेय राम अभिलाष, केशव पांडेय, नरेंद्र, पंकज, सर्वेश पांडेय की आदि रहे।

# लोकसभा मिशन को धार देंगे जितेंद्र सिंह

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। लोकसभा चुनाव में मिशन- 400 को सफल बनाने के लिए केन्द्रीय मंत्री भी मोर्चा संभाल रहे हैं। एक मार्च को जनपद में केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पीएमओ कार्यालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह का आगमन हो रहा हैं। वह दो मार्च को भाजपा द्वारा आयोजित प्रबुद्धजनों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक जिला पंचायत परिसर में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लोकसभा के मिशन को धार देने के लिए आ रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह 2 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, आनंद द्विवेदी, विजय सिंह रघुवंशी, घनश्याम चौहान, विजय त्रिपाठी आदि रहे।


बैठक में कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### मदनपुर में किराना व्यवसायी की दुकान में लूटपाट

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुकान बंद करने जा रहे किराना की दुकान में बदमाश घुस गए। व्यवसायी व उसके सहयोगी पर तमंचा सटाकर गाली दी और नकदी व मोबाइल छीनकर जान धमकी देते हुए फरार हो गए। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सरैया निवासी बृजेश कुमार जायसवाल की मदनपुर चौराहे पर किराने की दुकान है। किराना व्यवसायी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक रविवार रात लगभग 10 बजे वह अपनी दुकान बंद करने जा रहा था, तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आए सिगरेट मांगे और दुकान में घुस गए। गाली देते हुए व्यवसायी तथा दुकान में काम करने वाले आजाद पर तमंचा सटा दिए। बदमाशों ने दुकान में रखा लगभग 40 हजार रुपया जबरन ले लिए। तीन मोबाइल छीन लिए व धमकी देते हुए शहर की तरफ बाइक से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एलआईसी ऑफिस में बिजलीकर्मियों से नोकझोंक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग ने चेकिंग अभियान के तहत नगर क्षेत्र में 232 उपभोक्ताओ का बकाया बिल नहीं जमा करने पर कनेक्शन काटा। एलआईसी कार्यालय के कनेक्शन काटने के दौरान नोक-झोक के बाद फरवरी का बिल जमा करने के बाद कनेक्शन फिर जोड़ा गया। इसके साथ कई उपभोक्ताओं का मीटर घर से बाहर किया गया। जिले में बकायेदारों के खिलाफ विभाग ने एक बार फिर अभियान चलाया है।

मंगलवार को एसडीओ नगर के नेतृत्व में गठित टीमों की ओर से चेकिंग किया गया। चेकिंग के समय बिल बकाया होने पर 232 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से 42 लाख रुपए का बकाया जमा कराया गया। 35 उपभोक्ताओं का मीटर घर से बाहर किया गया। सुपरमार्केट स्थित एलआईसी कार्यालय का 68 हजार बकाया होने पर कनेक्शन काट दिए। जिसको लेकर विभागीय अधिकारियों से नोक-झोक भी हुई, लेकिन बाद में फरवरी माह का बिल जमा करने पर कनेक्शन फिर जोड़ दिया गया। एसडीओ नगर ने बताया कि बुधवार को जनपद में मेगा अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत बकाया बिल जमा कराया जाएगा।

**भ्रष्टाचार** आईजीआरएस के निस्तारण में दोषी पाए जाने पर परियोजना निदेशक को शासन ने किया था निलंबित

# निलंबन के दौरान पीडी ने कर दिया साढ़े 3 लाख रुपये का भुगतान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** आईजीआरएस के निस्तारण में दोषी पाएं जाने पर निलंबित हुए परियोजना निदेशक के डिजिटल हस्ताक्षर से साढ़े तीन लाख से अधिक के भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए शिकायतकर्ता ने शासन के अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजते हुए डीएम से भी शिकायत दर्ज कराई है।

परियोजना निदेशक के पद पर तैनात कृष्ण करुणाकर पांडेय को बीते दिनों आईजीआरएस की जांच मिली थी। जांच के दौरान परियोजना निदेशक ने संबंधित अधिकारी को बचाते हुए आईजीआरएस निस्तारण की रिपोर्ट शासन को भेज दिया था। निस्तारण से संतुष्ट नहीं होने पर संयुक्त सचिव प्रहलाद ने परियोजना निदेशक को बीते 16 फरवरी को निलंबित कर दिया था। बताते चलें कि परियोजना निदेशक के पास धनपतगंज ब्लॉक का बीडीओ का भी प्रभार था। आरोप है कि इसी बीच उनके निलंबन के दौरान परियोजना निदेशक ने धनपतगंज ब्लाक से साढ़े तीन लाख से अधिक का भुगतान कर दिया। जानकारी होने पर धनपतगंज ब्लाक के पिपरी साईनाथपुर निवासी आशाराम ने शासन के उच्च अधिकारियों के साथ जिले की डीएम से शिकायत की है। शिकायतकर्ता का आरोप है 21 फरवरी को प्रभारी खंड विकास अधिकारी केके पांडेय के डिजिटल हस्ताक्षर से पहली बार 88,780 रुपए, दूसरी बार में 66,700 तीसरी बार में 1,92,740 रुपये, चौथी बार में 16,100 रुपये का भुगतान किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत करने के लिए ग्राम विकास आयुक्त से वार्ता की तो उन्होंने सीडीओ अंकुर कौशिक से बात कराई। सीडीओ अंकुर कौशिक ने कहा कि धनपतगंज ब्लॉक का चार्ज 20 फरवरी को कुड़वार बीडीओ नीलिमा गुप्ता को दिया गया है। वहीं, कुडवार बीडीओ ने शिकायत कर्ता को बताया कि उनके पास चार्ज नहीं है। शिकायत कर्ता ने प्रभारी बीडीओ द्वारा निलंबन की अवधि में भुगतान किए जाने को लेकर डीएम से कार्रवाई की मांग की है।




### विकास आयुक्त को किया गया गुमराह : आसाराम

शिकायतकर्ता आसाराम ने बताया कि सीडीओ अंकुर कौशिक द्वारा ग्राम्य विकास आयुक्त को गुमराह किया गया है। जिला प्रशासन परियोजना निदेशक को बचाने में लगा है। निलंबन के दौरान हुए भुगतान की जांच कर स्वयं या मजिस्ट्रेट से करवाया जाय। जांच के दौरान उसे भी अपनी बात रखने की अनुमति दी जाए।

> निलंबन का पत्र 17 फरवरी को मिल गया था। मेरे द्वारा कोई भी भुगतान नहीं किया गया है। फिलहाल, निलंबन पर कोर्ट से स्टे ऑर्डर मिल गया है। -**कृष्ण करुणाकर पांडेय**, परियोजना निदेशक

> मामला संज्ञान में नहीं है। जो शिकायती पत्र है, व्हाट्सएप कर दीजिए। -**अंकुर कौशिक**, सीडीओ

एक नजर

### संघर्ष समिति ने जीडीए उपाध्यक्ष को पीड़ा बताई

**गोरखपुर, अमृत विचार।** संघर्ष समिति जंगल सिकरी खोराबार ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, सचिव उदय प्रताप सिंह से अपनी पीड़ा बताई। कहा कि जंगल सिकरी खोराबार में जो मकान बने हैं उनका मालिकाना हक दिया जाए। काश्तकारों की जमीन का उचित मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। चुनाव के बाद समिति की बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। जमीन के संबंध में बताया कि जल्द से जल्द निपटारा होगा। किसी के साथ दुर्व्यवहार नहीं होगा। इस मौके पर संघर्ष समिति के पदाधिकारी पंडित विजय नारायण मिश्रा, कमलेश राय, विमलेश त्रिपाठी, बीपी सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, रामदुलारे, राम प्रकाश त्रिपाठी, राकेश वर्मा, पूनम वर्मा, राजेंद्र मणि त्रिपाठी, मनोज सिंह, दिग्विजय सिंह, शशि रंजन पांडे, पूनम वर्मा, राजेश्वर शर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### हाथरस सिटी स्टेशन पर ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यात्री जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ गाड़ियों का हाथरस सिटी स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 2 मिनट का ठहराव अगले आदेश तक प्रदान किया गया है। इनमें 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस, 12319 कोलकाता-ग्वालियर एक्सप्रेस, 09451 गांधीधाम-भागलपुर विशेष गाड़ी और 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी शामिल हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

**सिद्धार्थनगर।** आपात सेवाओं यूपी-112 की योजनाओं के बारे में ग्राम महदेवा बाजार एवं रेलवे स्टेशन सिद्धार्थनगर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहरी ग्रामीण नागरिकों को व्यापक रूप से जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के नेतृत्व एवं अवनीश कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष आर्य शाश्वत मंच जनजागरण सामाजिक उत्थान एवं जनसेवा संस्थान की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के ग्राम महदेवा बाजार एवं रेलवे स्टेशन नौगढ़ पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# जिले में पहली बार होगी सीनियर महिला ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता

**आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में दिख रहा काफी उत्साह**

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली बार राज्यस्तरीय सीनियर महिला ओपन वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में मंडल स्तर के लगभग 20 से 22 टीमें सम्मलित होंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खेल विभाग आमंत्रण पत्र भेज रहा है। स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली बार होने वाली सीनियर महिला वालीबाल प्रतियोगिता को लेकर जिले के खिलाड़ियों में काफी उत्सुकता है। खेल का आयोजन होने से जिले की महिला खिलाड़ियों को अपनों के बीच में प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। हाल ही में वॉलीबाल की सीनियर महिला खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड जीत कर जिले का मान बढ़ाया है। खेल का आयोजन 14, 15 व 16 मार्च को होगा। जबकि यह आयोजन पूर्व में 28, 29 फरवरी व एक मार्च को निर्धारित किया गया था। लेकिन यूपी बोर्ड परीक्षा होने की वजह से इसे 14 मार्च से कराने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता में लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे। स्टेडियम अभी से ही तैयारियों में जुट गया है। खेल प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ी भी उत्सुक हैं। प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स कालेज व स्पोर्ट्स हॉस्टल, एकेडमी के साथ साथ एसएसबी और यूपी पुलिस की टीम भी प्रतिभाग कर सकती है। खेल में जिले की गोल्ड मेडलिस्ट बेटियों का कमाल देखने के लिए जिले के नागरिक उत्साहित है। क्योंकि वह अब अपनी बेटियों को अपनी आंखों के सामने खेलते हुए देख पाएंगे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी मंडल के खेल अधिकारियों के साथ-साथ एसएसबी व यूपी पुलिस विभाग को भी खेल में प्रतिभाग करने के लिए के लिए आमंत्रण भेजा गया है। खेल आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं।
**-आशुतोष अग्निहोत्री,** क्रीड़ा अधिकारी

जिले में वॉलीबाल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना उपलब्धि है। अभी तक तैराकी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हुई थी। पहली बार महिलाओं की प्रतियोगिता होने से महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण बनेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना चाहिए। **-रतनेश सिंह,** कोच

# ग्राम प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक

## नाबालिग बेटा व बेटी के नाम से मनरेगा मजदूरी का कराया भुगतान, डीएम ने जांच के लिए बनाई कमेटी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बांसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोनहाताल पश्चिमी के प्रधान जगजीवन ने नाबालिग बेटा व बेटी के नाम से मनरेगा मजदूरी का भुगतान कर दिया। मामले की जांच में अनियमितता की पुष्टि होने पर डीएम पवन अग्रवाल ने ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दिया। साथ ही ग्राम प्रधान के अधिकारों एवं कर्तव्यों के संचालन के लिए ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में तीन सदस्यों की कमेटी के गठन के निर्देश दिए हैं।

शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार आदि ने 20 अप्रैल 2022 एवं 9 जुलाई 2022 को डीएम को शिकायती पत्र दिया था। जिसकी जांच के लिए अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग बांसी को जांच अधिकारी नामित किया गया था। जांच अधिकारी के रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत में नाबालिगों के जाब कार्ड बनाये गये हैं। उनके नाम से मस्टररोल निकाला गया है। यहां तक कि ग्राम प्रधान द्वारा स्वयं अपने बच्चों के नाम से जॉब कार्ड बनवाया गया है तथा मस्टररोल भरा गया है एवं धनराशि भी उनके खातों में अंतरित करायी गयी है। जांच आख्या में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गयी। ग्राम प्रधान ने अपनी सफाई में बताया कि उन्हें मनरेगा गाइड लाइन की कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन सचिव और रोजगार सेवक ने मनरेगा की गाइड लाइन की जानकारी होते हुए भी उनके पुत्र व पुत्री के नाम से पैसा निकाला। बताया कि जो धनराशि बच्चों के खातों में आई थी, बाद में उसे सरकारी खाते में जमा कर दिया गया है। ग्राम प्रधान ने अनुरोध किया है कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होगी। उनके दोष को माफ किया जाय।




### सचिव व रोजगार सेवक भी पाए गए दोषी

ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत उत्तर का परीक्षण कराया गया, जिसकी आख्या के अनुसार जाब कार्ड संख्या 507 पर ग्राम प्रधान की नाबालिग पुत्री कु. सुधा यादव का नाम दर्ज है जिनकी जन्मतिथि आठ मार्च 2006 है। सुधा यादव के नाम को 26 अगस्त 2022 को डिलीट कर दिया गया है। जिसके नाम पर निकले तीन मस्टररोल पर 4347 रुपये का भुगतान किया गया है। ग्राम प्रधान के नाबालिग पुत्र संतोष कुमार यादव की जन्मतिथि 15 मई 2007 है जिसको जॉब कार्ड संख्या 504 जारी किया गया है। इस जॉब कार्ड पर निकले तीन मस्टररोल पर 5712 रुपये का भुगतान किया गया है। अभिलेखों के परीक्षण से स्पष्ट हुआ है कि मनरेगा कार्यों पर नियोजित किये जाते समय दोनों नाबालिग थे। ग्राम प्रधान द्वारा के उत्तर में भी इस तथ्य को स्वीकार किया गया है। इस मामले में सचिव व रोजगार सेवक भी दोषी पाए गए हैं।

डीएम पवन अग्रवाल ने ग्राम प्रधान जगजीवन ग्राम पंचायत गोनहाताल पश्चिमी विकास खंड बांसी के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दिया है। साथ ही ग्राम प्रधान पद के उक्त अधिकारो एवं कर्तव्यों के संचालन के लिए ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से तीन सदस्यों के कमेटी के गठन का निर्णय लिया जाता है। मामले की अंतिम जांच के लिए परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को जांच अधिकारी नामित किया है।

### तत्कालीन सचिव से लिया जाएगा स्पष्टीकरण

डीएम ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिया है कि तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव कु. श्रद्धा श्रीवास्तव से मामले के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर उसका परीक्षण करने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को निर्देश दिया है कि संबंधित ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर अवगत कराएं। उन्होंने परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को निर्देश दिया है कि अंतिम जांच की कार्रवाई पूर्ण कर जांच आख्या शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो जायेगी। परीक्षा वाइस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। परीक्षा के लिए सभी बिंदुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। परीक्षा की निगरानी सीधे विश्वविद्यालय से होगी। परीक्षा में 100 छात्र-छात्रा प्रतिभाग करेंगे। सीट प्लानिंग करके परिक्षार्थियों को बैठाया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एके झा ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय वर्ष की परीक्षा को सफल बनाने के लिए तैयारी कर ली गई है। इस बार वार्षिक परीक्षा वाइस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी के निगरानी में होगी। जिसकी मानिटरिंग सीधे यूनिवर्सिटी से होगी।

## सैकड़ों पेड़ काटकर खत्म की जा रही है शहर की हरियाली

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जहां एक तरफ केन्द्र और प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण पर जोर दे रही है, हर वर्ष सरकारी पैसा खर्च कर पौधरोपड़ कराया जा रहा है। लेकिन सिद्धार्थनगर जनपद में आला अधिकारियों की नाक के नीचे ही हरे भरे पेड़ काटकर धराशाई किए जा रहे हैं। मजे की बात यह है कि जनपद मुख्यालय पर डीएम आवास और कप्तान आवास के पास ही हरियाली पर आरा चल रहा है। लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी रोकने-टोकने वाला नहीं है।

बता दें कि सड़क को फोरलेन बनाने के लिए किनारे लगाए गए हजारों पेड़ अब काटकर गिराए जा रहे हैं। सड़क बनाने के नाम पर ऐसे ऐसे बेस कीमती पेड़ काटे जा रहे हैं जिन्हें तैयार करने में सैकड़ो साल लगते हैं। जनपद मुख्यालय के साड़ी से लेकर अशोक मार्ग तक पेड़ कट जाने के कारण पूरी तरह से देखने में उजाड़ हो गया है, और कटान कर रहे ठेकेदार अपनी जेब को गर्म कर रहे हैं। पेड़ों को औने-पौने दाम पर बेचकर संबंधित अधिकारी के भी कमीशनबाजी से जेब भर रहे हैं। इस संबंध में जब डीएफओ से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

# अभिलेखों का सही ढंग से करें रख-रखाव

गोरखपुर

**अमृत विचार।** अपर आयुक्त हरिओम शर्मा ने मंगलवार को सदर तहसील का वार्षिक मैराथन निरीक्षण किया। अपर आयुक्त सुबह 11 बजे पहुंचे और 3:30 बजे तक रिकॉर्ड रूम न्यायालय सहित अन्य संभागों में पहुंचकर रिकॉर्ड रूम में फाइलों का निरीक्षण किया। कहा कि रिकॉर्ड रूम में रखे पुराने दस्तावेजों का समय-समय पर मुआयना कराया जाए। जिससे किसी तरह की क्षति न पहुंचाई जा सके। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित तहसील के जिम्मेदार की होती है।

सदर तहसील प्रशासन को वसूली प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया, जिससे बड़े बकायदारों से वसूली होती रहे। विभिन्न मुकदमों की फाइलों को देखा। कहा कि आदेशित फाइलों को रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रखा जाए। कहा कि विभिन्न पटलों के अंतर्गत सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय। अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से रखे। विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। न्यायालय आदि के प्रकरणों के संबंध में कहा कि इनका प्राथमिकता एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। आईजीआरएस की शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। न्यायालय में चल रहे मुकदमा के हर फाइलों पर बार कोड अवश्य पढ़ाना चाहिए। बिना बारकोड का किसी भी मुकदमे में निस्तारण नहीं होने चाहिए। भूमि संबंधी वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। कोई भी वाद 5 वर्ष से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए। अपर आयुक्त ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के नेतृत्व एवं अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना की।


सदर तहसील में अभिलेखों का निरीक्षण करते अपर आयुक्त।

## सार-संक्षेप

### बाइक चालकों को परेशान कर रहा माहू कीट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आप अगर बाइक से चल रहे हैं तो हेलमेट या चश्मा जरूर लगाएं। क्योंकि माहू कीट आंख को जख्मी कर रहे हैं। आंख में पड़ जाने के बाद आंखें लाल होने के साथ ही अन्य समस्याएं हो रही हैं। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में इस प्रकार के 10 से अधिक मरीज रोज पहुंच रहे हैं। चिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि बिना दिखाए ड्राप का प्रयोग न करें। क्योंकि यह आंख के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। मौसम में बदलाव के बाद माहू की कीट की संख्या में वृद्धि हो जाती है। दोपहर 12 बजे के बाद यह पौधों को छोड़कर उड़ान भरने लगते हैं। मौजूदा समय में बदली और धूप के बीच इनका संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। यह आंख के लिए काफी नुकसानदेह माने जाते हैं। पिछले कई दिनों से इनके प्रकोप से लोगों की आंखों को नुकसान पहुंच रहा है। आंख में पड़ने के बाद यह जख्मी कर दे रहे हैं। एकाएक पड़ने पर मिर्च जैसी चुभन होती है और देखते ही देखते व्यक्ति आंखों का मलता है। जिससे आंखें लाल होने के साथ ही सूजन भी आ जाता है। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में इस प्रकार के 10 से अधिक रोगी प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। जिनके आंख में कीट पड़ने की शिकायत है। चिकित्सक ड्रॉप देने के साथ ही नियमित चश्मा और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की सलाह दे रहे हैं। बिना सलाह के आंख में ड्रॉप डालना नुकसानदेह साबित हो सकता है।

### कुलपति ने सेल्फी पॉइंट का किया लोकार्पण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में द्विसाप्ताहिक मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को सेल्फी पॉइंट का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने सेल्फी लेकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सही मतदान कर हम सभी सशक्त सरकार के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। लोकतंत्र के रक्षार्थ युवा मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान का संकल्प लेना होगा। सेल्फी पॉइंट के लोकार्पण समारोह में कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवम शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाने की जिम्मेदारी निभानी होती है। धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन मतदाता जागरुकता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश दूबे, प्रशासनिक अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र भारती, उप कुलसचिव श्रीकांत, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस, अधिष्ठाता डॉ.विमल दूबे, डॉ.शशिकांत सिंह, डॉ विकास यादव, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ शांति भूषण हंदूर, साध्वी नंदन पाण्डेय, डॉ विन्रम शर्मा, डॉ मिनी केवी, डॉ विकास यादव समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को मांग पत्र सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

### ओटी असिस्टेंट/ड्रेसर का एंट्री ग्रेड पे बढ़ाने की मांग

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के हॉस्पिटल ओटी असिस्टेंट यूनियन के पदाधिकारियों ने महामंत्री विनोद राय के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान ओटी असिस्टेंट ड्रेसर की बहु प्रतीक्षित मांग ओटी असिस्टेंट/ड्रेसर का एंट्री ग्रेड पे 2000 करने का मांग पत्रक सौंपा। महामंत्री विनोद राय ने बताया कि भारतीय रेल के ओटी असिस्टेंट/ड्रेसर का एंट्री ग्रेड पे 2000 करने के लिए पे कमिशन में 2016 से मिला हुआ है। जिसकी मांग लंबे समय से चल रही है, उसे आज तक लागू नहीं किया गया। कहा कि ऑपरेशन थिएटर सहायक/ड्रेसर एक बहुत जिम्मेदारी भरा और महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। महामंत्री विनोद राय ने वित्त राज्य मंत्री को पत्रक सौंपकर निवेदन किया कि ऑपरेशन थिएटर सहायक ड्रेसर का एंट्री ग्रेड पे 2000 करने के लिए निर्देश जारी करने की मांग की। जिससे भारतीय रेल के सभी ओटी सहायक/ ड्रेसर को एंट्री ग्रेड पे 2000 मिल सके। महामंत्री के साथ पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, देवेश सिंह तथा भारतीय रेलवे हॉस्पिटल ओटी सहायक संगठन के अध्यक्ष खजांची शाह, राजन जी, राकेश सिंह, मनीष कुमार, शमशेर सिंह, सतीश चंद, नीरज यादव, नीलांबर सिंह इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतें सुनीं और संबंधित को निस्तारण का निर्देश दिया। पुलिस कार्यालय में एसपी ने मंगलवार को जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 04 भूमि, 09 मार-पीट, व 04 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## रूस में युवा महोत्सव में प्रतिभाग करेंगी अंजलि

सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार।** रूस में आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए बुद्ध भूमि की होनहार बेटी अंजली सचान को आमंत्रण मिला है।

जनपद निवासी एवं विकास क्षेत्र बर्डपुर के परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका सावित्री चौधरी ने बताया कि उनकी पुत्री अंजली सचान राजस्थान के वनस्थली विद्यापीठ में जीव विज्ञान विषय में डाक्ट्रेट की पढ़ाई कर रही है। फ्रैंच भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स कर रही अंजली को विश्व युवा महोत्सव में रूस जाने का आमंत्रण कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मिला है, जिससे उनके पिता रविन्द्र चौधरी सहित पूरे परिवार एवं शुभचिन्तकों में ख़ुशी की लहर है। विश्व युवा महोत्सव युवा विमर्श पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जो इस बार रूस के सोची शहर में आयोजित किया जा रहा है। एक से आठ मार्च तक होने वाले इस महोत्सव में विश्व भर से लगभग बीस हजार युवा प्रतिभाग करेंगे। इस वर्ष महोत्सव का प्रमुख विषय युवा विकास अवधारणा पर आधारित है। महोत्सव में प्रतिभाग के लिए भारत के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित कुल तीन सौ साठ युवा उन्तीस फ़रवरी को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नयी दिल्ली से एक साथ उड़ान भरेंगे। अंजली अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और परिजनों के साथ अपने फ्रैंच भाषा के शिक्षक डाक्टर मनीष रंजन को देते हुए युवा महोत्सव में रूस जाकर वहाँ के जनजीवन एवं संस्कृति को देखने के लिए लालायित है।

## किशोरी को नेपाल ले जा रहे युवक को दबोचा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** एस.एस.बी की सीमा चौकी खुनवा ने नाबालिग लड़की को सुरक्षित एएचटीयू पुलिस सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया। कमान्डेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक लड़का किसी नाबालिग लड़की को नेपाल ले जाने के फ़िराक में है। जिसके बाद बताए गए स्थान पर आने-जाने वाले व्यक्तियों की जांच शुरू की गई। तभी एक संदिग्ध युवक और किशोरी को पकड़कर पूछताछ की गई। लड़के ने अपना नाम सुरेश (18) निवासी गांव धरमु कॉलोनी, अलवर राजस्थान बताया। नाबालिग लड़की को शादी करने के लिए परिवार वालों को कोई जानकारी दिये बिना घर से भगाकर ले जा रहा है। लड़की के परिवार वालों से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बेटी को नेपाल न जाने देने का आग्रह किया। लड़की की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए दोनों को पुलिस को सुपुर्द किया गया।

# 5 मार्च तक संचालन रहेगा प्रभावित

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोण्डा कचहरी एवं करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के चलते गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण/नियंत्रण किया जायेगा। जिसके चलते 5 मार्च तक रेलों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान 22531/22532 छपरा कचहरी-मथुरा-छपरा कचहरी त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस, 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस, 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस, 12531/12532 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस, 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 05453/05454 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। 05092 सीतापुर-गोण्डा अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05459/05460 सीतापुर-शाहजहॉपुर-सीतापुर अनारक्षित विशेष गाड़ी, 15081 नकहा जंगल-गोमतीनगर एक्सप्रेस और 15082 गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। इसके अलावां तमाम अन्य गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन व संचालन को नियंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



### पूर्वोत्तर रेलवे के कबड्डी कोच को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 70वीं सीनियर नेशनल पुरुष कबड्डी चैम्पियनशिप-2024 अहमदनगर, महाराष्ट्र में 21 से 24 मार्च तक आयोजित होना है। जिसके लिये चैम्पियनशिप से पूर्व भारतीय रेल की कबड्डी टीम का प्रशिक्षण शिविर 01 से 20 मार्च तक करनैल सिंह स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस चैम्पियनशिप हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के कबड्डी कोच अरविन्द कुमार पाण्डेय को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। ज्ञातव्य है कि अरविन्द कुमार पाण्डेय की देखरेख में पूर्वोत्तर रेलवे की कबड्डी टीम वर्ष 2017 से लगातार अखिल भारतीय रेलवे कबड्डी प्रतियोगिता में पदक जीत रही है। श्री पाण्डेय की इस उपलब्धि पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, कबड्डी/सचिव ओंकार सिंह तथा सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

श्रद्धांजलि

**शहीद दिवस पर दिशा छात्र संगठन ने 'चन्द्रशेखर आज़ाद की विरासत और उनकी प्रासंगिकता' विषय पर की परिचर्चा**

# शोषण व भेदभाव रहित समाज चाहते थे चंद्रशेखर आजाद

गोरखपुर

**अमृत विचार।** दिशा छात्र संगठन की ओर से शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद के शहादत दिवस पर मंगलवार को पंतपार्क में 'चन्द्रशेखर आज़ाद की विरासत और उनकी प्रासंगिकता' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

दिशा छात्र संगठन के अंजली ने कहा कि 27 फरवरी को ब्रिटिश उपनिवेशवादियों से जंग लड़ते हुए महान युवा क्रान्तिकारी और हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कमाण्डर चन्द्रशेखर आज़ाद इलाहाबाद के तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क में शहीद हो गए। चन्द्रशेखर आज़ाद की ब्रिटिश उपनिवेशवादियों से बहादुरी भरी लड़ाई और उनकी शहादत से देश के सभी लोग परिचित हैं। लेकिन जिस समाज को बनाने के लिए आज़ाद और उनका संगठन लड़ रहा था उससे देश की बहुत बड़ी आबादी परिचित नहीं है। भूरे सत्ताधारियों ने भी क्रान्तिकारियों के विचारों को दबाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

चन्द्रशेखर आज़ाद ऐसा समाज बनाना चाहते थे जहां हर तरह का शोषण ख़त्म कर दिया जाय। सत्ता पर मेहनतकश वर्ग काबिज हो। जातिगत भेदभाव-उत्पीड़न, स्त्रियों का उत्पीड़न व धार्मिक झगड़ों का नामोनिशान न हो। धर्म का राजनीति से पूर्ण पृथक्करण हो।

कहा कि चन्द्रशेखर आज़ाद के इन विचारों पर पर्दा इसलिए डाला जाता है क्योंकि आज़ादी के बाद जो व्यवस्था बनी वह इन शहीदों के सपनों के विपरीत है। देश की जनता शिक्षा, चिकित्सा, रोज़गार, आवास आदि बेहद बुनियादी अधिकारों से वंचित है। देश के भविष्य कहे जाने वाले नौजवान रोज़गार की तलाश में मारे-मारे फिर रहे हैं। बेरोज़गारी की मार से युवा परेशान है। जबकि राज्य व केन्द्र सरकार में लाखों पद खाली पड़े हैं। स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, आवास, परिवहन आदि कामों में अगर सरकार निवेश करे तो न केवल लोगों की बुनियादी ज़रूरतें पूरी होंगी बल्कि करोंड़ो रोज़गार भी पैदा होंगे। दिशा छात्र संगठन देश के ज़िन्दादिल, बहादुर और न्यायप्रिय युवाओं का आह्वान करता है कि आइए मिलकर देश को एक नयी दिशा दें। कार्यक्रम में अदिती, विष्णु, चन्दा, कमलेश, खुशी, माया, निशा, विद्यानंद, प्रदीप आदि शामिल हुए।


चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर परिचर्चा करते छात्र संगठन के कार्यकर्ता।

## बरात में आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के चित्तापुर गांव में बरात में आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जिसके चलते मांगलिक कार्यक्रम के बीच मातम पसर गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चित्तापुर गांव निवासी मंगरू के बेटी, शिंपी की शादी श्रावस्ती जिले के लालपुर निवासी अन्नू के पुत्र अंकित से तय हुई थी। लड़की की मां सुनीता ने बताया कि रविवार को बरात आई थी, इसी बरात में राजेश साहनी उर्फ सोनू (20) भी बाइक से आया था। रात में खाना खाने के बाद सभी बराती यहीं सो गए। सुबह सोनू बिस्तार में मृत अवस्था में पड़ा मिला।

# 19 बालिकाओं के परिजनों को मिला बधाई पत्र

कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम

**कपड़े, मिठाई, बेबी किट व केक का किया गया वितरण**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालय में बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी की उपस्थिति में किया गया। जिसमें 19 बालिकाओं के परिजनों को बधाई पत्र, कपड़े, मिठाई, बेबी किट व केक का वितरण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित जन-सामान्य महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त करने के लिए सरकारी योजनाओं का संचालन व लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बेटियों को सशक्त किये जाने के क्रम में संयुक्त जिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एके चौधरी द्वारा भी उपस्थित लोगों को बताया गया कि बेटियों को बोझ न समझें, उनको जन्म लेने का पूरा अधिकार है। यदि कोई भी व्यक्ति भ्रूण हत्या कराता है तो यह कानूनन अपराध है और उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। बधाई पत्र, कपड़ा और मिठाई, बेबी किट पाकर व जानकारी प्राप्त कर सभी जन-सामान्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी व उनके पिता सिद्धनाथ तिवारी, डॉ. एके चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिला कल्याण अधिकारी रागिनी मिश्रा, डॉ. रूची पाण्डेय व अस्पताल के अन्य स्टॉफ, राधिका मिश्रा जिला समन्वयक, साक्षी मिश्रा व स्टॉफ नर्स कल्पना त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।


संयुक्त जिला चिकित्सालय में परिजनों को बधाई पत्र वितरित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी व अन्य। अमृत विचार

# बिजली बिल के आरसी की डिटेल नहीं दे सके अमीन

## दूसरे दिन मंडलायुक्त ने धनघटा तहसील का किया निरीक्षण, अमीनों को लगाई फटकार

**राजस्व निरीक्षकों को लम्बित कार्यों को समय से पूरा करने और अभिलेखों को दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जनपद संतकबीरनगर भ्रमण के दूसरे दिन मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने मंगलवार को धनघटा तहसील का निरीक्षण किया। कमियां देख उन्होंने जिम्मेदारों को नसीहत देते हुए कड़ी फटकार लगाई तथा अपने आदतों में सुधार लाने का निर्देश देते हुए कागजातों को पूरा करने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त अखिलेश सिंह मंगलवार को धनघटा तहसील पर पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले अभिलेखागार कक्ष में पहुंचकर अभिलेखों के रखरखा को देखा। जिस पर उन्होंने संतुष्टि जाताई। फिर खतौनी कक्ष में पहुंचे और खतौनी कक्ष में मौजूद लोगों से जानकारी हासिल किया। उन्होंने हर कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद मण्डलायुक्त अमीनो के कक्ष में पहुंचे। उन्होंने अमीनो से बिजली बिल की आरसी के बारे में जानकारी चाही। दिलीप पुत्र रामधनी के नाम से एक लाख की आरसी कटी थी, लेकिन उसके बारे में अमीन ठीक से जानकारी नहीं दे पाए। इसी तरह से पूर्णमासी पुत्र बटोही के नाम से 5.78 लाख की आरसी काटी थी लेकिन उसका भी सही जवाब अमीन नहीं दे पाए। एक अमीन के जींस की पैंट पहने हुए मिलने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि शासन के नियम के अनुसार सबको कपड़े पहनना होगा। फिर निर्वाचन कक्ष व राजस्व निरीक्षक के कक्ष में पहुंचे जहां उन्होंने पैमाइश के बारे में राजस्व निरीक्षकों से जानकारी चाही लेकिन सही जानकारी राजस्व निरीक्षक नहीं दे पाए। जिस पर उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि हर बिंदु पर जानकारी रखना जरूरी है। समय से जानकारी न मिलने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई भी हो सकती है। ग्राम नावन खुर्द के शिव मूरत बनाम मेहरुन्निसा के सम्मन रिसीव न होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल सम्मन को रिसीव करवाने का निर्देश दिया।

इसके बाद उन्होंने पूर्ति निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया जहां तिनहरी और पारा मे कोटे की दुकान का चयन न होने के कारण उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को तत्काल कोटे की दुकान को प्रस्तावित कार्यवाही पूरी करने का निर्देश दिया। इस मौके पर तहसीलदार योगेंद्र पांडेय, नायब तहसीलदार हरिराम यादव, बागीश मिश्र, हरीश मिश्र समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


धनघटा तहसील का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह। अमृत विचार

# मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनावों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस लिया है। छोटी-बड़ी सभी तैयारियों पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की सीधी निगाह है। सूत्रों के मुताबिक चुनाव अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही सभी कील कांटे दुरुस्त कर लेना चाहते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को महुली थानाक्षेत्र के पण्डित सूर्य नारायण चतुर्वेदी महाविद्यालय नाथनगर, पंडित अंबिका प्रताप नारायण किसान इन्टर कॉलेज हरिहरपुर और पंडित अम्बिका प्रताप नारायण स्नाकोत्तर महाविद्यालय हरिहरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा किया। प्रभारी निरीक्षक महुली को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


मतदान केंद्रों पर तैयारियों की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता।

# सड़क के लिए मतदान बहिष्कार का ऐलान

**विकास खंड के चार गांवों के लोगों ने दी धमकी**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मेंहदावल विकास खंड के टिकरा, झलवा, हरिजन बस्ती मरवटिया गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहर सड़क नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगाकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इन गांवों में सड़क कभी बनी ही नहीं है। इसकी शिकायत उन्होंने कई बार जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी से किया। तमाम बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी सड़क को बनवाने की गुहार लगाई लेकिन उनकी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते सड़क आज भी कच्ची पड़ी है। गांव के प्रवेश द्वार पर एक बैनर लगाया गया है, जिस पर लिखा है कि 'जन जन की यही पुकार अबकी बने सड़क हमार,। 'सड़क नहीं बनाओगे तो वोट नहीं पाओगे, ये कैसा विकास है'। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गांव की सड़क नहीं बनी तो वे 2024 के चुनाव का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेंगे। समाजसेवी फौजदार मौर्य ने कहा कि अगर सड़क नहीं बनी तो सभी ग्रामीण लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# प्रभु के स्मरण मात्र से कट जाते हैं सभी पाप : भारद्वाज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय के बनियाबारी मोहल्ले में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन अयोध्या धाम से पधारे ख्यातिलब्ध कथा व्यास आचार्य पं. विद्याधर भारद्वाज ने कहा कि भगवान के स्मरण करने मात्र से सभी पाप कट जाते हैं। श्रोताओं सजीव झांकी का दर्शन, सोहर और मंगल बधाइयों से पंडाल गुंजयमान हो उठा। इस अवसर पर मुख्य यजमान कमला पाण्डेय, आयोजक रतेंद्र पांडेय उर्फ लकी, सभासद बब्बन पाण्डेय सहित सैकड़ो श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक कुमार पाण्डेय ने पहुंच कर व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पेड़ की डाल से लटकता मिला युवक का शव

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** दुघरा तिवारी गांव से पूरब तरफ स्थित बागीचे में महुआ की डाल में जूट की रस्सी से गले में फांसी लगाकर लटके एक युवक का शव लोगों ने देखा तथा घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दिया। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान किया। मृतक की पहचान 21 वर्षीय संदीप कुमार उर्फ गोलू पुत्र संतराम निवासी ग्राम जिगिना टोला शीतल पुरवा के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक संदीप कुमार पंजाब के लुधियाना में रहकर किसी कम्पनी में सेल्समैन का काम करता था। बीते 29 जनवरी को वह अपने बड़े भाई दीपक के साथ घर वापस आया था। सोमवार की शाम लगभग 7 बजे वह घर से निकला था। सुबह होने पर गांव से पश्चिम 300 मीटर दूरी पर बगीचे में महुआ के पेड़ से लटका उसका शव मिला। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मृतक का मोबाइल खोलेगा राज :** मृतक संदीप कुमार सोमवार की शाम को किसके बुलावे पर घर से गया! रात में किन लोगों से मिला! गले में फंदा लगाने के लिए उसके पास रस्सी कहां से आई ये सवाल फिजां में तैर रहे हैं। घटना की गुत्थी सुलझाने में युवक की जेब से बरामद मोबाइल पुलिस के लिए बड़ा हथियार साबित हो सकती है।

## एक नजर

### कोटेदारों का पांच मार्च से शुरू होगा प्रशिक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** तहसील उतरौला के चारों विकास खण्डों के कोटेदारों का ई वेइंग मशीन चलाने का प्रशिक्षण तहसील उतरौला में पांच मार्च से शुरू होगा। यह जानकारी पूर्ति अधिकारी उतरौला ने देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार तहसील उतरौला क्षेत्र के सभी कोटेदारों को सरकारी राशन ई वेइंग मशीन पर तौल कर वितरित की जाएगी। ई वेइंग मशीन की आपूर्ति कोटेदारों को की जा रही है। ई वेइंग मशीन चलाने का प्रशिक्षण पांच मार्च से शुरू होगा। प्रथम प्रशिक्षण विकास खण्ड उतरौला, रेहरा बाजार व गैडास बुजुर्ग का होंगा। छ मार्च को विकास खण्ड श्रीदत्तगंज व उतरौला नगर पालिका परिषद क्षेत्र के कोटेदारों का प्रशिक्षण होंगा।

### एएसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंगलवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई।

### मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण में हुआ नि:शुल्क इलाज

**सादुल्लाह नगर, बलरामपुर, अमृत विचार।** रेहरा बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शिविर में जिला मुख्यालय से आये साइकियाट्रिक नर्स दिलीप कुमार, एम एंड ई आफिसर नासिर खान,डेंटल हाईजिनिस्ट डा कुसुम, जाकिर हुसैन, डा केडी गौतम ने शिविर में आए हुए मरीजों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव व दवाएं दी। डेंटल हाईजिनिस्ट डा कुसुम द्वारा 45 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 23 दांत रोग से ग्रस्त मरीज पाए गए। गंभीर मानसिक रोग से ग्रस्त 11 मरीज पाए गए। सामान्य मानसिक विकार के 28 मरीज पाए गए। सभी मरीजों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिया गया।इस अवसर पर बीपीएम शैलेन्द्र यादव, बीसीपीएम अरूण चैधरी,वीपी सिंह मौजूद रहे।

### हॉकी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 29 को

**संतकबीरनगर।** उप क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है कि आगामी 6 से 11 मार्च तक अयोध्या में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका वर्ग हॉकी प्रतियोगिता के लिए जनपद और मण्डल स्तरीय चयन व ट्रायल्स की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रदेश स्तरीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता बालिका वर्ग का आयोजन आगामी 29 फरवरी को सुबह 10 बजे से मा. कांशीराम जी स्पोर्ट्स स्टेडियम संतकबीरनगर में और 1 मार्च को मंडल स्तरीय चयन व ट्रायल्स क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्टस स्टेडियम बस्ती मे लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 6 से 11 मार्च तक जनपद अयोध्या में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स मा. कांशीराम जी स्पोर्ट्स स्टेडियम संतकबीरनगर और मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स को क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्टस स्टेडियम बस्ती मे लिया जायेगा। अत: इच्छुक खिलाड़ी जिला खेल कार्यालय संत कबीर नगर में सुबह 10 बजे चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## सार-संक्षेप

### गांवों में फूलों की खेती करें प्रोत्साहित : बीडीओ


विकासखण्ड उतरौला सभागार में आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी।

**श्रीदत्तगंज, अमृत विचार।** विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र में फूलों के उत्पादन को बढ़ावा देने को लेकर किसानों की चयन के लिए सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन ने फूलों की बढ़ती मांग को देखते हुए गांवों में फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया है। शासन के मंशा के अनुसार विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र में किसानों को फूलों की खेती करने के लिए चयन करने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने सभी ग्राम पंचायत अधिकारी को दे रखा था। इस योजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए सभागार में अधिकारियों की बैठक की गयी और जल्द से जल्द योजना को परवान पर चढ़ाने का निर्देश दिया।

### सपाइयों ने बागी विधायक का जलाया पुतला


बागी विधायकों का पुतला दहन करते सपा कार्यकर्ता।

**धनघटा, संतकबीरनगर।** राज्यसभा चुनाव के मतदान में रायबरेली के ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज समेत समाजवादी पार्टी के जिन विधायकों ने किसी लालच या सीबीआई और ईडी के खौफ में पार्टी से गद्दारी किया उन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। उक्त बातें सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष विश्वा यादव ने धनघटा चौराहे पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मनोज पाण्डेय को विधानसभा का मुख्य सचेतक बनाया था। लेकिन मनोज पाण्डेय ने सपा मुखिया की पीठ में खंजर घोंपने का काम किया है। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी से बगावत करने वाले विधायकों का पुतला जलाया और उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाया। उनका कहना था कि सपा कार्यकर्ता सत्ता के आगे डरने या झुंकने वाले नहीं हैं। चाहे कुछ भी सहना पड़े पार्टी के लिए तैयार रहेंगे। इस मौके पर सोनू, वरिष्ठ नेता असद मेहताब के साथ दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मार्च तक कर टैक्स न जमा करने पर आरसी की कार्रवाई संभव


बैठक में शामिल पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पालिका परिषद के सभागार में अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के अध्यक्षता में मेगा बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका कार्यालय के समस्त पटल सहायक की 10 बजे से 11 बजे तक, सफाई विभाग के समस्त सफाई नायक सफाई कर्मी, सब साहब पटल सहायक खाद निरीक्षक 11 बजे से 12 बजे तक, जलकल विभाग के पटल सहायक,पथ प्रकाश विभाग के पटल सहायक अवर अभियंता जल का 12 बजे से 1 बजे तक व राजस्व विभाग के कर वसूलीकर्ता,पटल सहायक कर निरीक्षक राजस्व निरीक्षक 2 बजे से 3 बजे तक आयोजित हुई। हाजिरी के अनुसार वेतन,खाली कर्मचारियों को कार्य का विभाजन, नालों नालियों आदि के अतिक्रमण सूची तैयार करना,दाखिल खारिज की पूर्ण प्रक्रिया का करने पर विचार,हाई माक्र्स खराब ठीक करना,पोल पर ही लाइट लगाई जाए,पेंशन के भुगतान शीघ्र कागजात पूर्ण करना,नगर पालिकाओं के दुकानों के समुद्रीकरण,रेवाड़ी पटरी हेतु आठ योजनाओं को दिलाने,1 मार्च से मानसून तक सभी नालों-नालियों की व्यापक स्तर पर सफाई के निर्देश दिए गए। बैठक में कर अधिकारी साधना सिंह,कर निरीक्षक हर्षित मिश्रा, सफाई निरीक्षक बहुरन सिंह, डीपी सिंह बैस,गौरव मिश्रा, अरविंद सिंह, रामेश्वर यादव उपस्थित रहे।

### डॉ. उदय प्रताप ने छात्रों को वितरित किया स्मार्टफोन


छात्रों को स्मार्टफोन वितरित करते डॉ. उदय।

**संतकबीरनगर।** सूर्या ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने मंगलवार को पं. अम्बिका प्रताप नारायण पीजी कालेज के 1272 छात्र छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया। स्मार्ट फोन मिलते ही छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बताते चलें कि प्रबन्ध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में लगातार स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम चला रहे हैं। मंगलवार को पंडित अंबिका प्रताप नारायण पीजी कॉलेज डुमरी हरिहरपुर में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर 1272 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया गया। डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने सभी छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन के तकनीकी संसाधन उपलब्ध होने पर उन्हें बधाई दिया। डॉक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान दौर की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रविंद्र यादव, ब्रह्मानंद पांडेय, सुशील कुमार, संतोष कुमार, राजपाल यादव समेत तमाम शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

रखें ध्यान

**सीएचसी, पीएचसी और प्राइवेट क्लीनिकों में मरीजों की जुट रही भीड़**

# बदलते मोसम में बुखार, खांसी व जुकाम कर रहा परेशान

**गौरा चौराहा, बलरामपुर, अमृत विचार।** एकाएक मौसम बदल गया है। सर्दी खत्म हो रही है और गर्मी का पारा चढ़ने लगा है। इस बदलते मौसम ने लोगों को बुखार और खांसी से ग्रस्त कर दिया है। जुकाम भी ज्यादा परेशान कर रहा है। सीएचसी और पीएचसी या फिर प्राइवेट क्लीनिक सभी जगह मरीजों की भरमार हो गई है। गर्मी का पारा चढ़ते ही सर्दी खत्म हो गई है। दिन हो या रात गर्मी का तापमान एकाएक बढ़ता ही जा रहा है।

इस बदले हुए मौसम ने लोगों को बीमार कर दिया। बुखार और खांसी से तो पीड़ित हो रही रहे हैं। उसके साथ जुकाम भी पीछा नहीं छोड़ रहा है। गौरा चौराहा क्षेत्र के नंद नगर थटिया स्थित अस्पताल में मंगलवार को सैकड़ों लोगों का उपचार चिकित्सकों ने किया। इनमें बदलते हुए मौसम से पीड़ित अधिक थे। वहीं शनिवार और रविवार का अवकाश होने की वजह से ज्यादा संख्या में मरीज उपचार कराने के लिए पहुंचे। चिकित्सक की ओपीडी में सबसे अधिक लोगों का उपचार किया गया है। अधीक्षक डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि ओपीडी में सभी चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज किया है। बुखार, खांसी और जुकाम से पीड़ित मरीज अधिक थे।

मंगलवार दोपहर 2 बजे तक 98 मरीज देखे जा चुके हैं। अस्पताल में दस परमानेंट व आठ संविदा कर्मी सहित कुल 18 स्टाफ है। इसमें दो डॉक्टर ओमनाथ राव व सुमित कुमार, डीएस शुक्ला, चीफ फार्मासिस्टए एसपी सिंह, माधव वर्मा, फार्मासिस्टए राजेश मिश्रा, मीनाक्षी एलटी, गौरव श्रीवास्तव एसटीएस, पूजा पांडे, पिंकी, सविता स्टाफ नर्स, रिंकू यादव एएनएम, आशा देवी, राजेंद्र पांडे एनएमएस सहित स्टाफ मौजूद रहे।


गौरा चौराहा स्थित अस्पताल में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

# मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**परिसर चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों से किया सम्पर्क**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ख़लीलाबाद स्थित समय माता मन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। बताते चलें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 25 से 28 फरवरी तक तहसील प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

ख़लीलाबाद तहसील के अंतर्गत समय माता मन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रान्त विकासार्थ विद्यार्थी संयोजक निखिल गुप्ता मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि अभाविप देश समाज और छात्रहितों के लिए कार्य करने वाला छात्र संगठन है। आज अभाविप ने समाज के विभिन्न क्षेत्रो में ऐसे मानदंड स्थापित किया है जो समाज के लिए अनुकरणीय हैं। विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि द्वारा अभाविप जल, जंगल, जमीन, जानवर और जन के लिए निरंतर गतिमान है। जिला संगठन मंत्री आलोक मिश्र ने कहा कि तहसील प्रवास के अंतर्गत अभाविप के कार्यकर्ता सामाजिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों को परिसरों में अधिक से अधिक आने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर कृपाचार्य पाण्डेय, आनन्द प्रजापति, प्राची सिंह, समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


समय माता मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाते अभाविप कार्यकर्ता। अमृत विचार

## एक नजर

### पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, अयोध्या में राम मंदिर होने पर बनाया गया स्मृति सिक्का व 'एक जिला एक उत्पाद' में बनाई गई गणेश की मूर्ति भेंट की।

### संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे निर्वाचन अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी अपने गृह जिले के संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश समेत देश भर की राज्य सरकारों को इस सिलसिले में निर्देश जारी किया है। आयोग ने चुनाव से पहले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# एक परिवार की तीन फर्मों को काम देने की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ जांच कमेटी की अध्यक्ष ने अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की फर्मों को काम देने के मामले की जांच होगी। शासन के निर्देश पर निदेशक उपचार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पड़ताल शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में शामिल लखनऊ समेत अन्य मंडलों के अपर निदेशकों से शिकायत में शामिल आरोपों को लेकर बिंदुवार एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निर्बल समाज उत्थान समिति, फरूखाबाद ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की तीन फर्मों को काम दिया जा रहा है। तीन फर्मों के प्रोपराइट एक ही परिवार के हैं। इन फर्मों में मेसर्स लखनऊ ऑप्टिकल एंड सर्जिकल कंपनी व सरस्वती इंटरनेशनल और कंसोल्ट लैब्रोटरी शामिल हैं।

इन तीन फर्मों को ही टेंडर में शामिल कर स्वास्थ्य विभाग में सिंडीकेट के तहत काम हो रहा है। उक्त शिकायत को लेकर स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक विजय कुमार राजभर ने शासन में पत्र प्रेषित किया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

कमेटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने लखनऊ, गोरखपुर, देवीपाटन, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती मंडल के चिकित्सा स्वास्थ्य के अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द आख्या व पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

**तीन सदस्यीय कमेटी :** निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. शालिनी गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी में, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीपी सिंह कल्याणी व संयुक्त निदेशक भंडार डॉ. राजेश कटियार शामिल हैं।

### 15 जिलों के 17 नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होंगे शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। विभिन्न जिलों में नवनिर्मित 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए राज्य सरकार ने डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये गये हैं। एक सीएचसी में आधा दर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 16 पैरामेडिकल स्टाफ के पद सृजित करते हुए कुल 270 पद घोषित किये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि नियमानुसार हर सीएचसी में एक फिजीशियन बतौर चिकित्साधिकारी, एक सर्जन, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक –एक एनेस्थेटिक, रेडियोलॉजिस्ट व दंत चिकित्सक का पद निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो फार्मासिस्ट व तीन स्टाफ नर्स के अलावा, एक्स–रे टेक्नीशियन, डेंटल हाईजिनिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ सहायक व डार्करूम सहायक का एक–एक पद सृजित किया गया है। इस प्रकार एक सीएचसी में 16 पद सृजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि महराजगंज के चौक सीएचसी व बहराइच में बरदहकला सीएचसी में फार्मासिस्ट के दो पद पूर्व सृजित हो चुके हैं।

# मतदान से पहले सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत



विधान भवन में राज्यसभा चुनाव में मतदान करने जाते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य विधायक। अमृत विचार

▸▸ सपा के सात विधायकों ने किया भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई।

मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

#### मतदान के खास दृश्य

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के विधायक जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि इंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रूकी रही।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है।

मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं।

जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस न देने वाले परीक्षा से होंगे वंचित

## स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने कॉलेज प्रबन्धकों को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मार्च माह से बायोमेट्रिक उपस्थिति ही होगी मान्य

▸▸ रोज मेडिकल फैकल्टी के पोर्टल पर करना होगा

**अमृत विचार:** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है। जो कि लापरवाही की श्रेणी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्मित पोर्टल पर रोजाना उपस्थिति अपलोड की जानी है। आगामी मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है, फिर भी कोई बायोमेट्रिक नहीं कराता है तो ऐसे छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने का मौका नही दिया जायेगा।

इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में बायोमेट्रिक नहीं है, तत्काल स्थापित किये जायें। ताकि मांग के अनुरूप बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान में इस बाबत की गई कार्रवाई से 15 मार्च तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय को अवगत कराया जाये।

#### समिति का मतदान स्थगित

**अमृत विचार :** उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की निर्वाचित शासी समिति में रिक्त पदों के लिए एक मार्च 2024 को प्रस्तावित मतदान अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

# एनएचएम संविदा कर्मियों के बेवजह नहीं होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर तबादला न करने के आदेश दिए

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संविदा कर्मचारियों के तबादले अधिकारी अपने स्तर से न करें। निर्देश के बावजूद जिलास्तर पर स्थानानंतरण होने की सूचना मिलेगी तो ऐसा करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारी (जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष) और सभी सीएमओ (जिला स्वास्थ्य समिति के संयोजक) को निर्देश जारी कर दिये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के तबादलों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहाकि इस मसले पर कई जिलों से शिकायत मिल रही है। इस पर तुरंत रोक लगाई जाये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में एनएचएम की योजनाओं को गति बनाने में प्रयास किये जा रहें हैं। इसमें संविदा कर्मचारियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संविदा कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी यदि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का तबादला करते हैं। उसके बाद यदि कोई वाद या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिलों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए लागू मानव संसाधन नीति, गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाये। इसमें किसी भी तरह हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 90 हजार करोड़ का हुआ निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश में डाटा पार्क्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 90 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। यह निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में होने वाले कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का आठ प्रतिशत से ज्यादा है। इसके जरिए प्रदेश में एनआईडीपी डेवलपर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर और जैक्सन लिमिटेड जैसे बड़े समूह कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं।

डाटा दिग्गज कंपनी योट्टा 30, हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, जिसके माध्यम से एक कैपिटल इंटेंसिव डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर किया जा रहा है जो 2160 व्यक्तियों को रोजगार देगा। इसी तरह, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रा. लि. 1850 करोड़ रुपए का डाटा सेंटर स्थापित करने में निवेश कर रही है। इसमें 160 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, नोएडा में 500 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक डेटा सेंटर बनेगा। जैक्सन ग्रुप भी यीडा क्षेत्र में 1560 करोड़ रुपए निवेश कर एक डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रही है।

#### एआई और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग परियोजनाओं की भी शुरुआत

एडवर्ब इकोटेक ग्रेटर नोएडा में स्वचालित रोबोट और सामग्री हैंडलिंग प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सुविधा स्थापित किया जायेगा। इसमें 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा, साथ ही 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह, भारतीय बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज नोएडा के सेक्टर –151 में इलेक्ट्रॉनिक्स–मोबाइल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें लगभग 4000 नौकरियां पैदा होंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज, 4174 करोड़ रुपए के निवेश कर लगभग 150 सरकारी आईटीआई की स्थापना करेगा।

# पुलिस विभाग के तीन हजार 144 करोड़ के निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन में पुलिस महकमें के तीन हजार 114करोड़ रूपये के 64 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 188 करोड़ा 77 लाख रूपये से प्रदेश में बने थाने और पुलिस चैकियों के प्रशासनिक, आवासीय भवनों तथा हॉस्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल तथा एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित कुल 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण भी करेगे।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बताया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण के अलावा प्रयागराज और कुशीनगर में दो पर्यटक थाने शुरू होंगे। इसके अलावा प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने, 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने के साथ-साथ आठ जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों में भी काम शुरू होगा।

प्रमुख सचिव गृह के मुताबिक शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, दो एसटीएफ, 21 पुलिस थाना और 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 3 थाना के प्रशासनिक भवन, 6 थाना के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 5 एटीएस के फील्ड यूनिट कार्यालय एवं सात अन्य विविध कार्यो का लोकार्पण करेगे।

#### बेहतर सुविधा को मिले 48 करोड़ 35 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति दी है।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने की बाबत अनावसीय भवनों के निर्माण को 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी–ए के 6 एवं श्रेणी–बी के 9 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये, बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल–बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण को एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये, बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल–बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रूपये दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव (गृह) ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा है। उन्होंने चेतावनी है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

# संतकबीर नगर: डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति व जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे।

बैठक में उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा ने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की सूची विभागवार प्रस्तुत किया। जिस पर डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार परक योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया।

बैठक में डीएम ने अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित किया कि उद्योग विभाग की उपरोक्त तीनों योजनाओं में सम्बन्धित बैंको में लम्बित आवेदन पत्रों का फॉलोअप करते हुए एक सप्ताह के अन्दर उपायुक्त उद्योग को प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत प्राप्त एमओयू और जीबीसी के लिए तैयार प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गई। जिसमें बैठक में उपस्थित उद्यमी मित्र विशाल श्रीवास्तव को निर्देशित किया गया कि समस्त प्राप्त एमओयू के अन्तर्गत जो धरातल पर उतरने वाले हैं और ऐसे एमओयू जिनकी वित्तीय, भूमि और बिजली आदि से सम्बन्धित समस्या हो सभी का निरीक्षण कर एक सप्ताह के अन्दर उपायुक्त के माध्यम से अवगत कराएं।

समीक्षा में डीएम ने निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदन पत्रों का प्रथम स्टेज व द्वितीय स्टेज से वेरिफिकेशन कराकर समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदनोपरान्त आवेदन पत्र अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संत प्रसाद ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर अवशेष 132 ग्राम प्रधानों का आनबोर्डिंग कराना सुनिश्चित करें।

### गैंगस्टर के दोषी को दो साल की कैद

**बाराबंकी अमृत विचार :** गोकशी के दोषी गैंगस्टर को अदालत में मंगलवार को 2 साल के साधारण कारावास तथा पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। सुबेहा थाने पर 9 फरवरी को निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने तौकीर निवासी जगदीश का पुरवा मजरे सिधियावां थाना सुबेहा के विरुद्ध गोकशी करके आर्थिक लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी।

## सार-संक्षेप

### माता मंदिर पोखरा बनेगा पिकनिक स्पॉट: डीएम

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर स्थित ऐतिहासिक समय माता मंदिर पोखरे को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में कार्य कराया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि पूर्व में ही पोखरे के सुंदरीकरण के लिए लगभग 3 करोड़ रुपए का कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। जिससे वर्तमान में घाट और नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि विनियमित क्षेत्र के अवस्थापना निधि से 50 लाख रुपए और स्वीकृत किये गए हैं। इसके अतिरिक्त PPP मॉडल की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि समय माता मंदिर पोखरे का सौंदरीकरण और आसपास पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किए जाने की योजना में वेंडिंग जोन, एसएचजी मार्ट, ओपेन जिम, किड्स प्ले जोन, योगा प्वाइंट, हर्बल वाटिका, लाइब्रेरी कम रीडिंग रूम, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, वाटर एटीएम सहित पार्किंग स्थल भी बनाए जाने की योजना है।

### संतकबीर नगर में एडीजी जोन ने किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** एडीजी जोन डॉ के.एस. प्रताप कुमार ने मंगलवार को जनपद मुख्यालय स्थित ब्लूमिंग बड्स स्कूल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान जिले में जो गैर जनपदों या सेंट्रल फोर्स आएगी उसे इसी परिसर में ठहराया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता और पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह के साथ परिसर के सभी कमरों, शौचालयों, सीढ़ियों समेत अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। परिसर में ज्यादातर सुविधाएं मौजूद मिलने पर उन्होंने संस्थान के प्रबंधक की तारीफ भी किया। बाद में उन्होंने चुनाव की अन्य तैयारियों के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को तमाम जरूरी दिशा–निर्देश दिया। इस मौके पर तमाम पुलिस कर्मी और विद्यालय के संरक्षक विनय चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### दो ट्रक टकराए, खलासी की मौत, चालक घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार।** बांदा में मंगलवार की भोर लगभग चार बजे दो ट्रक आमने–सामने से टकरा गए। इसमें मौरंग लादकर हैदरगढ़ लौट रहे ट्रक के खलासी की मौत हो गयी जबकि उसका बड़ा भाई ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। वे घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लालपुर मजरे अंसारी गांव निवासी हरिश्चंद्र (35) पुत्र रामकेश हैदरगढ़ कस्बा निवासी सभासद शब्बीर राइन के यहां ट्रक चालक के रूप में काम करता है। रविवार की सुबह हरिश्चंद्र अपने छोटे भाई खलासी राजकुमार (22) के साथ ट्रक लेकर मौरंग लेने के लिए ट्रक लेकर बांदा रवाना हुआ था। मौरंग लादने के बाद मंगलवार की तड़के ट्रक से दोनों हैदरगढ़ लौट रहे। भोर में लगभग 4 बजे बांदा जनपद की सीमा में ही विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक मौरंग लदा ट्रक टकरा गया। हादसे में खलासी राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

# कक्ष में ड्यूटी करता मिला गणित शिक्षक, केंद्र व्यवस्थापक हटाए गए

संवाददाता, बहराइच

▸▸ दो केंद्र व्यवस्थापक और शिक्षक को नोटिस

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में मंगलवार को दशवीं गणित विषय की परीक्षा में एक केंद्र पर गणित विषय का शिक्षक कक्ष में ड्यूटी करते हुए डीआईओएस ने पकड़ा है। नियमों की अनदेखी पर दोनों केंद्र व्यवस्थापकों को हटा दिया गया है। कक्ष निरीक्षक को कार्यमुक्त किया गया है। सीसी कैमरे की रिकार्डिंग मांगी गई है। जिसके आधार पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी हो रही है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओ से रायपुर में संचालित निशार अहमद इंटर कॉलेज को भी बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पहली पाली में दशवीं गणित विषय की परीक्षा रही। परीक्षा शुरू होने के बाद डीआईओएस ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया। संबंधित विषय से जुड़े शिक्षकों के कक्ष निरीक्षक बनाए जाने की आशंका पर जांच की गई तो सच्चाई सामने आ गई। डीआईओएस ने तत्काल आंतरिक व बाह्य दोनों केंद्र व्यवस्थापकों संग कक्ष निरीक्षक को कार्यमुक्त कर दिया। तीनों लोगों को अलग से नोटिस जारी की गई है। जिस कक्ष में गणित शिक्षक की तैनाती की गई थी।

उस कक्ष के सीसी कैमरे की रिकाडिंग की साफ्ट कॉपी मांगी गई है। जिसकी जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। जांच में नकल की पुष्टि हुई तो कॉलेज व शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। डीआईओएस ने जिगनिया छत्रपाल के प्रिंसिपल तिलकराम को आंतरिक व गांधी इंटर कॉलेज के प्रोफेर नागेंद्र अवस्थी को बाह्य केंद्र व्यवस्थापक बनाकर केंद्र पर भेजा है।

#### 2630 ने छोड़ी गणित विषय की परीक्षा

**बहराइच।** दशवीं गणित विषय में 23868 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें 21238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। 2630 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। बारहवीं में 563 के सापेक्ष 524 ने परीक्षा दी है, 39 गैरहाजिर रहे। इसी तरह दूसरी पाली में बाहरवीं में 3566 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। 3324 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। 242 अनुपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक होगा चुनाव परिणाम : पुनिया

#### कांग्रेस की बैठक

▸▸ बेरोजगारी, महंगाई आदि मुद्दों के साथ पार्टी लड़ेगी चुनाव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी पर इण्डिया गठबन्धन का फैसला ऐतिहासिक है। आपकी मेहनत से चुनाव परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। किसान की कर्जमाफी, पुरानी पेंशन की बहाली, अन्नदाता को एमएसपी की गारण्टी, महिला सुरक्षा, रोजगार, महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा जाएगा।

ये बातें पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया ने मंगलवार को अपने ओबरी आवास पर कांग्रेस संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की चुनाव तैयारी बैठक में कहीं। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन तथा संचालन महासचिव केसी श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि बाराबंकी के संभावित कांग्रेस उम्मीदवार प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कराना पहली कोशिश होगी। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी साम्प्रदायिक शक्तियों को हराने में अपनी भूमिका अदा करें। तैयारी बैठक में आदर्श पटेल, राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया। अमृत विचार

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूँ (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मंसूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देसी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राजमा सफेद 13000-14000
राजमा काला 11500-12500

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800
तेल सरसों (15 ली) 1475-1900।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

#### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में



भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

# वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी



अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।



# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।

### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

# बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप



कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

# बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

# जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

# राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

# मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

# मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट



आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

# आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।




### प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्हें वहां 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

### अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से है जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### थाईलैंड: भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### वीजा रैकेट में शामिल ब्रिटिश एयरवेज का कर्मचारी फरार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस अपने भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश एयरवेज (बीए) के एक कर्मचारी की तलाश कर रही है। कर्मचारी वीजा रैकेट मामले में फरार चल रहा है और कथित तौर पर भारत में है। मीडिया के मुताबिक, व्यक्ति (चौबीस वर्षीय) हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल पांच पर सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। आरोपी लोगों को बिना जरूरी वीजा दस्तावेजों के ब्रिटिश एयरवेज से यात्रा कराने के लिए प्रत्येक यात्री 25 हजार पाउंड लेता था। फरार कर्मचारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर खोज रही है।




### आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्साव।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11 .5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के




राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।

### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

● दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

### तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सड़क पर उतरे लोग...



**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी





### अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ



कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।


### सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर: जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



● बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।


**विज्ञान** इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।

# यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति

अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे



तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।